सचित्र श्री भगवती सूत्र

भाग-२

प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि



ILLUSTRATED SHRI BHAGWATI SUTRA

PART-2

Pravartak Shri Amar Muni

पंचम गणधर भगवत् सुधर्मा-स्वामी प्रणीत पंचम अंग

सचित्र
श्री भगवती सूत्र (व्याख्याप्रज्ञप्ति)
(द्वितीय खण्ड)

मूल पाठ, हिन्दी अंग्रेजी भावानुवाद, विवेचन तथा रंगीन चित्रों सहित

❖ प्रधान सम्पादक ❖

जैनधर्म दिवाकर अध्यात्म युगपुरुष

प्रवर्तक श्री अमर मुनि जी महाराज

❖ सह-सम्पादक ❖

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

पद्म प्रकाशन

पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पदमचन्द्र जी म. सा. द्वारा सम्प्रेरित सचित्र आगममाला का उन्नीसवाँ पुष्प

- [illegible]
  [द्वितीय खण्ड]

- [illegible]
  जैनधर्म दिवाकर अध्यात्म युगपुरुष
  प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी महाराज

- [illegible]
  श्रीचन्द सुराना 'सरस'

- [illegible]
  सुरेन्द्र बोथरा, जयपुर

- [illegible]
  वि स २०६३, चैत्र
  ईस्वी सन् २००६, अप्रैल


- [illegible]
  डॉ त्रिलोक शर्मा

- [illegible]
  [illegible]
  पद्म धाम, नरेला मण्डी दिल्ली- ११० ०४०


- [illegible]
  [illegible]
  [illegible]
  ए-७ अवागढ हाउस एम जी रोड, आगरा-२८२ ००२
  दूरभाष (०५६२) २८५११६५

- *मूल्य*
  छह सौ रुपया मात्र (६००/- रुपये)

Website /http/jainvision com
eMail padamprakashan@gmail com




राष्ट्रसन्त, उत्तर भारतीय
प्रवर्त्तक अनन्त उपकारी
पूज्य गुरुदेव
भण्डारी
श्री पद्मचन्द्र जी
महाराज
की
पुण्य स्मृति में
सादर सविनय भेंट




अमर मुनि
(प्रवर्त्तक)

श्रुत सेवा में सहयोग दाता



ला. किशोरचन्द जी जैन
मानसा



ला पन्नालाल जी जैन
मानसा



ला फकीरचन्द जी जैन
मानसा



डॉ. श्री के. आर. सिंगला
मानसा



श्री अरविंद सिंगला
मानसा

श्रुत सेवा में सहयोग दाता



श्रीमती सुमित्रा देवी जैन
सोनीपत



ला. शामलालजी जैन
शास्त्री नगर, दिल्ली



श्री अभयकुमार जी रेणु जैन
दिल्ली



श्री ज्ञातनंदनजी अंगूरीदेवी जैन
रोहिणी, दिल्ली



श्री कृष्ण लालजी रामप्यारी मित्तल
पद्मपुर

श्रुत सेवा में सहयोग दाता




ला श्री कबूलचन्द जी जैन
पद्मपुर



ला श्री बाबूराम जैन
(पूर्व प्रधान जैन सभा) गिदड़बाहा




डॉ श्री मौजीराम जी जैन श्रीमती पुष्पा जैन
सैनिक फार्म, दिल्ली



श्री बाबर जैन (भट्टे वाले)
मानसा



श्री राजपाल जैन
सोनीपत



श्री दिवानचद जैन
दीपक मैडीकोज, गिदड़बाहा

THE FIFTH ANGA WRITTEN BY THE FIFTH GANADHAR SHRI SUDHARMA SWAMI

ILLUSTRATED

SHRI BHAGAVATI SUTRA (VYAKHYA PRAJNAPTI)

(SECOND VOLUME)

Original Text with Hindi and English Translations, Elaboration and Multicoloured Illustrations

❖ EDITOR IN-CHIEF ❖

Jain Dharma Diwakar Adhyatma Yugapurush

Pravartak Shri Amar Muni ji Maharaj

❖ ASSOCIATE-EDITOR ❖

Srichand Surana 'Saras'

PADMA PRAKASHAN

PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-110 040

THE NINETEENTH NUMBER OF THE ILLUSTRATED AGAM SERIES INSPIRED BY UTTAR BHARATIYA PRAVARTAK GURUDEV BHANDARI SHRI PADMACHANDRA JI M S

- ILLUSTRATED SHRI BHAGAWATI SUTRA (VYAKHYA PRAJNAPTI)
  [Second Volume]

- *Editor-in-Chief*
  Jain Dharma Diwakar Adhyatma Yugapurush
  Pravartak Shri Amar Muni ji Maharaj

- *Associate Editor*
  Srichand Surana 'Saras'

- *English Translator*
  Surendra Bothara, Jaipur

- *First Edition*
  Chetra, 2063 V
  April, 2006 A D

- *Illustrator*
  Dr Trilok Sharma

- *Publisher and Distributor*
  Padma Prakashan
  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040

- *Printers & Distributor*
  Sanjay Surana
  Shree Diwakar Prakashan
  A-7, Awagarh House, M G Road, Agra-282 002
  Phone (0562) 2851165

- *Price*
  Six Hundred Rupees only (Rs 600/-)

Website /http/jainvision com
eMail padamprakashan@gmail com

प्रकाशकीय

सन् १९९२ मे हमने सर्वप्रथम श्री उत्तराध्ययनसूत्र का सचित्र हिन्दी-अग्रेजी अनुवाद के साथ प्रकाशन किया था। तब हमारा यह प्रथम प्रयास, एक नया प्रयोग था। क्योकि इसके पहले इस आगम का अग्रेजी अनुवाद तो प्रकाशित हो चुका था, परन्तु उसके विषयो को स्पष्ट करने वाले भावपूर्ण चित्रो सहित ३२ आगमो मे से किसी भी आगम का प्रकाशन नही हुआ था। हमारा यह प्रयोग शत-प्रतिशत सफल रहा। जिनवाणी के श्रद्धालु पाठको ने उसका भरपूर स्वागत किया और इसकी माँग आने लगी। प्रोत्साहित होकर उ भा प्रवर्त्तक स्वर्गीय गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म सा ने अपने विद्वान् शिष्य श्री अमर मुनि जी म को आज्ञा प्रदान की कि आगमो का अग्रेजी अनुवाद तथा चित्रो सहित प्रकाशन कार्य आप प्रारम्भ करो। अग्रेजी भाषी जनता मे आज भी ज्ञान-पिपासा अधिक है। विदेशी विद्वान् जैनधर्म की मान्यताओ को बडी गम्भीरतापूर्वक पढते है और उनसे अनेक नये-नये सत्य-तथ्य उद्घाटित करने का प्रयास करते है।

अपने पूज्य गुरुदेव का मगल आशीर्वाद तथा प्रोत्साहन प्राप्त कर हमारे श्रद्धेय श्री अमर मुनि जी म ने गुरुदेव की भावनाओं को मूर्त्त रूप देने का दृढ सकल्प किया। इस कार्य मे अनेक विकल्प व बाधाएँ भी आई, परन्तु दृढ सकल्प सभी विकल्पो की दीवारे तोडता हुआ अपने लक्ष्य की ओर बढता ही चला गया। आज निरन्तर १४ वर्षों के प्रयास मे हमने १९ आगमो का सचित्र अग्रेजी भाषान्तर के साथ प्रकाशन किया है और सर्वत्र इस अभिनव कार्य की प्रशसा हो रही है। शास्त्र नाम से डरने वाले भी अब शास्त्रो को पढने लगे है। अपने घरो की लाइब्रेरी मे इसका सग्रह करने लगे है। आज 'आगम' के प्रति जिज्ञासा और जन श्रद्धा बढ रही है।

आगम प्रकाशन का यह ऐतिहासिक कार्य अब अपने लक्ष्य के निकट पहुँच रहा है। हमे दृढ विश्वास है कि हम इसी गति से प्रगति करते हुए शीघ्र ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगे।

गत वर्ष श्री भगवती सूत्र का प्रथम भाग (शतक १ से ४) तक प्रकाशित हुआ था। इस द्वितीय भाग मे शतक ५, ६, ७ तथा आठवे शतक के प्रथम उद्देशक तक लिए गये है। आगे की सामग्री तीसरे से छठे भाग तक मे सम्पन्न होने की आशा है।

इस आगम के अनुवाद आदि कार्यों मे गुरुदेव के अन्तेवासी शिष्य श्री वरुण मुनि जी पूरी निष्ठा के साथ जुडे है। साथ ही आगम साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान् श्रीचन्द जी सुराना 'सरस' तथा अग्रेजी अनुवाद करने वाले श्री सुरेन्द्र कुमार जी बोथरा भी पूर्ण मनोयोगपूर्वक जुटे है। आगममाला का यह १९वाँ पुष्प पाठको के हाथो मे प्रस्तुत करते हुए हमे प्रसन्नता है।

इसके प्रकाशन मे अनेक उदारमना गुरुभक्त सुश्रावको ने सदा की भाँति अपने श्रद्धा पुष्प समर्पित कर जिनवाणी के प्रति अपना आध्यात्मिक अनुराग तथा गुरु-भक्ति का प्रदर्शन किया है। हम उन सबके प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते है।

महेन्द्रकुमार जैन
अध्यक्ष
पद्म प्रकाशन

PUBLISHER'S NOTE

In the year 1992 we first of all published *Shri Uttaradhyayan Sutra* with Hindi and English translations At that time it was our first effort and a new experiment This is because till then only simple English translations had been published Not a single out of the 32 *Agams* was published alongwith multi-coloured illustrations vividly explaining the discussed topics Our experiment has been absolutely successful It received heartiest welcome from the readers of the Word of the Jina and the demand increased Encouraged by this, late Gurudev Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra ji M accorded permission to his able and scholarly disciple Shri Amar Muni ji M to launch the project of publication of *Agams* with English translation and illustrations The English readers have a greater thirst for ancient wisdom Even foreign scholars study Jain beliefs with great interest and seriousness They also endeavour to explore new interpretations in order to reveal hitherto unknown facts

With the pious blessings and encouragement from his revered Guru Dev, revered Shri Amar Muni ji M resolved to translate the ideas of Guru Dev into action There were many problems and hurdles on this path but the resolve never diminished and, shattering all hurdles, the work progressed as planned With unrelenting efforts of 14 years we have till date published 19 *Agams* with English translation and illustrations This path-breaking work is being praised and commended all around Those who were afraid to mention even the name of scriptures, not only have started reading them but also collecting them in their personal libraries The reverence and curiosity for *Agams* is on the increase among masses

This historical project of Agam publication is nearer its goal now We are confident that progressing with the same zeal and speed we will soon reach our goal

Last year we had published the first volume of *Shri Bhagavati Sutra* (Shatak 1 to 4) This second volume contains Shatak 5, 6, 7 complete and one Uddeshak of Shatak 8 Remaining portion of this voluminous Agam is expected to be completed in four more volumes (3 to 6)

Pujya Gurudev's able disciple Shri Varun Muni shares the responsibility of editing the *Agams* with all sincerity and devotion We are getting sincere assistance of contributing scholars and experts of *Agam* literature like Shri Shrichand ji Surana 'Saras', who has been responsible for Prakrit and Hindi portion and Shri Surendra Kumar ji Bothara, who has been responsible for English portion We are pleased to place this 19th number of *Illustrated Agam* series in the hands of our readers

Many generous and devout guru-devotees from different areas have displayed their devotion for the Guru and scriptures through their generous contributions We express our sincere gratitude for them all

—Mahendra Kumar Jain
PRESIDENT
Padma Prakashan

प्राग्वक्तव्य

जैन आगमो की स्वर्ण–मजूषा का अमूल्य रत्न है **श्री भगवती सूत्र**। यह आकार की दृष्टि से सबसे बडा आगम है। साथ ही विषयो की विविधता और रोचकता मे भी यह सबसे विशाल ज्ञान का सागर है। ज्ञान विज्ञान की विविध शाखाओ का जितना सुन्दर तथा समुचित वर्णन इस आगम मे है, वह सबसे महत्त्वपूर्ण है।

भगवती सूत्र के सम्बन्ध मे प्रथम भाग की प्रस्तावना मे मैने विस्तारपूर्वक लिखा है। अत यहाँ उसकी पुनरुक्ति करने की आवश्यकता नही है।

प्रस्तुत भाग मे हमने पचम शतक से आठवे शतक के प्रथम उद्देशक तक लिए है।

पाँचवे शतक के प्रारम्भ मे ही सूर्य के उदय, अस्त, भ्रमण आदि की चर्चा है। आधुनिक विज्ञान की मान्यता के अनुसार यह विषय विवादास्पद हो सकता है, किन्तु भारतीय ज्योतिषशास्त्र और धर्मशास्त्र सभी सूर्य को अन्तरिक्ष मे परिभ्रमण करते हुए मानते है और उनके गणित के अनुसार भी सूर्य का उदय–अस्त, ग्रहण आदि सब घटनाएँ बराबर यथासमय घटित हो रही है। इस कारण यह नही कहा जा सकता, कि वे मान्यताएँ गलत है। फिर भी इस विषय मे विवादास्पद चर्चा छोडकर हमने आगमिक मान्यता प्रस्तुत की है। इस शतक के अन्य अनेक विषय भी तत्त्वज्ञान, जीवविज्ञान, शब्द की शक्ति आदि की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं। सातवे उद्देशक मे परमाणु तथा स्कन्ध की चर्चा वर्तमान के परमाणु–विज्ञान की दृष्टि से अत्यन्त मौलिक तथा ज्ञानवर्धक है। २५०० वर्ष पूर्व भगवान महावीर ने अपने प्रत्यक्ष दर्शन के आधार पर जिस परमाणु सम्बन्धी तत्त्वदर्शन का कथन किया था, वह आज के परिप्रेक्ष्य मे अनेक ज्ञानवर्धक रोचक तथ्य प्रस्तुत करता है जो आधुनिक विज्ञान के समृद्ध कर सकते है।

छठा शतक तत्त्वज्ञान और कर्मविज्ञान की दृष्टि से विशेष पठनीय है। महावेदना, महानिर्जरा का प्रकरण आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष मार्गदर्शक है। वेदना और कष्ट के समय यदि समभाव, तितिक्षा धारण की जाती है तो तीव्र वेदना की पीडानुभूति भी उतनी कष्टदायी नही होती और कर्मनिर्जरा की दृष्टि से वह विशेष लाभप्रद सिद्ध होती है। समता का यह दर्शन जीवन मे आने वाले कष्टो की पीडानुभूति कम करके सहन करने की शक्ति जगाता है। स्वाध्याय के समय यह उद्देशक और तितिक्षा विशेष रूप से मनन करने योग्य है।

छठे शतक के पचम उद्देशक मे तमस्काय का वर्णन आज के विज्ञान द्वारा खोजे गये ब्लैक होल के साथ तुलना करने पर अनेक बातो की आश्चर्यजनक समानता प्रतीत होती है। तमस्काय का यह वर्णन प्राचीन भारतीय ग्रन्थो मे एकमात्र जैन आगमो मे ही उपलब्ध होता है। ब्लैक होल के वर्णन के साथ इसकी तुलना, इस वर्णन की यथार्थता पर प्रकाश डालती है।

सातवे शतक मे भी अनेक व्यावहारिक विषयो का बडा विशद वर्णन है। श्रमणो को आहारदान का लाभ, प्रत्याख्यान आदि मे ज्ञान व अन्तर विवेक की प्रधानता, साता वेदनीय–असाता वेदनीय कर्मबध

के कारण आदि विषय जीवन–दृष्टि को और जीवन–व्यवहार को उदात्त व निर्मल सवेदना–प्रधान करुणाशील बनाने की प्रेरणा प्रदान करता है।

आठवे शतक के प्रथम उद्देशक मे पुद्गल के तीन प्रकार, उनका परिणमन आदि की चर्चा आध्यात्मिक दृष्टि मे वैज्ञानिक दृष्टि का सपुट लिए हुए है।

अपने पाठको को एक बात विशेष रूप मे कहना चाहता हूँ कि आगमो को एकमात्र जिनवाणी के प्रति श्रद्धा की दृष्टि से न पढे, परन्तु श्रद्धा के साथ ज्ञान–पिपासा व जीवन- शोधन की दृष्टि भी रखे, तो स्वाध्याय का विशेष लाभ होगा।

सूत्र पाठ के भाषानुवाद के साथ जहॉ–जहाँ आवश्यकता हुई, वहाँ सक्षिप्त विवेचन भी हमने किया है। चूँकि बहुत से विषय बिना विवेचन किये पाठको को समझ पाना बहुत कठिन होता। आगमकार ने अनेक स्थानो पर प्रज्ञापनासूत्र का सन्दर्भ देखने की सूचना देकर विषय को बहुत ही सक्षिप्त किया है। हमने प्रज्ञापनासूत्र का वह अश सार रूप मे यहॉ प्रस्तुत कर दिया है, ताकि पाठक को प्रज्ञापनासूत्र देखे बिना ही पूरा विषय समझने मे सुविधा रहेगी।

इसके विवेचन मे मेरे द्वारा पूर्व मे किये गये भगवती सूत्र के विवेचन का काफी अश लिया है, साथ ही पण्डित घेवरचन्द जी शास्त्री का हिन्दी विवेचन भी बहुत उपयोगी बना है। आचार्य महाप्रज्ञ जी द्वारा किया गया विवेचन भी हमने सामने रखकर यथावश्यक उसका उपयोग किया है। अत उक्त सम्पादको तथा प्रकाशको के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन हमारा कर्त्तव्य होता है।

इस आगम का अनुवाद कार्य सम्पन्न होने के पश्चात् एक पृथक् भाग मे पारिभाषिक शब्द–कोश परिशिष्ट रूप मे प्रस्तुत करने का भी हम प्रयत्न कर रहे है।

इसके सम्पादन मे सदा की तरह मेरे शिष्य श्री वरुण मुनि, श्रीचन्द जी सुराना 'सरस' तथा श्री सुरेन्द्र जी बोथरा ने पूर्ण सहयोग दिया है। इसी प्रकार प्रकाशन मे भी जिन गुरुभक्तो ने अर्थ–सहयोग प्रदान किया है, उन सबके प्रति मै हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

मेरे परम श्रद्धेय गुरुदेव उ भा प्रवर्त्तक, राष्ट्रसन्त भण्डारी श्री पदमचन्द्र जी म का आशीर्वाद पद-पद पर मेरा सम्बल रहा है। मै उन परम उपकारी गुरुदेव के प्रति विनयावनत् हूँ।

आशा और विश्वास है अग्रेजी अनुवाद के साथ सचित्र भगवती सूत्र अनेक दृष्टियो से नवीनता लिए सबके लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

जैन स्थानक,
मानसा

—प्रवर्त्तक अमर मुनि
(प्रवर्त्तक)

PREFACE

Shri Bhagavati Sutra is the most precious gem in the golden casket of Jain *Agams* It is the most voluminous among the available *Agams* With its great variety of subjects and interesting narration, it is the largest ocean of knowledge The complete and vivid discussions of various branches of general and specialized knowledge available in this *Agam* enhances its value and importance

I have already written in details about *Bhagavati Sutra* in the preface to the first Volume, therefore, there is no need to repeat it here

This volume starts with fifth *Shatak* and ends at the first *Uddeshak* of the eighth *Shatak*

The fifth *Shatak* starts with the discussion about sunrise, sunset and the movement of the sun This is one of the disputed topics according to modern science But Indian astrology and religions accept the movement of the sun in the space All events including sunset, sunrise, and eclipse occur exactly as predicted by calculations on this basis Thus these beliefs cannot just be discarded as false However, we have avoided any discussion on the disputes and presented the beliefs as mentioned in *Agams* Many other topics in this *Shatak* are valuable in context of the contained original ideas and information on metaphysics, biology and acoustics The edifying discussion on ultimate particles and their clusters provides new and important information related to modern particle physics The information Bhagavan Mahavir revealed about ultimate particles with the help of his direct perception reveals interesting facts that may enrich the world of science

The sixth *Shatak* is specially important for ontological discussions and for the *karma* theory The topic of extensive suffering and extensive shedding of *karmas* is inspiring and revealing from the spiritual viewpoint If tolerance and equanimity is attained while suffering pain and affliction, even extreme agony becomes tolerable and highly rewarding in terms of shedding of *karmas* This philosophy of equanimity reduces the intensity of suffering torments and enhances the capacity to tolerate While indulging in self study this chapter and the subject of tolerance dealt in it call for special attention

The description of *Tamaskaaya* in the first *Uddeshak* of the sixth *Shatak* has surprising similarities with the black hole described in modern astronomy In the ancient Indian literature this description of *Tamaskaaya* is unique to Jain scriptures Comparison with black holes adds to the genuineness of this description

The seventh *Shatak* also contains detailed discussions on numerous practical themes Benefits of offering food to ascetics, importance of knowledge and sagacity in the act of renouncing, causes of bondage of pleasure and pain giving *karmas* and other such topics inspire one to acquire a generous, sensitive and compassionate view and way of life

Three types of matter particles and their transformations are included in the discussions narrated in the first *Uddeshak* of the eighth *Shatak* They add scientific angle to the spiritual inquiries

I would like to convey an important message to the readers–Do not just read *Agams* simply because you have faith and belief in the Word of the Jina Your study would be highly beneficial if you have the thirst for knowledge and the desire to cleanse your life

With the literal translation of the original text we have added brief elaboration wherever needed This is with the view that many topics are hard to understand for common readers The author of the *Agam* has referred to *Prajnapana Sutra* for the sake of brevity We have included the gist of those references from *Prajnapana Sutra* This would facilitate the reader to understand the subject without turning pages of *Prajnapana Sutra*

Large portions from my earlier commentary on *Bhagavati Sutra* have been taken in elaborations of this edition The Hindi commentary by Pandit Ghevar Chand Shastri was also found to be very useful Wherever needed, we have also referred to and used the detailed commentary by Acharya Mahaprajna It is my duty to express gratitude for editors and publishers of the said works

We are also trying to include a glossary of important technical terms as appendix in an additional volume after the main volumes are done

As always, scholarly editors like Shri Shrichand Surana 'Saras', Shri Surendra Bothara have extended their fullest co-operation Like before, many generous devotees have extended financial contributions to this pious project They all deserve thanks and commendations

The blessings of my revered teacher Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padmachandra ji M S have provided me support at every step I bow with all humbleness at my command to that great benefactor

I hope that with English translation and a variety of new approaches, this volume of *Illustrated Bhagavati Sutra* will prove to be useful for all

Jain Sthanak,
Mansa

—Pravartak Amar Muni
(Pravartak)

अनुक्रमणिका

CONTENTS

ॐ नमो समणस्स भगवओ महावीरस्स


Om Namo Samanassa Bhagavao Mahavirassa

श्री भगवती सूत्र (२)

(श्री व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र)

SHRI BHAGAVATI SUTRA (2)

(SHRI VYAKHYAPRAJNAPTI SUTRA)



पंचम शतक : प्रथम उद्देशक
FIFTH SHATAK (Chapter Five) : FIRST LESSON

रवि RAVI (THE SUN)

❑ व्याख्याप्रज्ञप्ति-भगवती सूत्र का यह पचम शतक है। इस शतक मे सूर्य-चन्द्रमा की गति का परिमाण, उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी काल-चक्र, छद्मस्थ एव केवली की ज्ञान-शक्ति, क्रियावाद, परमाणु विज्ञान, आयुष्य वृद्धि-हानि कुलकर आदि कई महत्त्वपूर्ण विषयो पर प्रकाश डाला गया है। इस शतक के भी दस उद्देशक है।

❑ This is the Fifth *Shatak* (Fifth Chapter) of *Vyakhyaprajnapti* (*Bhagavati Sutra*) In this Chapter light has been thrown on many important topics including the measures of the movement of the sun and the moon, the progressive and regressive time cycle (*Utsarpini-Avasarpini kaal-chakra*), potency of spiritual knowledge (*jnana-shakti*) of *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) and *Kevali* (omniscient), *Kriyavaad* (doctrine of endeavour), theory of ultimate particles (*paramanu vijnana*), increase and decrease of life-span and *Kulakar* (clan-founders) This chapter too has ten lessons (*uddeshaks*)

पचम शतक की सग्रहणी गाथा **COLLATIVE VERSE**

१. चप रवि १ अणिल २ गंठिय ३ सद्दे ४ छउमायु ५-६ एयण ७ णियंठे ८।

रायगिहं ९ चंपा-चंदिमा १० य दस पंचमम्मि सते॥१॥

१. (गाथा का अर्थ)-पाँचवे शतक मे ये दस उद्देशक है-प्रथम उद्देशक मे चम्पानगरी मे सूर्य सम्बन्धी प्रश्नोत्तर है। द्वितीय उद्देशक मे वायु सम्बन्धी प्ररूपणा है। तृतीय उद्देशक मे जालग्रन्थी का उदाहरण देकर तथ्य का निरूपण किया है। चतुर्थ उद्देशक मे शब्द सम्बन्धी प्रश्नोत्तर है। पचम उद्देशक मे छद्मस्थ के सम्बन्ध मे एव छठे उद्देशक मे आयुष्य की वृद्धि-हानि सम्बन्धी निरूपण है। सातवे उद्देशक मे पुद्‌गलो के एजन = कम्पन का वर्णन है। आठवे उद्देशक मे निर्ग्रन्थी-पुत्र अनगार द्वारा पदार्थ-विषयक चर्चा है। नौवे उद्देशक मे राजगृह नगर सम्बन्धी पर्यालोचन और दसवे उद्देशक मे चम्पानगरी मे वर्णित चन्द्रमा-सम्बन्धी प्ररूपणा है।

1. The fifth chapter has following ten lessons (*uddeshaks*)—The first lesson has questions and answers about the sun in Champa city The second lesson has information about air (*vayu*) The third lesson describes knots in a net as analogy The fourth lesson has questions and

answers about sound (*shabd*) The fifth lesson has information about *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) The sixth lesson describes increase and decrease of life-span The seventh lesson contains description of vibration of matter particles The eighth lesson narrates the description of matter given by ascetic Nirgranthi-putra The ninth lesson has the description of Rajagriha city The tenth lesson provides the description of the moon in Champa city

२. तेण कालेण तेण समएणं चंपा नामं नगरी होत्था। वण्णओ। तीसे णं चंपाए नगरीए पुण्णभद्दे नामे चेइए होत्था। वण्णओ। सामी समोसढे जाव परिसा पडिगया।

२. उस काल, उस समय मे चम्पा नाम की नगरी थी। उस चम्पानगरी के बाहर पूर्णभद्र नाम का चैत्य था। इनका वर्णन औपपातिक सूत्रानुसार समझे। (एक बार) वहाँ श्रमण भगवान महावीर स्वामी पधारे। यावत् परिषद् भगवान को वन्दन करने और उनका धर्मोपदेश सुनने के लिए गई, और धर्म श्रवण कर वापस लौट गई।

2. During that period of time there was a city called Champa Description (as in *Aupapatik Sutra*) Outside Champa city there was a *Chaitya* (temple complex) called Purnabhadra Description (of the *Chaitya*) (Once) Bhagavan Mahavir arrived there and so on up to People came out to pay homage and attend the discourse, after which they dispersed

विवेचन चम्पानगरी · तब और अब–औपपातिक सूत्र मे चम्पानगरी का विरतृत वर्णन मिलता है, तदनुसार प्राचीनकाल मे 'चम्पा' ऋद्धियुक्त, शत्रुओ से अपराजित एव समृद्ध नगरी थी। चम्पानगरी का इतिहास अति प्राचीन है, वही पर दधिवाहन राजा की पुत्री चन्दनबाला का जन्म हुआ था। पाण्डवकुलभूषण प्रसिद्ध दानवीर कर्ण ने इसी नगरी को अगदेश की राजधानी बनाया था। बारहवे तीर्थकर श्री वासुपूज्य स्वामी के पाँच कल्याणक इसी नगरी मे हुए थे। महावीर-चरित्र के अनुसार अपने पिता श्रेणिक राजा की मृत्यु के शोक के कारण सम्राट् कोणिक मगध की राजधानी राजगृह मे रह नही सकता था, इस कारण उसने वास्तुशास्त्रियो से परामर्श कर एक विशाल चम्पावृक्ष वाले स्थान को पसद करके अपनी राजधानी के हेतु नवीन चम्पानगरी बसाई। दशवैकालिक सूत्र के रचयिता आचार्य शय्यभव सूरि ने राजगृह से आये हुए अपने लघुवयस्क पुत्र मनक को इसी नगरी मे दीक्षा दी थी और यही दशवैकालिक सूत्र की रचना की थी। इस नगरी के बद हुए दरवाजो को महासती सुभद्रा ने अपने शील की महिमा से अपने कलक निवारणार्थ कच्चे सूत की चलनी बाँधकर उसके द्वारा कुएँ मे से पानी निकाला और तीन दरवाजो पर छीटा देकर उन्हे खोला था। चौथा दरवाजा ज्यो का त्यो बद रखा था। परन्तु बाद मे वि स १३६० मे लक्षणावती के हम्मीर और सुलतान समदनी ने शकरपुर का किला बनाने हेतु उपयोगी पाषाणो के लिए इस दरवाजे को तोडकर इसके कपाट ले लिये थे। वर्तमान मे चम्पानगरी चम्पारन कस्बे के रूप मे भागलपुर के निकटवर्ती एक जिला है। *(क) जिनप्रभसूरि रचित 'चम्पापुरीकल्प' (ख) हेमचन्द्राचार्य रचित महावीरचरित्र, सर्ग १२, श्लोक १८० से १८९ तक (ग) आचार्य शय्यभव सूरि रचित परिशिष्ट पर्व, सर्ग, ५, श्लोक ६८, ८०, ८५ (घ) भगवती सूत्र (टीकानुवाद टिप्पणयुक्त), खण्ड २, पृ १४४।*

Elaboration—Champa city : then and now—Detailed description of Champa city is available in *Aupapatik Sutra* According to that, the ancient Champa city was a grand and affluent city undefeated by enemies It has a very long history going back to the hoary past It was here that Chandan-bala, the daughter of King Dadhivahan was born Benevolent Karna, the magnanimous Pandava, made this city the capital of his state Angadesh The five auspicious events of the twelfth Tirthankar Shri Vaasupujya Swami took place in this very city According to the biography of Bhagavan Mahavir, after the death of his father king Shrenik it became impossible for grief stricken Emperor Kunik to live in Rajagriha, the capital of Magadh empire For this reason he constructed the new city of Champa around a huge Champa tree in consultation with expert architects It was here that Acharya Shayyambhav initiated his infant son Manak, brought forth from Rajagriha, and wrote Dashavaikalik Sutra for him With the power of her righteousness Mahasati Subhadra, in order to erase the blemish on her chastity, drew water from a well with a strainer tied to non-twined cotton thread and sprinkled on three closed gates of Champa city to open them The fourth gate was kept closed Later the *Hammir* and *Sultan* of Samdani demolished this gate to acquire stone slabs and door-flanges when he was constructing the fort of Shankarpur in 1360 V At present it is a small township and district called Champaran near modern Bhagalpur *[References—(a) Champapuri Kalp by Jinaprabh Suri, (b) Mahavir Charitra by Hemachandracharya (12/180-189), (c) Parishisht Parva by Acharya Shayyambhav Suri (5/68, 80, 85), (d) Bhagavati Sutra (translation of the Tika with foot notes)—Part 2, p 144]*

जम्बूद्वीप मे सूर्यों का उदय-अस्त **RISING AND SETTING OF SUNS IN JAMBUDVEEP**

३. तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स जेट्ठे अंतेवासी इंदभूई णामं अणगारे गोयमे गोत्तेणं जाव एवं वयासी–

३. उस समय मे श्रमण भगवान महावीर स्वामी के ज्येष्ठ अन्तेवासी (शिष्य) गौतमगोत्रीय इन्द्रभूति अनगार थे। उन्होने इस प्रकार प्रश्न पूछा–

3. During that period of time Indrabhuti Anagar, the senior disciple of Bhagavan Mahavir and so on up to paid his homage and obeisance and submitted—

४. [प्र.] जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया उदीण-पाईणमुग्गच्छ पाईण-दाहिणमागच्छंति ? पाईण-दाहिणमुग्गच्छ दाहिण-पडीणमागच्छंति ? दाहिण-पडीणमुग्गच्छ पडीण-उदीणमागच्छंति ? पडीण-उदीणमुग्गच्छ उदीचि-पाईणमागच्छंति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जबुद्दीवे णं दीवे सूरिया उदीण–पाईणमुग्गच्छ जाव उदीचि–पाईणमागच्छंति।

४. [प्र] भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप मे सूर्य क्या उत्तर–पूर्व–(ईशानकोण) मे उदय होकर पूर्व–दक्षिण–(आग्नेयकोण) मे अस्त होते (होने आते) है? अथवा आग्नेयकोण मे उदय होकर दक्षिण–पश्चिम। (नैऋत्यकोण) मे अस्त होते है? अथवा नैऋत्यकोण मे उदय होकर पश्चिमोत्तर–(वायव्यकोण) मे अस्त होते है, या फिर पश्चिमोत्तर–(वायव्यकोण) मे उदय होकर उत्तर–पूर्व–(ईशानकोण) मे अस्त होते है?

[उ.] हा, गौतम ! जम्बूद्वीप मे सूर्य (उत्तर–पूर्व) (ईशानकोण) मे उदित होकर अग्निकोण (पूर्व–दक्षिण) मे अस्त होते है, यावत् पूर्वोक्त सम्पूर्ण कथन कहना चाहिए।

4. [Q.] *Bhante* ! In the continent called Jambudveep do suns rise in the north-east (*Ishan Kone*) and set in the south-east (*Agneya Kone*) ? Or do they rise in the south-east (*Agneya Kone*) and set in the south-west (*Nairitya Kone*) ? Or do they rise in the south-west (*Nairitya Kone*) and set in the north-west (*Vayavya Kone*) ? Or do they rise in the north-west (*Vayavya Kone*) and set in the north-east (*Ishan Kone*) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! In the continent called Jambudveep the suns rise in the north-east (*Ishan Kone*) and set in the south-east (*Agneya Kone*), and so on up to the whole question should be repeated as answer in affirmative

५. [प्र.] जया णं भंते ! जंबुद्दीवे दाहिणड्ढे दिवसे भवति तया णं उत्तरड्ढे दिवसे भवति ? जया णं उत्तरड्ढे दिवसे भवति तया ण जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिम–पच्चत्थिमेणं राई भवति ?

[उ] हता, गोयमा ! जया ण जंबुद्दीवे दीवे दाहिणड्ढे दिवसे जाव राई भवति।

५. [प्र] भगवन् ! जब जम्बूद्वीप के दक्षिणार्द्ध मे दिन होता है, तब क्या उत्तरार्द्ध मे भी दिन होता है? और जब जम्बूद्वीप के उत्तरार्द्ध मे दिन होता है, तब क्या मेरु पर्वत से पूर्व–पश्चिम मे रात्रि होती है?

[उ] हाँ, गौतम ! (यह इसी तरह होता है, अर्थात्–) जब जम्बूद्वीप के दक्षिणार्द्ध मे दिन होता है, तब पूर्व–पश्चिम भाग मे रात्रि होती है।

5. [Q.] *Bhante* ! When it is day in the southern half of Jambudveep, is it also day in the northern half of Jambudveep ? And when there is day in the northern half of Jambudveep, is there night on the east and west of the Meru mountain ?

[Ans.] Yes, Gautam ! (It is like that, which means—) When there is day in the northern half of Jambudveep, it is night on the east and west of the Meru mountain ?

६. [प्र.] जया णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं दिवसे भवति तया णं पच्चत्थिमेणं वि दिवसे भवति ? जया णं पच्चत्थिमेणं दिवसे भवति तया णं जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरदाहिणेणं राई भवति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जया णं जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं दिवसे जाव राई भवति।

६. [प्र.] भगवन् ! जब जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत से पूर्व मे दिन होता है, तब क्या पश्चिम मे भी दिन होता है ? और जब पश्चिम मे दिन होता है, तब क्या जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत से उत्तर-दक्षिण दिशा मे रात्रि होती है ?

[उ.] गौतम ! हाँ, इसी प्रकार से होता है, अर्थात् जब जम्बूद्वीप मे मेरु पर्वत से पूर्व मे दिन होता है, तब उत्तर-दक्षिण भाग मे रात्रि होती है।

6. [Q.] *Bhante* ! When it is day on the east of the Meru mountain, is it also day on the west of Meru mountain ? And when there is day on the east of the Meru mountain, is there night on the south and north of the Meru mountain in Jambudveep ?

[Ans.] Yes, Gautam ! (It is like that, which means—) When there is day on the east of Meru mountain in Jambudveep, it is night on its north and south

विवेचन सूर्य के उदय-अस्त का व्यवहार यहाँ जो दिशा, विदिशा या समय की दृष्टि से सूर्य का उदय-अस्त बताया गया है, वह सब व्यवहार दर्शको की दृष्टि की अपेक्षा से बताया है, क्योकि समग्र भूमण्डल पर सूर्य के उदय-अस्त का समय या दिशा-विदिशा (प्रदेश) नियत नही है। वह क्षेत्र सापेक्ष है। वास्तव मे देखा जाए तो सूर्य तो सदैव भूमण्डल पर विद्यमान रहता है, किन्तु जब सूर्य के समक्ष किसी प्रकार की आड (ओट या व्यवधान) आ जाती है, तब (उस समय) उस देश (उस दिशा-विदिशा) के लोग उक्त सूर्य को देख नही पाते, तब उस देश के लोग इस प्रकार का व्यवहार करते है-'अब सूर्य अस्त हो गया है।' जब सूर्य के सामने किसी प्रकार की आड नही होती, तब उस देश (दिशा-विदिशा) के लोग सूर्य को देख पाते है और वे इस प्रकार का व्यवहार करते है-'अब (इस समय) सूर्य उदय हो गया है।' एक आचार्य ने कहा है-''सूर्य प्रति समय ज्यो-ज्यो आकाश मे आगे गति करता जाता है, त्यो-त्यो निश्चित ही इस तरफ रात्रि होती जाती है। इसलिए सूर्य की गति पर ही उदय-अस्त का व्यवहार निर्भर है।'' इस प्ररूपणा के अनुसार इस मान्यता का स्वत निराकरण हो जाता है कि 'सूर्य पश्चिम की ओर के समुद्र मे प्रविष्ट होकर पाताल मे चला जाता है, फिर पूर्व की ओर के समुद्र पर उदय होता है।'

एक ही समय मे दो दिशाओ मे दिवस कैसे ?—जम्बूद्वीप मे सूर्य दो होते है। जब एक सूर्य मेरु पर्वत की उत्तर दिशा मे होता है, तब दूसरा सूर्य मेरु पर्वत की दक्षिण दिशा मे होता है। उस समय मेरु पर्वत की उत्तर और दक्षिण दिशा मे दिन होता है। मेरु पर्वत की पूर्व और पश्चिम दिशा मे रात्रि होती है। जब मेरु की पूर्व और पश्चिम दिशा मे दिन होता है, तब उत्तर-दक्षिण दिशा मे रात्रि होती है। इसलिए एक ही समय मे दो दिशाओ मे दिवस होता है और दो दिशाओ मे रात्रि होती है। विशेष स्पष्टता के लिए मेरु पर्वत की प्रदक्षिणा करते सूर्य का सलग्न चित्र देखे।

Elaboration—Sunrise and sunset—The rising and setting of the sun in terms of directions or time is with reference to the general observer because the time and direction of sunset and sunrise is not fixed for every point on the earth In fact the sun is always present over the globe but when there is some kind of obstruction covering some area or direction, people of that area are unable to see the sun It is then that they say—"The sun has set now." When there is no such obstruction and people are able to see the sun they say—"The sun has risen now" Some *Acharya* has said—"As the sun moves forward in the sky every moment, night approaches to its rear That is why the rising and setting of the sun is dependent on the movement of the sun" This automatically explains the traditional belief that the sun enters the western sea and sinks into the underworld (*paataal*) to rise once again from the eastern sea

Day in two directions at the same time ?—Jambudveep has two suns When one sun is to the north of Meru mountain the other is to its south At that time it is day on the northern as well as southern directions and it is night on the eastern and western directions of the Meru When it is day on the eastern and western directions of the Meru it is night on the northern and southern directions of the Meru That is why there is day in two directions and night in two directions at the same time For further clarity see the illustration showing the suns moving around Meru mountain

जम्बूद्वीप मे दिवस और रात्रि का कालमान PERIODICITY OF DAY AND NIGHT IN JAMBUDVEEP

७. [प्र] जया णं भंते ! जबुद्दीवे दीवे दाहिणड्ढे उक्कोसए अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ तया णं उत्तरड्ढे वि उक्कोसए अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ ! जया णं उत्तरड्ढे उक्कोसए अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ तया ण जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पुरत्थिम-पच्चत्थिमेणं जहन्निया दुवालसमुहुत्ता राई भवति ?


[उ] हंता, गोयमा ! जया ण जंबुद्दीवे जाव दुवालसमुहुत्ता राई भवइ।

७. [प्र] भगवन् ! जब जम्बूद्वीप नामक द्वीप के दक्षिणार्द्ध मे उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त्त का दिन होता है, तब क्या उत्तरार्द्ध मे भी उत्कृष्ट (सबसे बडा) अठारह मुहूर्त्त का दिन होता है ? और जब उत्तरार्द्ध मे उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त्त का दिन होता है, तब क्या जम्बूद्वीप मे पर्वत से पूर्व-पश्चिम मे जघन्य (छोटी से छोटी) बारह मुहूर्त्त की रात्रि होती है ?

[उ] हॉ, गौतम ! (यह इसी तरह होती है। अर्थात्-) जब जम्बद्वीप मे १८ मुहूर्त्त का दिन यावत् बारह मुहूर्त्त की रात्रि होती है।

7. [Q.] *Bhante* ! In the southern half of the continent named Jambudveep, when the maximum length of the day is 18 Muhurts then

दिन रात की हानि वृद्धि



बृहत्संग्रहणी चित्र ३७/३८ के आधार पर

चित्र परिचय-१

Illustration No. 1

दिन-रात की हानि-वृद्धि

जम्बूद्वीप में दो सूर्य तथा दो चन्द्र निरन्तर गति करते हैं। जम्बूद्वीप के ४५-४५ हजार योजन क्षेत्र (लम्बाई) में एक-एक सूर्य प्रकाश करता है। जब सूर्य सर्वाभ्यन्तर मण्डल (सबसे भीतर का मण्डल) में होता है तब १८ मुहूर्त का दिन तथा १२ मुहूर्त की रात (कर्क संक्रान्ति का प्रथम दिन) अर्थात् संवत्सर का सबसे बड़ा दिन १४ घण्टा ९ मिनट तथा सबसे छोटी रात होती है। अर्थात् ३० मुहूर्त के दिन-रात का ६ भाग प्रकाश क्षेत्र और ४ भाग अंधकार क्षेत्र होता है। इस समय मेरु के पास सूर्य का प्रकाश क्षेत्र ९४८६ ९/१० रहता है। वह क्रमशः वृद्धि पाता हुआ समुद्र की तरफ का प्रकाश क्षेत्र ९४५२६ ४/६० तथा अंधकार क्षेत्र ६३०१९ ४८/६० एवं पूर्व-पश्चिम का किरण विस्तार ७६२६२ १५/६० हो जाता है। कर्क संक्रान्ति का यह प्रथम दिन आषाढ़ मास में आता है। फिर क्रमशः सूर्य सर्व बाह्यमण्डल की ओर प्रयाण करता है। तब उसका प्रकाश क्षेत्र क्रमशः घटता जाता है। अंधकार क्षेत्र बढ़ता जाता है।

जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करता है अर्थात् सर्व बाह्य मण्डल के १८३वें मण्डल में गति करता है तब सबसे बड़ी १८ मुहूर्त की रात तथा सबसे छोटा १२ मुहूर्त का दिन होता है। यह मकर संक्रान्ति का प्रथम दिन होता है। इस समय मेरु के पास का प्रकाश विस्तार ६३२४ ६/१० तथा अंधकार क्षेत्र ९४८६ ३/१० होता है। जब दोनों सूर्य सर्व बाह्य मण्डल में आते हैं तब समुद्र की तरफ का प्रकाश क्षेत्र ६३६६३ योजन तथा अंधकार क्षेत्र ९५४९४ योजन होता है।

प्रस्तुत चित्र में जम्बूद्वीप लवण समुद्र में सूर्य का भ्रमण क्षेत्र दर्शाया है। यह चित्र बृहत्संग्रहणी आचार्य श्री यशोदेवसूरि कृत हिन्दी विवेचन के आधार से साभार लिया है।

(शतक ५ उद्देशक १ सूत्र ७-१३)

LONGER AND SHORTER DAYS AND NIGHTS

Two suns and two moons continuously move around Jambudveep. Each of these suns covers an area of Jambudveep defined by 45 thousand Yojan long section of its circumference. When the sun is in its innermost orbit the day is 18 Muhurt long and the night is 12 Muhurt long. This is the day the sun enters the Cancer sign of the Zodiac (Kark Sankranti). It is the longest day (14 hours 9 minutes) of the year and the shortest night. This means that one sixth of the total 30 Muhurt span of the day has light and one fourth part has darkness. At this time the area covered by sunlight near Meru mountain is $9486\frac{9}{10}$ Yojans and the corresponding area of darkness is $6324\frac{2}{10}$ Yojans. It gradually increases and becomes $94526\frac{4}{60}$ Yojans near the cost of Lavan Samudra, where the corresponding area of darkness becomes $63019\frac{18}{60}$. This first day of Kark Sankranti falls in the month of Ashadh. Then the sun starts moving towards its outermost orbit and gradually the area covered by sunlight diminishes whereas the area of darkness expands.

Then the sun starts shifting back from the southern to the northern solstice it is moving in the outermost orbit, the 183rd. At that time the night is longest (18 Muhurt) and the day is shortest (12 Muhurt). This is the first day of the sun entering the Capricorn sign of the Zodiac (Makar Sankranti). At this time the area covered by sunlight near Meru mountain is $6324\frac{6}{10}$ Yojans and the corresponding area of darkness is $9486\frac{1}{10}$ Yojans. It gradually increases and becomes 63663 Yojans near the cost of Lavan Samudra where the corresponding area of darkness becomes $95494\frac{1}{2}$.

– *Shatak 5 lesson 1 Sutra 7 to 13*

is the maximum length of the day 18 Muhurts in the northern half too ? And when the maximum length of the day is 18 Muhurts in the northern half then is the night in the region east and west of the Meru mountain in Jambudveep shortest, of twelve Muhurt duration ?

[Ans.] Yes, Gautam ! (It is like that, which means—) In the southern half of the continent named Jambudveep. and so on up to twelve Muhurt duration

८. [प्र.] जया णं जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पुरत्थिमेणं उक्कोसए अट्ठारस जाव तया णं जंबुद्दीवे दीवे पच्चत्थिमेण वि उक्कोसेण अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवति ? जया णं पच्चत्थिमेणं उक्कोसए अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवति तदा णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे उत्तर-दाहिणे दुवालसमुहुत्ता जाव राई भवति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जाव भवति।

८. [प्र.] भगवन् ! जब जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत से पूर्व मे उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त्त का दिन होता है, तब क्या जम्बूद्वीप के पश्चिम मे भी उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त्त का दिन होता है ? और भगवन् ! जब पश्चिम मे उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त्त का दिवस होता है, तब क्या जम्बूद्वीप के उत्तर मे जघन्य बारह मुहूर्त्त की रात्रि होती है ?

[उ.] हॉ, गौतम ! यह इसी तरह-यावत् होता है।

8. [Q.] *Bhante* ! When the maximum length of the day is 18 Muhurts in the region east of the Meru mountain in Jambudveep then is the maximum length of the day 18 Muhurts in the region west of the Meru mountain too ? And when the maximum length of the day is 18 Muhurts in the east then is the night in the northern region of Jambudveep shortest, of twelve Muhurt duration ?

[Ans.] Yes, Gautam ! (It is like that, which means—) and so on up to twelve Muhurt duration

९. [प्र.] जया ण भंते ! जंबुद्दीवे दाहिणड्ढे अट्ठारसमुहुत्ताणंतरे दिवसे भवति तया णं उत्तरे अट्ठारसमुहुत्ताणंतरे दिवसे भवति ? जया णं उत्तरे अट्ठारसमुहुत्ताणंतरे दिवसे भवति तया णं जंबुद्दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिम-पच्चत्थिमेणं सातिरेगा दुवालसमुहुत्ता राई भवति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जया णं जंबुद्दीवे जाव राई भवति।

९. [प्र.] भगवन् ! जब जम्बूद्वीप के दक्षिणार्द्ध मे अठारह मुहूर्त्तानन्तर (मुहूर्त्त से कुछ कम) का दिवस होता है, तब क्या उत्तरार्द्ध मे भी अठारह मुहूर्त्तानन्तर का दिवस होता है ? और जब उत्तरार्द्ध मे अठारह मुहूर्त्तानन्तर का दिन होता है, तब क्या जम्बूद्वीप मे मन्दर पर्वत से पूर्व-पश्चिम दिशा मे सातिरेक (कुछ अधिक) बारह मुहूर्त्त की रात्रि होती है ?

[उ] हाँ, गौतम ! यह इसी तरह होती है, अर्थात्-जब जम्बूद्वीप के यावत् रात्रि होती है।

9. [Q.] *Bhante* ! In the southern half of the continent named Jambudveep, when the day is slightly less than 18 Muhurts (*Muhurtantar*) long then in the northern half too is the day slightly less than 18 Muhurts long ? And when the day is slightly less than 18 Muhurts long in the northern half then is the night in the region east and west of the Meru mountain in Jambudveep slightly more than (*satirek*) twelve Muhurts long ?

[Ans.] Yes, Gautam ! (It is like that, which means—) In the southern half of the continent named Jambudveep and so on up to slightly more than twelve Muhurts long

१०. [प्र] जया णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं अट्ठारसमुहुत्ताणंतरे दिवसे भवति तया ण पच्चत्थिमेण अट्ठारसमुहुत्ताणतरे दिवसे भवति ? जया णं पच्चत्थिमेणं अट्ठारसमुहुत्ताणंतरे दिवसे भवति तया ण जबुद्दीवे दीवे मदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं साइरेगा दुवालसमुहुत्ता राइ भवति ?

[उ] हंता, गोयमा ! जाव भवति।

१०. [प्र] भगवन् ! जब जम्बूद्वीप के मन्दराचल से पूर्व मे अठारह मुहूर्त्तानन्तर का दिन होता है, तब क्या पश्चिम मे भी अठारह मुहूर्त्तानन्तर का दिन होता है ? और जब पश्चिम मे अठारह मुहूर्त्तानन्तर का दिन होता है, तब क्या जम्बूद्वीप मे मेरुपर्वत से उत्तर-दक्षिण मे सातिरेक बारह मुहूर्त्त की रात्रि होती है ?

[उ] हाँ, गौतम ! (यह इसी तरह) यावत् होती है।

10. [Q.] *Bhante* ! When the day is slightly less than 18 Muhurts long in the region east of the Meru mountain in Jambudveep then is the day slightly less than 18 Muhurts long in the region west of the Meru mountain too ? And when the day is slightly less than 18 Muhurts long in the east then is the night in the northern region of Jambudveep shortest, slightly more than twelve Muhurts long ?

[Ans.] Yes, Gautam ! (It is like that, which means—) and so on up to twelve Muhurts long

११. एव एएणं कमेण ओसारेयव्वं—सत्तरसमुहुत्ते दिवसे, तेरसमुहुत्ता राई। सत्तरसमुहुत्ताणंतरे दिवसे, सातिरेगा तेरसमुहुत्ता राई। सोलसमुहुत्ते दिवसे, चोद्दसमुहुत्ता राई। सोलसमुहुत्ताणंतरे दिवसे, सातिरेगा चोद्दसमुहुत्ता राई। पन्नरसमुहुत्ते दिवसे, पन्नरसमुहुत्ता राई। पन्नरसमुहुत्ताणंतरे दिवसे, सातिरेगा पन्नरसमुहुत्ता राई। चोद्दसमुहुत्ते दिवसे, सोलसमुहुत्ता राई। चोद्दसमुहुत्ताणंतरे दिवसे, सातिरेगा सोलसमुहुत्ता राई। तेरसमुहुत्ते दिवसे, सत्तरसमुहुत्ता राई। तेरसमुहुत्ताणंतरे दिवसे, सातिरेगा सत्तरसमुहुत्ता राई।

११. इसी प्रकार इस क्रम से दिवस का परिमाण बढाना-घटाना और रात्रि का परिमाण घटाना-बढाना चाहिए। यथा-जब सत्रह मुहूर्त्त का दिवस होता है, तब तेरह मुहूर्त्त की रात्रि होती है। जब सत्रह मुहूर्त्तानन्तर का दिन होता है, तब सातिरेक तेरह मुहूर्त्त की रात्रि होती है। जब सोलह मुहूर्त्त का दिन होता है, तब चौदह मुहूर्त्त की रात्रि होती है। जब सोलह मुहूर्त्तानन्तर का दिन होता है, तब सातिरेक चौदह मुहूर्त्त की रात्रि होती है। जब पन्द्रह मुहूर्त्त का दिन होता है, तब पन्द्रह मुहूर्त्त की रात्रि होती है। जब पन्द्रह मुहूर्त्तानन्तर का दिन होता है, तब सातिरेक पन्द्रह मुहूर्त्त की रात्रि होती है। जब चौदह मुहूर्त्त का दिन होता है, तब सोलह मुहूर्त्त की रात्रि होती है। जब चौदह मुहूर्त्तानन्तर का दिन होता है, तब सातिरेक सोलह मुहूर्त्त की रात्रि होती है। जब तेरह मुहूर्त्त का दिन होता है, तब सत्रह मुहूर्त्त की रात्रि होती है। जब तेरह मुहूर्त्तानन्तर का दिन होता है, तब सातिरेक सत्रह मुहूर्त्त की रात्रि होती है।

11. In the same way the length of the day and the night should be reduced and increased respectively in the following order—When the day is seventeen Muhurts long, the night is thirteen Muhurts long When the day is slightly less than seventeen Muhurts long, the night is slightly more than thirteen Muhurts long When the day is sixteen Muhurts long, the night is fourteen Muhurts long When the day is slightly less than sixteen Muhurts long, the night is slightly more than fourteen Muhurts long When the day is fifteen Muhurts long, the night is fifteen Muhurts long When the day is slightly less than fifteen Muhurts long, the night is slightly more than fifteen Muhurts long When the day is fourteen Muhurts long, the night is sixteen Muhurts long When the day is slightly less than fourteen Muhurts long, the night is slightly more than sixteen Muhurts long When the day is thirteen Muhurts long, the night is seventeen Muhurts long When the day is slightly less than thirteen Muhurts long, the night is slightly more than seventeen Muhurts long

१२. [प्र.] जया णं जबुद्दीवे दाहिणड्ढे जहन्नए दुवालसमुहुत्ते दिवसे भवति तया णं उत्तरड्ढे वि ? जया णं उत्तरड्ढे तया णं जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमे-पच्चत्थिमे णं उक्कोसिया अट्ठारसमुहुत्ता राई भवति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! एवं चेव उच्चारेयव्व जाव राई भवति।

१२. [प्र.] भगवन् ! जब जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत से दक्षिणार्द्ध मे जघन्य बारह मुहूर्त्त का दिन होता है, तब क्या उत्तरार्द्ध मे भी (इसी तरह) होता है ? और जब उत्तरार्द्ध मे भी इसी तरह होता है, तब क्या जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत से पूर्व और पश्चिम मे उत्कृष्ट (सबसे बडी) अठारह मुहूर्त्त की रात्रि होती है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! इसी (पूर्वोक्त) प्रकार से सब कहना चाहिए, यावत् रात्रि होती है।

12. [Q.] *Bhante* ! In the southern half of the continent named Jambudveep, when the day is shortest or twelve Muhurts long then in the northern half too is the day twelve Muhurts long ? And when it is so in the northern half then is the night in the region east and west of the Meru mountain in Jambudveep is longest or eighteen Muhurts long ?

[Ans.] Yes, Gautam ! (It is like that, which means—) In the southern half of the continent named Jambudveep and so on up to . eighteen Muhurts long

१३. [प्र.] जया णं भते ! जबुद्दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं जहन्नए दुवालसमुहुत्ते दिवसे भवति तया णं पच्चत्थिमेण वि ? जया णं पच्चत्थिमेण वि तया ण जंबुद्दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरदाहिणेण उक्कोसिया अट्ठारसमुहुत्ता राई भवति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जाव राई भवति।

१३. [प्र.] भगवन् ! जब जम्बूद्वीप के मन्दर पर्वत से पूर्व मे जघन्य (सबसे छोटा) बारह मुहूर्त्त का दिन होता है, तब क्या पश्चिम मे भी इसी प्रकार होता है ? और जब पश्चिम मे इसी तरह होता है, तब क्या जम्बूद्वीप के मन्दर पर्वत के उत्तर और दक्षिण मे उत्कृष्ट (सबसे बडी) अठारह मुहूर्त्त की रात्रि होती है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! यह इसी तरह यावत् रात्रि होती है।

13. [Q.] Bhante ! When the day is shortest or twelve Muhurts long in the region east of the Meru mountain in Jambudveep then is the day shortest or twelve Muhurts long in the region west of the Meru mountain too ? And when it is so in the east then is the night in the northern region of Jambudveep longest or eighteen Muhurts long ?

[Ans.] Yes, Gautam ! (It is like that, which means—) and so on up to eighteen Muhurts long

विवेचन दिन और रात्रि की कालगणना का सिद्धान्त–जैन सिद्धान्त के अनुसार दिन और रात्रि मिलाकर दोनो कुल ३० मुहूर्त्त (= २४ घटा) के होते है। दक्षिण और उत्तर मे दिन का उत्कृष्ट मान १८ मुहूर्त्त = (१४ घण्टा, २४ मिनट) का होगा तो पूर्व और पश्चिम मे रात्रि १२ मुहूर्त्त = (९ घण्टा, ३६ मिनट) की होगी। यदि रात्रि पूर्व व पश्चिम मे उत्कृष्त १८ मुहूर्त्त की होगी तो दक्षिणार्द्ध एव उत्तरार्द्ध मे जघन्य १२ मुहूर्त्त का दिन होगा, इसी तरह पूर्व-पश्चिम मे जघन्य १२ मुहूर्त्त का दिन होगा तो उत्तर एव दक्षिण मे रात्रि उत्कृष्ट १८ मुहूर्त्त की होगी। यदि दक्षिणार्द्ध, उत्तरार्द्ध अथवा पूर्व और पश्चिम मे १८ मुहूर्त्तानन्तर का दिन होगा तो पूर्व और पश्चिम मे अथवा उत्तर और दक्षिण मे रात्रि सातिरेक १२ मुहूर्त्त की होगी।

तात्पर्य यह है कि ३० मुहूर्त्त अहोरात्र मे से दिवस का जितना भाग बढता या घटता है, उतना ही भाग, रात्रि का घटता या बढता जाता है। सूर्य के कुल १८४ मण्डल है। उनमे से जम्बूद्वीप मे ६५ और लवणसमुद्र मे

शेष ११९ मण्डल है। जब सूर्य सर्वाभ्यन्तर (सबसे भीतर वाले) मण्डल मे होता है, तब १८ मुहूर्त्त का दिन होता है और १२ मुहूर्त्त की रात्रि होती है। जब सूर्य बाहरी मण्डल से आभ्यन्तर मण्डल की ओर आता है, तब क्रमश प्रत्येक मण्डल मे दिवस बढता जाता है और रात्रि घटती जाती है, और जब सूर्य आभ्यन्तर मण्डल से बाहरी मण्डल की ओर प्रयाण करता है, तब प्रत्येक मण्डल मे डेढ मिनट से कुछ अधिक रात्रि बढती जाती है तथा दिन उतना ही घटता जाता है। जब सूर्य सर्वाभ्यन्तर मण्डल से निकलकर उसके पास वाले दूसरे मण्डल मे जाता है, तब मुहूर्त्त के $\frac{२}{६१}$ भाग कम अठारह मुहूर्त्त का दिन होता है, जिसे शास्त्र मे 'अष्टादश-मुहूर्त्तानन्तर' कहते है, क्योकि यह समय १८ मुहूर्त्त का दिन होने के तुरन्त बाद मे आता है।

Elaboration—The theory of measuring day and night—According to the Jain theory the total length of day and night is 30 Muhurts (24 hours) When the maximum length of the day in south and north is 18 Muhurts (14 hours and 24 minutes) the night in east and west is 12 Muhurts (9 hours and 36 minutes) long If the night is longest or 18 Muhurts in east and west the day in north and south is shortest or 12 Muhurts In the same way if the day is shortest or 12 Muhurts in east and west the night in north and south is longest or 18 Muhurts If the day is slightly less than 18 Muhurts long in north-south or east-west than the night is slightly more than 12 Muhurts long in east-west or north-south

In other words out of the total 30 Muhurts of day-night, the increase in the length of the day corresponds to the decrease in the length of the night and vice versa The sun has a total of 184 *mandals* or orbits Of these 65 are in Jambudveep and remaining 119 in the Lavan Samudra When the sun is in the innermost *mandal* the day is 18 Muhurts long and the night is 12 Muhurts long When the sun moves inward from the outermost *mandal* the length of the day increases and that of the night decreases with every *mandal* When the sun moves outward from the innermost *mandal* the night increases by slightly more than one and a half minute per *mandal*, and the day decreases by the same span of time When the sun shifts from the innermost *mandal* to the next one length of the day becomes $\frac{2}{61}$ part less than 18 Muhurts This fraction is called Ashtadash Muhurtantar (slightly less than 18 Muhurts) because this immediately follows the maximum length of the day, 18 Muhurts

वर्षा ऋतु का प्रथम समय **FIRST SAMAYA OF MONSOON SEASON**

१४. [प्र.] जया णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे दाहिणड्ढे वासाणं पढमे समए पडिवज्जति तया णं उत्तरड्ढे वि वासाणं पढमे समए पडिवज्जइ ? जया णं उत्तरड्ढे वासाणं पढमे समए पडिवज्जइ तया णं जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिम-पच्चत्थिमेणं अणंतरपुरक्खडसमयंसि वासाणं पढमे समए पडिवज्जति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जया ण जंबुद्दीवे दीवे दाहिणड्ढे वासाणं पढमे समए पडिवज्जति, तह चेव जाव पडिवज्जति।

१४. [प्र] भगवन् ! जब जम्बूद्वीप के दक्षिणार्द्ध मे वर्षा (ऋतु) (चौमासे के मौसम) का प्रथम समय होता है, तब क्या उत्तरार्द्ध मे भी वर्षा (ऋतु) का प्रथम समय होता है ? और जब उत्तरार्द्ध मे वर्षा ऋतु का प्रथम समय होता है, तब जम्बूद्वीप मे मन्दर पर्वत से पूर्व-पश्चिम मे वर्षा ऋतु का प्रथम समय अनन्तर-पुरस्कृत समय मे होता है ? (अर्थात् जिस समय मे दक्षिणार्द्ध मे वर्षा ऋतु का प्रारम्भ होता है, उसी समय के तुरन्त पश्चात् दूसरे समय मे मन्दर पर्वत से पूर्व-पश्चिम मे वर्षा ऋतु प्रारम्भ होती है ?)

[उ] हाँ, गौतम ! (यह इसी तरह होता है। अर्थात्--) जब जम्बूद्वीप के दक्षिणार्द्ध मे वर्षा (ऋतु) का प्रथम समय होता है, तब उत्तरार्द्ध मे भी (पूर्व-पश्चिम का कथन) उसी तरह यावत् होता है।

14. [Q.] *Bhante* ! In the southern half of the continent named Jambudveep, when it is the first Samaya of the monsoon season then in the northern half too is it the first moment of the monsoon season ? And when it is the first Samaya of the monsoon season in the northern half then in the region east and west of the Meru mountain in Jambudveep does the first Samaya of the monsoon season commence at *Anantar-puraskrit* Samaya (the Samaya following the first Samaya of the monsoon season in the northern half) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! (It is like that, which means—) In the southern half of the continent named Jambudveep and so on up to commence at *Anantar-puraskrit* Samaya

Elaboration—The commentator (*Vritti*) clarifies that this discussion is mainly in context of offering prohibited or permitted food to ascetics Therefore 'harming of beings' and 'false speech' do not just carry their normal meaning They also imply harming of beings in order to procure or prepare food for ascetics and then giving a false statement that all that was not done for them Thus violence and falsity are connected with prohibited food Offering food to ascetics with noble feeling, respect and modesty is the cause of a noble long life-span and opposite of that is cause of an ignoble long life-span *(Vritti, leaf 227, for more details refer to Bhagavati Sutra Hindi Commentary part-2, pp 841, 842)*

विक्रेता और क्रेता को लगने वाली क्रियाएँ INVOLVEMENT IN ACTIVITIES BY SELLER AND BUYER

५. [प्र.] गाहावइस्स णं भंते ! भंडं विक्किणमाणस्स केइ भंडं अवहरेज्जा, तस्स णं भंते ! तं भंड अणुगवेसमाणस्स किं आरंभिया किरिया कज्जइ ? पारिग्गहिया, मायावत्तिया, अपच्चक्खाणकिरिया, मिच्छादंसणवत्तिया ?

[उ.] गोयमा ! आरंभिया किरिया कज्जइ, पारि०, माया०, अपच्च०, मिच्छादंसणकिरिया सिय कज्जति, सिय नो कज्जति। अह से भंडे अभिसमन्नागए भवइ तओ सेय पच्छा सव्वाओ ताओ पयणुई भवंति।

५. [प्र.] भगवन् ! भाण्ड (किराने का सामान) बेचते हुए किसी गृहस्थ का वह किराने का माल कोई अपहरण कर (चुरा) ले, फिर उस किराने के समान की खोज करते हुए उस गृहस्थ को, क्या आरम्भिकी क्रिया लगती है, या पारिग्रहिकी क्रिया लगती है ? अथवा मायाप्रत्ययिकी अप्रत्याख्यानिकी या मिथ्यादर्शनप्रत्ययिकी क्रिया लगती है ?

[उ.] गौतम ! (चोरी हुए किराने को खोजते हुए पुरुष को) आरम्भिकी क्रिया लगती है, तथा पारिग्रहिकी, मायाप्रत्ययिकी एव अप्रप्याख्यानिकी क्रिया भी लगती है, किन्तु मिथ्यादर्शनप्रत्ययिकी क्रिया कदाचित् लगती है, और कदाचित् नही लगती। (किराने के सामान की खोज करते हुए) यदि चुराया हुआ सामान वापस मिल जाता है, तो वे सब (पूर्वोक्त) क्रियाएँ प्रतनु (अल्प- हल्की) हो जाती है।

5. [Q.] *Bhante* ! While selling *bhaand* (earthenware or groceries) a householder's such merchandise is stolen and then he starts searching them. In the process, is he liable of involvement in *arambhiki kriya* (sinful activity) or *parigrahiki kriya* (activity of possession) ? Or is he liable of involvement in *mayapratyayiki kriya* (activity of deceit) or *apratyakhyaniki kriya* (activity of non-renunciation) or *mithyadarshan-pratyayiki kriya* (activity of perverted faith) ?

[Ans.] Gautam ! He is (while doing so) liable of involvement in *arambhiki kriya* (sinful activity), *parigrahiki kriya* (activity of possession), *mayapratyayiki kriya* (activity of deceit) and *apratyakhyaniki kriya* (activity of non-renunciation) However, as regards *mithyadarshan-pratyayiki kriya* (activity of perverted faith), sometimes he is liable to involvement and sometimes not While searching, if he recovers the stolen goods he is liable to involvement in all the said activities to a very mild degree

६. [प्र.] गाहावइस्स ण भंते ! भडं विक्किणमाणस्स कइए भंडं साइज्जेज्जा, भंडे य से अणुवणीए सिया, गाहावइस्स णं भंते ! ताओ भडाओ किं आरंभिया किरिया कज्जइ जाव मिच्छादसणवत्त किरिया कज्जइ ? कइयस्स वा ताओ भंडाओ किं आरंभिया किरिया कज्जइ जाव मिच्छादंसणवत्तिया किरिया कज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! गाहावइस्स ताओ भंडाओ आरभिया किरिया कज्जइ जाव अपच्चक्खाणिया। मिच्छादंसणवत्तिया किरिया सिय कज्जइ, सिय नो कज्जइ। कइयस्स णं ताओ सव्वाओ पयणुई भवंति।

६. [प्र.] भगवन् ! किराना बेचने वाले गृहस्थ से किसी व्यक्ति ने किराने का माल खरीद लिया, उस सौदे को पक्का करने के लिए खरीददार ने सत्यंकार–(बयाना या एडवास) भी दे दिया, किन्तु वह (किराने का माल) अभी तक अनुपनीत–(ले जाया गया नही) है, (बेचने वाले के यहाँ ही पडा है)

(ऐसी स्थिति में) भगवन् ! उस भाण्डविक्रेता को उस किराने के माल से आरम्भिकी यावत् मिथ्यादर्शनप्रत्ययिकी क्रियाओ मे से कौन-सी क्रिया लगती है ?

[उ.] गौतम ! उस गृहपति को उस किराने के सामान से आरम्भिकी से लेकर अप्रत्याख्यानिकी तक चार क्रियाएँ लगती है। मिथ्यादर्शनप्रत्ययिकी क्रिया कदाचित् लगती है और कदाचित् नही लगती। खरीददार को तो ये सब क्रियाएँ प्रतनु (हल्की) हो जाती है।

6. [Q.] *Bhante* ! A buyer has purchased some *bhaand* from a seller In consideration of the deal, the buyer has also paid some advance (*satyankaar*) but the delivery has not yet been made (the goods are still lying with the seller) (In this situation) *Bhante* ! Is the seller liable to get involved in *arambhiki kriya* (sinful activity) and so on up to *mithyadarshan-pratyayiki kriya* (activity of perverted faith) ?

[Ans.] Gautam ! That householder is liable of involvement in four activities from *arambhiki kriya* (sinful activity) to *apratyakhyaniki kriya* (activity of non-renunciation) However, as regards *mithyadarshan-pratyayiki kriya* (activity of perverted faith), sometimes he is liable to involvement and sometimes not And the buyer is liable to involvement in all the said activities only to a very mild degree

७. [प्र] गाहावइस्स णं भंते ! भंड विक्किणमाणस्स जाव भंडे से उवणीए सिया, कइयस्स णं भंते ! ताओ भंडाओ किं आरभिया किरिया कज्जति जाव मिच्छादंसण किरिया कज्जइ ? गाहावतिस्स वा ताओ भडाओ किं आरभिया किरिया कज्जति जाव ?

[उ.] गोयमा ! कइयस्स ताओ भंडाओ हेट्ठिल्लाओ चत्तारि किरियाओ कज्जंति, मिच्छादंसणकिरिया भयणाए। गाहावइस्स णं ताओ सव्वाओ पयणुई भवंति।

७. [प्र.] भगवन् ! किराना बेचने वाले गृहस्थ के यहाँ से यावत् खरीददार उस किराने के माल को अपने यहाँ ले आया, (ऐसी स्थिति मे) भगवन् ! उस खरीददार को उस (खरीदे हुए) किराने के माल से आरम्भिकी से लेकर मिथ्यादर्शनप्रत्ययिकी तक कितनी क्रियाएँ लगती है ? और उस विक्रेता गृहस्थ को इनमे से कितनी क्रियाएँ लगती है ?

[उ] गौतम ! खरीददार को उस किराने के सामान से आरम्भिकी से लेकर अप्रत्याख्यानिकी तक चारो क्रियाएँ लगती है, मिथ्यादर्शनप्रत्ययिकी क्रिया की भजना है, (अर्थात्-खरीददार यदि मिथ्यादृष्टि हो तो मिथ्यादर्शनप्रत्ययिकी क्रिया लगती है, अगर वह मिथ्यादृष्टि न हो तो नही लगती)। विक्रेता गृहस्थ को तो (मिथ्यादर्शनप्रत्ययिकी क्रिया की भजना के साथ) ये सब क्रियाएँ प्रतनु (अल्प) होती है।

7. [Q.] *Bhante* ! A buyer has purchased some *bhaand* from a seller and so on up to and has brought home the goods (In this situation) *Bhante* ! For these goods is the buyer liable to get involved in *arambhiki*

kriya (sinful activity) . and so on up to *mithyadarshan-pratyayiki kriya* (activity of perverted faith) ? And is the buyer liable to get involved in *arambhiki kriya* (sinful activity) .. and so on up to. ?

[Ans.] Gautam ! For these goods that buyer is liable of involvement in four activities from *arambhiki kriya* (sinful activity) to *apratyakhyaniki kriya* (activity of non-renunciation) As regards *mithyadarshan-pratyayiki kriya* (activity of perverted faith) it is optional (*bhajana*) (this means he is liable if he is unrighteous and not if he is not) And the seller is liable of involvement in all the said activities (including optional involvement in *mithyadarshan-pratyayiki kriya*) only to a very mild degree

८. [प्र.] गाहावइस्स णं भंते ! भंडं जाव धणे य से अणुवणीए सिया ?

[उ.] एवं पि जहा 'भंडे उवणीए' तहा नेयव्वं। चउत्थो आलावगो–धणे य से उवणीए सिया जहा पढमो आलावगो 'भंडे य से अणुवणीए सिया' तहा नेयव्वो। पढम–चउत्थाणं एक्को गमो। बितिय–तइयाणं एक्को गमो।

८. [प्र.] भगवन् ! भाण्ड–विक्रेता गृहस्थ से खरीददार ने माल खरीद लिया, किन्तु जब तक उस विक्रेता को उस माल का मूल्य रूप धन नही मिला, तब तक, हे भगवन् ! उस खरीददार को उस अनुपनीत धन से कितनी क्रियाएँ लगती है ? (साथ ही) उस विक्रेता को कितनी क्रियाएँ लगती है ?

[उ] गौतम ! यह आलापक भी उपनीत भाण्ड (खरीददार द्वारा ले जाये जाने वाले किराने) के आलापक के समान समझना चाहिए। चतुर्थ आलापक–यदि धन उपनीत हो तो प्रथम आलाप, (जोकि अनुपनीत भाण्ड के विषय मे कहा है) के समान समझना चाहिए। (साराश यह है कि) पहला और चौथा आलापक समान है।

8. [Q.] *Bhante* ! The buyer has purchased the goods from the seller (but not made the payment), now till the payment has not been received by the seller, *Bhante* ! in how many activities is the buyer liable of involvement due to that unpaid amount ? Also in how many activities is the seller liable of involvement ?

[Ans.] Gautam ! In such a situation the position is similar to the fourth statement where the delivery of the goods has been taken If the money has been given, the situation is similar to the first statement where the delivery of the goods has not yet been taken (Whicn means that) Statements one and four are similar and statements two and three are similar

विवेचन . यहाँ क्रेता–विक्रेता के सम्बन्ध मे छह विकल्पो से प्रश्न पूछे गये है। इन सूत्रो का साराश इस प्रकार समझना चाहिए–

(१) किराना बेचने वाले का किराना (माल) कोई चुरा ले जाये तो उस किराने को खोजने मे विक्रेता को आरम्भिकी आदि ४ क्रियाएँ लगती है। (२) यदि चुराया हुआ किराने का माल वापस मिल जाये तो विक्रेता को ये सब क्रियाएँ मन्द रूप मे लगती है। (३) खरीददार ने विक्रेता से किराना (माल) खरीद लिया, उस सौदे को पक्का करने के लिए साई भी दे दी, किन्तु माल दुकान से उठाया नही, तब तक खरीददार को उस किराने–सम्बन्धी क्रियाएँ हल्के रूप मे लगती है, जबकि विक्रेता को वे क्रियाएँ भारी रूप मे लगती है। (४) विक्रेता द्वारा किराना खरीददार को सौप दिये जाने पर वह उसे उठाकर ले जाता है, ऐसी स्थिति मे विक्रेता को वे सब सम्भावित क्रियाएँ हल्के रूप मे लगती है, जबकि खरीददार को भारी रूप मे। (५) विक्रेता से खरीददार ने किराना खरीद लिया, किन्तु उसका मूल्यरूप धन विक्रेता को नही दिया, ऐसी स्थिति मे विक्रेता को आरम्भिकी आदि चारो क्रियाएँ हल्के रूप मे लगती है, जबकि खरीददार को वे ही क्रियाएँ भारी रूप मे लगती है। और (६) किराने का मूल्यरूप धन खरीददार द्वारा चुका देने के बाद विक्रेता को धन–सम्बन्धी चारो सम्भावित क्रियाएँ भारी रूप मे लगती है, जबकि खरीददार को वे सब सम्भावित क्रियाएँ प्रतनु–अल्प रूप मे लगती है।

हल्के रूप मे और भारी रूप मे क्यो ? (१) इसका समाधान है–चुराये हुए माल की खोज करते समय विक्रेता (व्यापारी) विशेष प्रयत्नशील होता है, इसलिए उसे सम्भावित क्रियाएँ भारी रूप मे लगती है, किन्तु जब व्यापारी को चुराया हुआ माल मिल जाता है, तब उसका खोज करने का प्रयत्न बन्द हो जाता है, इसलिए वे सब सम्भावित क्रियाएँ हल्की हो जाती है। (२) विक्रेता के यहाँ खरीददार के द्वारा खरीदा हुआ माल पडा रहता है, वह उसका होने से तत्सम्बन्धित क्रियाएँ भारी रूप मे लगती है, किन्तु खरीददार उस माल को उठाकर अपने घर ले जाता है, तब खरीददार को वे सब क्रियाएँ भारी रूप मे और विक्रेता को हल्के रूप मे लगती है। (३) किराने का मूल्य रूप धन जब तक खरीददार द्वारा विक्रेता को नही दिया गया है, तब तक वह धन खरीददार का है, अत उससे सम्बन्धित क्रियाएँ खरीददार को भारी रूप मे और विक्रेता को हल्के रूप मे लगती है, किन्तु खरीददार खरीदे हुए किराने का मूल्य रूप धन विक्रेता को चुका देता है, उस स्थिति मे विक्रेता को उस धन–सम्बन्धी क्रियाएँ भारी रूप मे, तथा खरीददार को हल्के रूप मे लगती है।

निष्कर्ष यह है कि वस्तु और धन जिसके अधिकार मे होते है, उसको क्रिया 'सघन' लगती है, जिसके अधिकार मे नही होते, उसको क्रिया प्रतनु होती है।

Elaboration—Six alternative questions have been asked here about buyer and seller The gist of these aphorisms is as follows—

(1) If a merchandise of a seller is stolen and he starts searching then he is liable of involvement in four activities including *arambhiki kriya* (here *kriya* or activity means act and consequence in terms of *karmic* bondage) (2) If the stolen goods are recovered the seller is liable of involvement in all these activities to a very mild degree. (3) A buyer has purchased goods and paid some advance but has not taken the delivery, in such case the buyer is liable to mild involvement and the seller is liable to greater involvement in activities related to the goods. (4) After

the buyer has taken the delivery of the goods he is liable to greater involvement and seller to mild involvement (5) If the buyer has purchased the goods but not paid the money then buyer is liable to greater involvement in activities including *arambhiki* related to that amount and the seller to a mild involvement (6) When the buyer has paid the money he is liable to mild involvement and the seller to a greater involvement in all the four activities related to that amount

Why mild and greater ?—(1) While searching for the stolen goods the seller makes special efforts, therefore he is liable to a greater involvement in the said activities However, when he recovers the goods his efforts to search come to an end and consequently the involvement becomes mild (2) As long as the sold goods remain with the seller, he owns them This results in greater involvement but when the goods are taken away by the buyer, it is the buyer who is liable to greater involvement and seller to mild only (3) As long as the money is not paid by the buyer it belongs to the buyer and he is liable to greater involvement in all activities related to the money but the seller to a mild one But when the money is paid to the seller it is the seller who is liable to greater involvement and the buyer to a mild one

The inference is that those who possess things or money are liable to greater involvement and those who do not are liable to mild involvement


अग्निकाय महाकर्म या अल्पकर्म FIRE-BODIES INTENSE AND MILD KARMAS

९ [प्र] अगणिकाए ण भंते ! अहुणोज्जलिए समाणे महाकम्मतराए चेव, महाकिरिय–महासव–महावेयणतराए चेव भवति। अहे णं समए समए वोक्कसिज्जमाणे वोक्कसिज्जमाणे वोच्छिज्जमाणे चरिमकालसमयसि इंगालभूते मुम्मुरभूते छारियभूते, तओ पच्छा अप्पकम्मतराए चेव, अप्पकिरिया अप्पासव–अप्पवेदणतराए चेव भवति ?

[उ.] हता, गोयमा ! अगणिकाए णं अहुणोज्जलिते समाणे त च चेव।

९. [प्र] भगवन् ! तत्काल प्रज्वलित अग्निकाय क्या महाकर्मयुक्त, तथा महाक्रिया, महास्रव और महावेदना से युक्त होता है ? और इसके पश्चात् समय-समय मे प्रतिक्षण क्रमश कम होता हुआ–बुझता हुआ तथा अन्तिम समय मे (जब) अगारभूत, मुर्मुरभूत, (भोभर-सा हुआ) और भस्मभूत (राख) हो जाता है (तब) क्या वह अग्निकाय अल्पकर्मयुक्त तथा अल्पक्रिया, अल्पास्रव, अल्पवेदना से युक्त होता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! तत्काल प्रज्वलित अग्निकाय महाकर्मयुक्त होता है (और भस्मभूत होने के पश्चात्) यावत् अल्पवेदनायुक्त होता है।



४. पारितापनिकी
प्राणातिपातिकी
4

चित्र परिचय-४

Illustration No. 4

महाक्रिया अल्पक्रिया तथा पाँच क्रियाएँ

महाक्रिया–अल्पक्रिया–अग्नि को प्रज्वलित करता हुआ व्यक्ति कर्मबन्ध की दृष्टि से महाक्रिया करने वाला है। प्रज्वलित अग्नि को बुझाना कर्मबन्ध की दृष्टि से अल्पक्रिया है। अग्नि जब राख हो जाती है तब वह कर्मादि रहित हो जाती है।

धनुष चलाने वाले की क्रिया–धनुष पर बाण चढ़ाकर बाण फैंक कर जीव वध करने तक की क्रिया में पाँचों क्रियाएँ इस क्रम से होती हैं।

(१) **कायिकी क्रिया**–बाण को हाथ से स्पर्श करना या हाथ में ग्रहण करना।

(२) **आधिकरणिकी**–बाण हाथ में लेकर धनुष पर चढ़ाना।

(३) **प्राद्वेषिकी**–किसी लक्ष्य को बंधने के लिए धनुष पर बाण चढ़ाकर डोरी कान तक खींचकर बाण को लक्ष्य पर छोड़ना।

(४) **पारितापनिकी**–(५) **प्राणातिपातिकी**–बाण छोड़कर किसी जीव आदि को परिताप पहुँचाना तथा उसको घात कर देना।

धनुष पर बाण चढ़ाकर फैंकने वाला इन क्रियाओं से पाप का भागी होता है।

शतक ५ उ. ६ सूत्र ९-१०

INTENSE AND MILD INVOLVEMENT AND FIVE ACTIVITIES

Intense and mild involvement—In context of bondage a person igniting fire is involved in act of intense bondage. To extinguish a fire is involvement in act of mild bondage. Finally when the fire turns into ash it does not entail any bondage of karmas.

Involvement in using a bow—Setting an arrow on the bow and launching it to kill an animal entails involvement in five activities in the following order—

(1) Kaayiki (physical) activity—to touch or pick an arrow.

(2) Aadhikaraniki (activity of collecting instruments of violence)—To place the so picked arrow on the bow.

(3) Praadveshiki (activity of harbouring aversion)—to draw the string of the bow, aim at an object and shoot the arrow.

(4) Paaritapaniki (activity of inflicting pain) and **(5) pranatipatiki (activity of killing a living being)**—to torment or kill a living being by launching the arrow.

A person shooting something with a bow and arrow gets involved in these sinful activities.

Shatak 5 lesson 6 Sutra 9-10

9. [Q.] *Bhante* ! Do fire-bodies (*agni-kaya*) just ablaze intense have *karmic* bondage (*maha-karma*), intense involvement in activities (*maha-kriya*), intense influx of *karmas* (*maha-asrava*) and intense pain (*maha-vedana*) ? And thereafter with passage of time, getting reduced every moment, when the fire gradually transforms into ember (*angaar*), cinder (*murmur*) and finally into ash, then do they have mild *karmic* bondage (*alp-karma*), mild involvement in activities (*alp-kriya*), mild influx of *karmas* (*alp-asrava*) and mild pain (*alp-vedana*) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Fire-bodies (*agni-kaya*) just ablaze have intense *karmic* bondage (*maha-karma*) and so on up to (after getting reduced into ash they have) mild pain (*alp-vedana*)

विवेचन तत्काल प्रज्वलित होती हुई अग्नि बन्ध की अपेक्षा से ज्ञानावरणीय आदि महाकर्मबन्ध का कारण होने से 'महाकर्मतर' है। अग्नि का जलना एक प्रकार की क्रिया है। इसलिए यह महाक्रियातर है। वह नवीन कर्मों के ग्रहण करने मे कारणभूत है। इसलिए वह महाआस्रवतर है। अग्नि लगने के पश्चात् होने वाली तथा उस कर्म (अग्निकाय से बद्ध कर्म) से उत्पन्न होने वाली पीडा के कारण अथवा परस्पर शरीर के 'सघात' (दबने) से होने वाली पीडा के कारण वह महावेदनातर है। जब प्रज्वलित हुई अग्नि क्रमश बुझने लगती है, तब क्रमश अगार आदि अवस्था को प्राप्त होती हुई वह अल्पकर्मतर, अल्पक्रियातर अल्पास्रवतर एव अल्पवेदनातर हो जाती है। बुझते-बुझते जब वह भस्मावस्था को प्राप्त हो जाती है, तब वह कर्मादिरहित हो जाती है। *(वृत्ति पत्राक २२१)*

Elaboration—In context of bondage, a fire just ablaze has intense bondage (*maha-karma*) because it causes bondage of intense *karmas* like *Jnanavaraniya* (knowledge obscuring *karma*) Burning of fire is a kind of activity, therefore here it is an intense activity (*maha-kriya*) As it causes acquisition of new *karmas*, it has intense influx of *karmas* (*maha-asrava*) As the *karmic* bondage a fire causes as also a collision of bodies caused by conflagration are sources of great pain it has great pain (*maha-vedana*) When it gradually transforms into ember (*angaar*) and cinder (*murmur*), then it has mild *karmic* bondage (*alp-karma*), mild involvement in activities (*alp-kriya*), mild influx of *karmas* (*alp-asrava*) and mild pain (*alp-vedana*) Finally when it turns into ash it becomes free all these including *karmas*

धनुष चलाने से लगने वाली क्रियाएँ ACTIVITIES IN SHOOTING ARROWS

१०. [प्र. १] पुरिसे णं भंते ! धणुं परामुसइ, परामुसित्ता, उसुं परमुसति, उसुं परामुसित्ता ठाणं ठाइ, ठाणं ठिच्चा आययकण्णाययं उसुं करेति, आययकण्णाययं उसुं करेत्ता उड्ढं वेहासं उसुं उव्विहति। तए णं से उसुं उड्ढं वेहासं उव्विहिए समाणे जाइं तत्थ पाणाइं भूयाइं जीवाइं सत्ताइं अभिहणइ वत्तेइ

लेस्सेइ संघाएइ संघट्टेइ परितावेइ किलामेइ, ठाणाओ ठाण सकामेइ, जीविआओ ववरोवेइ, तए णं भंते ! से पुरिसे कतिकिरिए ?

[उ.] **गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे धणु पुरामुसइ परामुसित्ता जाव उव्विहइ तावं च णं से पुरिसे काइयाए जाव पाणाइवायकिरियाए, पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे।**

१०. [प्र १] भगवन् ! कोई पुरुष धनुष को स्पर्श करता है, धनुष का स्पर्श करके बाण को स्पर्श करता है, बाण का स्पर्श करके (धनुष से बाण फैकने के) स्थान पर से आसनपूर्वक बैठता है, उस स्थिति मे बैठकर फैके जाने वाले बाण को कान तक आयत करे–खीचे, खीचकर ऊँचे आकाश मे बाण फैकता है। ऊँचे आकाश मे फैका हुआ वह बाण, वहाँ आकाश मे जिन प्राण, भूत, जीव और सत्त्व को सामने आते हुए मारे, उन्हे सिकोड दे, अथवा उन्हे ढक दे, उन्हे परस्पर **श्लिष्ट** कर (चिपका) दे, उन्हे परस्पर **संहत** (एकत्रित) करे, उनका **सघट्टा**–जोर से स्पर्श करे, उनको **परिताप**–सताप (पीडा) दे, उन्हे **क्लान्त** करे–थकाए, हैरान करे, एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकाए, एव उन्हे जीवन से रहित कर दे, तो हे भगवन् ! उस पुरुष को कितनी क्रियाएँ लगती है ?

[उ] गौतम ! वह पुरुष धनुष का स्पर्श करके धनुष को ग्रहण करता यावत् बाण को फैकता है, वह पुरुष कायिकी, आधिकरणिकी, प्राद्वेषिकी, पारितापनिकी और प्राणातिपातिकी, इन पॉच क्रियाएँ से स्पृष्ट होता है। अर्थात् उसे पाँचो क्रियाएँ लगती है।

10. [Q. 1] *Bhante* ! Suppose a person touches a bow, having picked it he touches an arrow, having picked it he sits in the correct posture (to shoot the arrow), having sat (and set the arrow on the bow-string) he draws the arrow to his ear, and having drawn the arrow he shoots it in the sky The arrow so launched in the sky hits some *praan* (two to four sensed beings), *bhoot* (plant bodied beings), *jiva* (five sensed beings), and *sattva* (immobile beings), and makes them flinch or enshrouds them or makes them stick or cluster together or smacks them and tortures them, exhausts them, torments them, chases them from one place to another and deprives them of their life In such case, *Bhante* ! In how many activities that person is liable to be involved ?

[Ans.] Gautam ! That person who touches a bow and so on up to . shoots the arrow in the sky is touched by (liable of involvement in) all the five activities, namely *kaayiki* (physical activity), *aadhikaraniki* (activity of collecting instruments of violence), *praadveshiki* (activity of harbouring aversion), *paaritapaniki* (activity of inflicting pain) and *pranatipatiki* (activity of killing a living being)

[२] जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो धणू निव्वत्तिए ते वि य णं जीवा काइयाए जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे।

[२] जिन जीवो के शरीरो से वह धनुष बना (निष्पन्न हुआ) है, वे जीव भी पॉच क्रियाओ से स्पृष्ट होते है।

[2] The beings from whose bodies that bow has been made are also liable of involvement in all the five activities

११. एवं धणुपुट्ठे पंचहिं किरियाहिं। जीवा पंचहिं। ण्हारू पंचहिं। उसू पंचहिं। सरे पत्तणे फले ण्हारू पंचहिं।

११. इसी प्रकार धनुष की पीठ भी पाँच क्रियाओ से स्पृष्ट होती है। जीव (डोरी) पाँच क्रियाओ से, ण्हारू (स्नायु) पॉच क्रियाओ से एव बाण पॉच क्रियाओ से तथा शर, पत्र, फल और ण्हारू भी पाँच क्रियाओ से स्पृष्ट होते है।

11. In the same way the body of the bow is also liable of involvement in all the five activities Also liable of involvement are the bow-string (*jiva*) or catgut (*nharu*) in five, arrow in five and (its components) rod (*shar*), feathers (*patra*), blade or tip (*phal*) and catgut (*nharu*), each in five

१२. [प्र] अहे णं से उसू अप्पणो गुरुयत्ताए, भारियत्ताए, गुरुसंभारियत्ताए अहे वीससाए पच्चोवयमाणे जाइ तत्थ पाणाइ जाव जीवियओ ववरोवेइ, तावं च णं से पुरिसे कतिकिरिए ?

[उ.] गोयमा ! जावं च णं से उसू अप्पणो गुरुययाए जाव ववरोवेति तावं च णं से पुरिसे काइयाए जाव चउहिं किरियाहिं पुट्ठे। जेसि पि य णं जीवाणं सरीरेहिं धणू निव्वत्तिए ते वि जीवा चउहिं किरियाहिं। धणुपुट्ठे चउहिं। जीवा चउहिं। ण्हारू चउहिं। उसू पंचहिं। सरे, पत्तणे, फले ण्हारू पंचहिं। जे वि य से जीवा अहे पच्चोवयमाणस्स उवग्गहे चिट्ठंति ते वि य णं जीवा काइयाए जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा।

१२. [प्र] भगवन् ! जब वह बाण अपनी गुरुता से, अपने भारीपन से, अपनी गुरुसभारता से स्वाभाविक रूप -(विस्रसा प्रयोग) से नीचे गिर रहा हो, तब (ऊपर से नीचे गिरता हुआ) वह (बाण) (बीच मार्ग मे) प्राण, भूत, जीव और सत्त्व को जीवन से रहित कर देता है। तब उस बाण फैकने वाले पुरुष को कितनी क्रियाएँ लगती है ?

[उ] गौतम ! जब वह बाण अपनी गुरुता आदि से नीचे गिरता हुआ, यावत् जीवो को जीवनरहित कर देता है, तब वह (बाण फैकने वाला) पुरुष कायिकी आदि चार क्रियाओ से स्पृष्ट होता है। जिन जीवो के शरीर से धनुष बना है, वे जीव भी चार क्रियाओ से, धनुष की पीठ चार क्रियाओ से, जीवा (डोरी) चार क्रियाओ से, ण्हारू चार क्रियाओ से, बाण पॉच क्रियाओ से, तथा शर, पत्र, फल और ण्हारू पाँच क्रियाओ से स्पृष्ट होते है। 'नीचे' गिरते हुए बाण के अवग्रह (घेरे) मे जो जीव आते है, वे जीव भी कायिकी आदि पॉच क्रियाओ से स्पृष्ट होते है।

12. [Q.] *Bhante* ! When that arrow with its mass, with its weight and with its mass and weight is falling downwards in its natural course then it (arrow) hits some *praan* (two to four sensed beings), *bhoot* (plant

bodied beings), jiva (five sensed beings), and sattva (immobile beings)... and so on up to deprives them of their life In that case in how many activities the person who shot that arrow is liable to be involved ?

[Ans.] Gautam ! When that arrow with its mass, with its weight and with its mass and weight is falling downwards, and so on up to deprives them of their life, then the person (who shot it) is touched by four activities including *kaayiki* (physical activity) The beings from whose bodies that bow has been made are also liable of involvement in four activities The body of the bow is also liable of involvement in four activities Also liable of involvement are the bow-string (*jiva*) or catgut (*nharu*) in four, arrow in five and (its components) rod (*shar*), feathers (*patra*), blade or tip (*phal*) and catgut (*nharu*), each in five The beings afflicted by the falling arrow are also touched by five activities including *kaayiki*

विवेचन प्रस्तुत तीन सूत्रो (सूत्र १० से १२ तक) धनुष चलाने वाले व्यक्ति को तथा धनुष के विविध उपकरण (अवयव) जिन-जिन जीवो के शरीरो से बने है उनको बाण छूटते समय तथा बाण के नीचे गिरते समय होने वाली प्राणिहिसा मे लगने वाली क्रियाओ का निरूपण है।

एक व्यक्ति धनुष हाथ मे लेकर बाण फैकता है और उससे अनेक जीवो का उत्पीडन व घात करता है–इस सम्पूर्ण प्रक्रिया मे उसे प्राणातिपातिकी आदि पॉचो क्रियाएँ लगती है तथा उस धनुष मे प्रयुक्त बाण, डोरी आदि उपकरण जिन जीवो के शरीर से बने है उन जीवो को भी पॉचो क्रियाएँ लगती है, यह विषय प्रश्न योग्य है, क्योकि उन जीवो का शरीर तो जड है, जीव कही अन्यत्र अन्य शरीर धारण कर चुका है, फिर उस जड शरीर से उसे प्राणातिपातिकी आदि क्रियाएँ कैसे लगेगी ? यदि जड शरीर से ही क्रियाएँ लगती है, तो सिद्धो के त्यक्त शरीर से उन्हे भी क्रियाएँ लगनी चाहिए ?

इस प्रश्न का समाधान इस प्रकार दिया गया है कि उन जीवो ने मरते समय तक हिसा आदि से विरति (निवृत्ति) नही की थी, हिंसा का त्याग नही करने से अविरति के परिणाम से युक्त थे, इस कारण उन्हे पॉँचो क्रियाएँ लगती है। सिद्धो को क्रियाएँ इसलिए नही लगती चूँकि उन्होने कर्मबध के हेतुभूत अविरति परिणाम का सर्वथा त्याग कर दिया था।

प्रश्न उठता है, फिर तो साधु को रजोहरणादि उपकरणो से जीव दया आदि होने पर उनके भूतपूर्व जीवो को पुण्यबध भी होना चाहिए, परन्तु ऐसा नही होता, क्यो ? उत्तर है, पुण्यबन्ध तभी होता है, जब क्रिया मे विवेक और शुभ अध्यवसाय सलग्न हो। जड शरीर मे विवेक आदि नही होते। इसलिए उन्हे पुण्य का बध भी नही होता।

इसके अतिरिक्त अपने भारीपन आदि के कारण जब बाण नीचे गिरता है, तब जिन जीवो के शरीर से वह बाण बना है, उन्हे पॉँचो क्रियाएँ लगती है, क्योकि बाणादि रूप बने हुए जीवो के शरीर तो उस समय मुख्यतया जीवहिंसा मे प्रवृत्त होते है। जबकि धनुष की डोरी, धनु पृष्ट आदि साक्षात् वधक्रिया मे प्रवृत्त न होकर केवल निमित्तमात्र बनते है, इसलिए उन्हे चार क्रियाएँ लगती है। वृत्तिकार ने इस विषय को श्रद्धागम्य बताया है। *(वृत्ति पत्राक २३०)*

Elaboration—In the aforesaid three aphorism (10 to 12) liability of involvement of an archer and the beings from whose bodies the bow and arrow have been made, in activities of violence at the time of shooting the arrow and its fall has been discussed

When a person takes a bow and shoots an arrow harming and killing many living beings he is liable of involvement in all the five activities including *pranatipatiki kriya* (here *kriya* means act and consequence in terms of *karmic* bondage) The living beings from whose bodies the bow, arrow and other components have been made are also liable of involvement in all the five activities This point raises a question—the bodies of those beings are life-less, the soul has taken rebirth at some other place, then can those souls be liable of involvement in the activities of the abandoned lifeless bodies ? If such liability is possible why the liberated souls should not be liable of involvement in activities through their abandoned bodies ?

The explanation given for this question is that the living beings from whose bodies the bows (etc) are made were not detached from violence and other sinful activities Because of this absence of detachment from sinful activities they are liable to such involvement *Siddhas* (liberated souls) are not liable to such involvement because they are absolutely free of any attachment that causes bondage of *karmas*

Another question is that as ascetics use their equipment, like ascetic-broom, in their pious activities, like protection of creatures, the beings from whose bodies these equipment were made would acquire bondage of meritorious *karmas* But this does not happen, why ? The answer is that bondage of meritorious *karmas* takes place only when the action is accompanied by prudence and noble intent A life-less body does not have these feelings, therefore there is no such bondage

When the arrow falls due to its weight, the beings from whose bodies it is made are liable to involvement in all the five activities because the bodies of those beings, in the form of arrow, are mainly involved in killing of beings As the bow-string and other components are only instrumental and not directly involved in the act of killing they are liable to involvement in only four activities The commentator (*Vritti*) has assigned this subject to the domain of faith *(Vritti, leaf 230)*

१३. [प्र.] अन्नउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति जाव परूवेंति–से जहानामए जुवइं जुवाणे हत्थेणं हत्थे गेण्हेज्जा, चक्कस्स वा नाभी अरगाउत्ता सिया एवामेव जाव चत्तारि पंच जोयणसयाइं बहुसमाइण्णे मणुयलोए मणुस्सेहिं। से कहमेत भते ! एवं ?

गोयमा ! जं णं ते अन्नउत्थिया जाव मणुस्सेहिं, जे ते एवमाहंसु मिच्छा। अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि जाव एवामेव चत्तारि पच जोयणसताइं बहुसमाइण्णे निरयलोए नेरइएहिं।

१३. [प्र] भगवन् ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते है, यावत् प्ररूपणा करते है कि जैसे कोई युवक अपने हाथ से युवती का हाथ पकडे हुए हो, अथवा जैसे आरो से एकदम सटी हुई चक्र की नाभि हो, इसी प्रकार यावत् चार सौ-पॉच सौ योजन तक यह मनुष्यलोक मनुष्यो से ठसाठस भरा हुआ है। भगवन् ! यह प्ररूपणा क्या ठीक है ?

[उ] हे गौतम ! अन्यतीर्थियो का यह कथन मिथ्या है। मै इस प्रकार कहता हूँ, यावत् प्ररूपणा करता हूँ कि चार सौ–पॉच सौ योजन तक नरकलोक, नैरयिक जीवो से ठसाठस भरा हुआ है।

13 [Q.] *Bhante* ! People of other faiths (*anyatirthik*) or heretics say (*akhyanti*) and so on up to propagate (*prarupayanti*) that this land of humans is tightly packed with human beings and so on up to four-five hundred *Yojans* just like a young man tightly holds the hand of a young woman or like the spokes of a wheel are tightly held by its axle *Bhante* ! Is it so ?

[Ans.] Gautam ! This statement by heretics is wrong I say (*akhyanti*) and so on up to propagate (*prarupayanti*) that the infernal world (*narak*) is tightly packed with infernal beings (*nairayiks*) up to four-five hundred *Yojans*

१४. [प्र] नेरइया णं भते ! किं एगत्त पभू विउव्वित्तए ? पुहत्त पभू विकुव्वित्तए ?

[उ] जाव जीवाभिगमे आलावगो तहा नेयव्वो जाव दुरहियासं।

१४. [प्र] भगवन् ! क्या नैरयिक जीव, एकत्व (एकरूप) की विकुर्वणा करने मे समर्थ है, अथवा बहुत्व (बहुत से रूपो) की विकुर्वणा करने मे समर्थ है ?

[उ] गौतम ! इस विषय मे जीवाभिगमसूत्र मे जिस प्रकार आलापक कहा है, उसी प्रकार का आलापक यहाँ भी 'दुरहियास' शब्द तक कहना चाहिए।

14. [Q.] *Bhante* ! Are the infernal beings capable of transmutation into one form (*ekatva*) or many forms (*bahutva*) ?

[Ans.] In this regard the statement from *Jivabhigam Sutra* should be repeated here up to the word *durahiyasam* (unbearable)

विवेचन नैरयिको की विकुर्वणा के सम्बन्ध मे–जीवाभिगमसूत्र के आलापक का सार इस प्रकार है–रत्नप्रभा आदि नरको मे नैरयिक जीव एकरूप की भी विकुर्वणा करने मे समर्थ है, बहुत से रूपो की भी। एकरूप की विकुर्वणा करते है, तब वे एक बडे मुद्गर या मुसुढि, करवत, शूल आदि शस्त्र और लकडी यावत् भिडमाल के रूप की विकुर्वणा कर सकते है और जब बहुत से रूपो की विकुर्वणा करते है, तब मुद्गर से लेकर भिडमाल तक बहुत–से शस्त्रो की विकुर्वणा कर सकते है। वे सब सख्येय होते है, असख्येय नही। इसी प्रकार वे सम्बद्ध और सदृश रूपो की विकुर्वणा करते है, असम्बद्ध एव असदृश रूपो की नही। इस प्रकार की विकुर्वणा करके वे एक–दूसरे के शरीर को अभिघात (चोट) पहुँचाते हुए वेदना की उदीरणा करते है। वह वेदना उज्ज्वल (तप), विपुल (सम्पूर्ण शरीर मे व्याप्त) प्रगाढ, कर्कश (अनिष्टकर), कटुक, परुष (कठोर), निष्ठुर, चण्ड, तीव्र, दुर्ग, दु खरूप और दु सह होती है। *(जीवाभिगम सूत्र, प्रतिपत्ति ३ द्वितीय उद्देशक, नरकस्वरूपवर्णन, पृष्ठ ११७)*

Elaboration—About transmutation of infernal beings—The gist of the statement from *Jivabhigam Sutra* is as follows—In the hells like Ratnaprabha the infernal beings are capable of transmutation into one form as well as many When they transmute into one form they can acquire form of a large mace or any other weapon (*musudhi*, *karavat*, *shool*, staff, *bhindamal* etc) When they transmute into many forms they can acquire forms of many of these weapons The number of these are countable and not innumerable This way they transmute into related and similar forms and not otherwise After acquiring these forms they hit each other and inflict pain This pain is searing (*ujjval*), great (*vipul*, spread all over the body), deep (*pragadh*), harsh (*karkash*), bitter (*katuk*), hard (*parush*), cruel (*nishthur*), excruciating (*chand*), violent (*tivra*), gripping (*durg*), miserable (*duhkharupa*), and unbearable (duhsaha) [*Jivabhgam Sutra 3/2 (Description of Narak), p 117*]

आधाकर्मादि आहार का फल **FRUITS OF TAKING FAULTY FOOD**

१५. [१] 'आहाकम्मं णं अणवज्जे' त्ति मणं पहारेत्ता भवइ, से णं तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंते कालं करेइ नत्थि तस्स आराहणा।

[२] से णं तस्स ठाणस्स आलोइयपडिक्कंते कालं करेति अत्थि तस्स आराहणा।

[३] एतेणं गमेणं नेयव्व–कीयकड, ठवियगं, रइयगं, कंतारभत्तं, दुब्भिक्खभत्तं, वद्दलियाभत्तं, गिलाणभत्तं, सिज्जातरपिंडं, रायपिंडं।

१५. [१] 'आधाकर्म (साधु के लिए बनाया हुआ भोजन, वस्त्र, भवन आदि) **अनवद्य–निर्दोष है'**, इस प्रकार जो साधु मन मे समझता है, वह यदि उस आधाकर्म–स्थान की आलोचना (तदनुसार प्रायश्चित्त) एव प्रतिक्रमण किये बिना ही काल कर जाता है, तो उसके आराधना नही होती।

[२] वह (पूर्वोक्त प्रकार की धारणा वाला साधु) यदि उस (आधाकर्म–) स्थान की आलोचना एव प्रतिक्रमण करके काल करता है, तो उसके आराधना होती है।

[३] आधाकर्म के (पूर्वोक्त) दोनो आलापक के अनुसार ही **क्रीतकृत** (साधु के लिए खरीदकर लाया हुआ), **स्थापित** (साधु के लिए स्थापित करके रखा हुआ), **रचितक** (साधु के लिए मोदक के रूप मे बाँधा हुआ) (औद्देशिक दोष का भेदरूप), **कान्तारभक्त** (अटवी मे भिक्षुको के निर्वाह के लिए तैयार किया हुआ आहार), **दुर्भिक्षभक्त** (दुष्काल के समय भिक्षुओ के लिए तैयार किया हुआ आहार), **वर्दलिकाभक्त** (आकाश मे बादल छाये हो, घनघोर वर्षा हो रही हो, ऐसे समय मे भिक्षुओ के लिए तैयार किया हुआ आहार), **ग्लानभक्त** -(रुग्ण के लिए बनाया हुआ आहार), **शय्यातरपिण्ड** (जिसकी आज्ञा से मकान मे ठहरे है, उस व्यक्ति के यहाँ से आहार लेना), **राजपिण्ड** (राजा के लिए तैयार किया गया आहार) इन सब दोषो से युक्त आहारादि के विषय मे (आधाकर्म--सम्बन्धी आलापक के समान ही) प्रत्येक के दो दो आलापक कहने चाहिए।

15. [1] "*Adhakarma* (food specifically prepared for an ascetic) is faultless", if an ascetic believes this and if he dies without censuring (and duly atoning) and doing critical review (*pratikraman*), he is said to have not accomplished spiritual worship (*aradhana*)

[2] If he (the ascetic with aforesaid belief) dies after duly censuring (the fault of *adhakarma*) and doing critical review (*pratikraman*), he is said to have accomplished spiritual worship (*aradhana*)

[3] The two aforesaid statements regarding *adhakarma* should also be repeated for food with each of the following faults—*Kreetakrit* (purchased for *shramans*), *Sthapit* (food kept apart for the ascetic), *Rachitak* (made into balls or re-cooked specifically for an ascetic, a sub-type of *adhakarma*), *Kantarabhakt* (emergency food packed and taken along while crossing a difficult terrain), *Durbhiksh-bhakt* (food prepared for distributing to beggars and destitute during a drought), *Vardalikabhakt* (food prepared and kept for distributing during periods of heavy rain, floods and other such calamities), *Glaanabhakt* (food meant for the sick), *Shayyatar-pind* (food offered by the person who has provided place of stay) and *Raj-pind* (food from the royal kitchen)

१६. [१] **'आहाकम्म ण अणवज्जे' त्ति बहुजणमज्झे भासित्ता सयमेव परिभुंजित्ता भवति, से ण तस्स ठाणस्स जाव अत्थि तस्स आराहणा।** [२] **एए वि तह चेव जाव रायपिंडं।**

१७. 'आहाकम्म ण अणवज्जे' त्ति सयं अन्नमन्नस्स अणुप्पदावेत्ता भवति, से ण तस्स० एयं तह चेव जाव रायपिंडं।

१८. 'आहाकम्मं ण अणवज्जे' त्ति बहुजणमज्झे पन्नवइत्ता भवति, से णं तस्स जाव अत्थि आराहणा जाव रायपिंडं।

१६. [१] आधाकर्म अनवद्य (निर्दोष) है, इस प्रकार जो साधु बहुत-से मनुष्यो के बीच मे कहकर, स्वय ही उस आधाकर्म-आहारादि का सेवन (उपभोग) करता है, यदि वह उस स्थान की आलोचना एव प्रतिक्रमण किये बिना ही काल कर जाता है तो उसके आराधना नही होती, यावत् यदि वह उस स्थान की आलोचना-प्रतिक्रमण करके काल करता है, तो उसके आराधना होती है। [२] आधाकर्म-सम्बन्धी इस प्रकार के दोनो आलापक के समान क्रीतकृत से लेकर राजपिण्डदोष तक पूर्वोक्त प्रकार से प्रत्येक के दो-दो आलापक समझ लेने चाहिए।

१७. 'आधाकर्म अनवद्य है', इस प्रकार कहकर, जो साधु स्वय परस्पर (भोजन करता है, तथा) दूसरे साधुओ को दिलाता है, किन्तु उस आधाकर्म दोषस्थान की आलोचना-प्रतिक्रमण किये बिना काल करता है तो उसके अनाराधना होती है, तथा आलोचनादि करके काल करता है तो उसके आराधना होती है। इसी प्रकार क्रीतकृत से लेकर राजपिण्ड तक पूर्ववत् यावत् अनाराधना एव आराधना का कथन जान लेना चाहिए।

१८. 'आधाकर्म अनवद्य है', इस प्रकार जो साधु बहुत-से लोगो के बीच मे प्ररूपणा (प्रज्ञापना) करता है, उसके भी यावत् आराधना नही होती, तथा वह यावत् जो आलोचना-प्रतिक्रमण करके काल करता है, उसके आराधना होती है। इसी प्रकार क्रीतकृत से लेकर यावत् राजपिण्ड तक पूर्वोक्त प्रकार से अनाराधना होती है, तथा यावत् आराधना होती है।

16. **[1]** "*Adhakarma* (food specifically prepared for an ascetic) is faultless", if an ascetic who so declares in a large gathering and consumes such food, and if he dies without censuring and doing critical review (*pratikraman*), he is said to have not accomplished spiritual worship (*aradhana*) and so on up to If he dies after duly censuring and doing critical review (*pratikraman*), he is said to have accomplished spiritual worship (*aradhana*) **[2]** The two aforesaid statements regarding *adhakarma* should also be repeated for food with each of the faults from *Kreetakrit* (purchased for *shramans*) to *Raj-pind* (food from the royal kitchen)

17. "*Adhakarma* (food specifically prepared for an ascetic) is faultless", if an ascetic who so declares, consumes such food, gets other ascetics offered such food, and if he dies without censuring and doing critical review (*pratikraman*), he is said to have not accomplished spiritual worship (*aradhana*) . and so on up to If he dies after duly censuring and doing critical review (*pratikraman*), he is said to have accomplished spiritual worship (*aradhana*) The same is true for food with each of the faults from *Kreetakrit* (purchased for *shramans*) to *Raj-pind* (food from the royal kitchen)

18. "*Adhakarma* (food specifically prepared for an ascetic) is faultless", if an ascetic who so declares in a large gathering and so on up to he is said to have not accomplished spiritual worship (*aradhana*) and so on up to if he dies after duly censuring and doing critical review (*pratikraman*), he is said to have accomplished spiritual worship (*aradhana*) The same is true for food with each of the faults from *Kreetakrit* (purchased for *shramans*) to *Raj-pind* (food from the royal kitchen)

विवेचन उक्त चार सूत्रो का निष्कर्ष यह है कि आधाकर्म से लेकर राजपिण्ड तक मे से किसी भी दोष का किसी भी रूप मे मन-वचन काया से सेवन करके अन्तिम समय मे उस दोष की आलोचना-प्रतिक्रमण कर लेता है, तो वह आराधक होता है। उन दोषो की आलोचना-प्रतिक्रमणादि न करके काल करने वाला साधु विराधक। आधाकर्मादि दोष निर्दोष होने की मन मे धारणा बना लेना, तथा निर्दोष होने की प्ररूपणा करना विपरीत श्रद्धानादिरूप **दर्शन-विराधना** है, इन्हे विपरीत रूप म जानना **ज्ञान-विराधना** है। तथा इन दोषो को निर्दोष कहकर स्वय आधाकर्मादि आहारादि सेवन करना, तथा दूसरो को वैसा दोषयुक्त आहार दिलाना, **चारित्र-विराधना** है। *(वृत्ति पत्राक २३१)*

Elaboration—The gist of the aforesaid four aphorisms is that if any fault related to food from *Adhakarma* to *Raj-pind* is committed in any way—by mind, speech and body—and the culprit duly censures and does critical review (*pratikraman*) before dying, he is supposed to have accomplished his spiritual practices One who does not censure and do critical review (*pratikraman*) before dying, he is supposed not to have accomplished his spiritual practices To have belief that the said faults including *adhakarma* are not faults and to declare so is contradicting established faith and thus a fault related to perception/faith (*darshan-viradhana*) To understand and know such contradiction is fault related to knowledge (*jnana-viradhana*) and to declare such food faultless, accept it and facilitate others accepting it is fault related to conduct (*chaaritra-viradhana*) *(Vritti, leaf 231)*

आचार्य-उपाध्याय की गति DESTINY OF ACHARYA AND UPADHYAYA

१९. [प्र.] आयरिय, उवज्झाए णं भंते ! सविसयंसि गण अगिलाए सगिण्हमाणे अगिलाए उवगिण्हमाणे कतिहिं भवग्गहणेहिं सिज्झति जाव अंत करेति ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइए तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झति, अत्थेगइए दोच्चेणं भवग्गहणेणं सिज्झति, तच्चं पुण भवग्गहणं नातिक्कमति।

१९. [प्र.] भगवन् ! अपने विषय मे-(सूत्र और अर्थ की वाचना-प्रदान करने मे) गण (शिष्यवर्ग) को अग्लान (अखेद) भाव से सूत्रार्थ पढाते हुए तथा अग्लानभावपूर्वक (खेदरहित, प्रसन्न

मन से) उन्हे सयम पालन मे सहायता करते हुए आचार्य और उपाध्याय, कितने भव (जन्म) ग्रहण करके सिद्ध होते है, यावत् सर्व दु खो का अन्त करते है ?

[उ] गौतम ! कितने ही आचार्य-उपाध्याय उसी भव से सिद्ध होते है, कितने ही दो भव ग्रहण करके सिद्ध होते है, किन्तु तीसरे भव का अतिक्रमण नही करते।

19. [Q.] In how many births the *acharyas* and *upadhyayas*, who teach their disciples and help them follow ascetic-discipline without any reservations (or happily) in their respective fields, become *Siddhas* and so on up to end all misery ?

[Ans.] Gautam ! Some of the *acharya-upadhyayas* become *Siddhas* in that very birth and some do so after two births but in no case they go beyond the third birth

मिथ्यादोषारोपणकर्ता के दुष्कर्मबन्ध **BONDAGE OF ACCUSERS**

२०. [प्र.] जे णं भंते ! पर अलिएणं असतएण अब्भक्खाणेणं अब्भक्खाति तस्स णं कहप्पगारा कम्मा कज्जंति ?

[उ.] गोयमा ! जे ण परं अलिएणं असतंएणं अब्भक्खाणेणं अब्भक्खाति तस्स णं तहप्पगारा चेव कम्मा कज्जंति, जत्थेव णं अभिसमागच्छति तत्थेव ण पडिसंवेदेति, ततो से पच्छा वेदेति।

सेव भंते ! २ त्ति०।

॥ पंचमसए : छट्ठो उद्देसओ समत्तो ॥

२०. [प्र] भगवन् ! जो दूसरे पर सद्भूत का अपलाप (सत्य को छिपाना) और असद्भूत (असत्य) का आरोप करके असत्य मिथ्यादोषारोपण (अभ्याख्यान) करता है, उसे किस प्रकार के कर्म बँधते है।

[उ] गौतम ! जो दूसरे पर सद्भूत का अपलाप और असद्भूत का आरोपण करके मिथ्या दोष लगाता है, उसके उसी प्रकार के कर्म बँधते है। वह जिस योनि मे उत्पन्न होता है, वहाँ उन कर्मो को वेदता (भोगता) है और वेदन करने के पश्चात् उनकी निर्जरा करता है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है', यो कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरने लगे।

20. [Q.] *Bhante* ! What sort of *karmas* does the person who distorts truth, makes false accusations and puts false blames on others acquire ?

[Ans.] Gautam ! The person who distorts truth, makes false accusations and puts false blames on others acquires same sort of *karmas* (entailing similar accusations and blames) In whichever genus

he is born he experiences (the fruits of) those *karmas* and after suffering sheds them

"*Bhante* ! Indeed that is so Indeed that is so" With these words and so on up to ascetic Gautam resumed his activities

विवेचन ब्रह्मचारी को अब्रह्मचारी कहना, यह सद्भूत का अपलाप है, अचोर को चोर कहना असद्भूत दोष का आरोपण है। ऐसा करके किसी पर मिथ्या दोषारोपण करने से इसी प्रकार का फल देने वाले कर्मों का बन्ध होता है। कर्मशास्त्र अनुसार कर्म की शुद्धि के दो प्रकार है-(१) प्रायश्चित्त, और (२) उसके विपाक को भोगना। यहाँ दूसरा प्रकार बताया है। *(वृत्ति पत्राक २३२)*

॥ पचम शतक · छठा उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—To call a celibate a non-celibate is distorting truth To call an upright person a thief is false accusation To do that and put a false blame on someone causes bondage of *karmas* that give similar fruits According to the theory of *karma* there are two ways of purification - (1) by atonement and (2) by suffering the fruits Here the second option has been mentioned *(Vritti, leaf 232)*

● END OF THE SIXTH LESSON OF THE FIFTH CHAPTER ●

पंचम शतक : सप्तम उद्देशक
FIFTH SHATAK (Chapter Five) : SEVENTH LESSON

एजन EJAN (VIBRATION)

परमाणुपुद्गल का कम्पन VIBRATION OF PARAMANU PUDGAL

१. [प्र.] परमाणुपोग्गले णं भंते ! एयइ वेयइ, चलइ, फंदइ, घट्टइ, खुब्भइ, उदीरइ तं तं भावं परिणमति ?

[उ.] गोयमा ! सिय एयति वेयति जाव परिणमति, सिय णो एयति जाव णो परिणमति।

१. [प्र.] भगवन् ! क्या परमाणुपुद्गल काँपता है, विशेष रूप से काँपता है? चलन, स्पन्दन, प्रकम्पन, क्षोभ और उदीरणा करता है, उस-उस भाव मे (विभिन्न परिणामो मे) परिणत होता है?

[उ.] गौतम ! परमाणुपुद्गल कदाचित् काँपता है, विशेष काँपता है, यावत् उस-उस भाव मे परिणत होता है। कदाचित् नही काँपता, यावत् उस-उस भाव मे परिणत नही होता।

1. [Q.] *Bhante* ! Does ultimate particle of matter (*paramanu pudgal*) vibrate (*ejan*), vibrate unusually (*vejan*), move (*chalan*), pulsate (*spandan*), quiver (*prakampan*), get agitated (*kshobh*) and precipitate (*udirana*)? And get transformed accordingly (into different forms)?

[Ans.] Gautam ! Sometimes ultimate particle of matter (*paramanu pudgal*) vibrates (*ejan*), vibrates unusually (*vejan*) and so on up to gets transformed accordingly. Sometimes it does not vibrate (*ejan*), vibrate unusually (*vejan*) and so on up to get transformed accordingly.

२. [प्र. १] दुपदेसिए णं भंते ! खंधे एयइ जाव परिणमइ ?

[उ.] गोयमा ! सिय एयइ जाव परिणमइ, सिय णो एयइ जाव णो परिणमइ; सिय देसे एयइ, देसे नो एयइ।

२. [प्र. १] भगवन् ! क्या द्विप्रदेशिक स्कन्ध काँपता है, यावत् उस-उस भाव मे परिणत होता है?

[उ.] हे गौतम ! कदाचित् कम्पित होता है, यावत् परिणत होता है, कदाचित् कम्पित नही होता, यावत् परिणत नही होता। कदाचित् एक देश (भाग) से कम्पित होता है, एक देश से कम्पित नही होता।

2. [Q. 1] *Bhante* ! Does an aggregate of two ultimate particles vibrate (*ejan*) and so on up to get transformed accordingly?

[Ans.] Gautam ! Sometimes it vibrates (*ejan*) and so on up to gets transformed accordingly. Sometimes it does not vibrate (*ejan*) and so on up to get transformed accordingly. Sometimes one of its sections (*desh*)

vibrates (*ejan*) and so on up to gets transformed accordingly and the other section does not vibrate (*ejan*) and so on up to get transformed accordingly

[प्र २] तिपदेसिए ण भंते ! खंधे एयइ ?

[उ] गोयमा ! सिय एयइ १, सिय नो एयइ २, सिय देसे एयइ, नो देसे एयइ ३, सिय देसे एयइ नो देसा एयंति ४, सिय देसा एयंति नो देसे एयइ ५।

[प्र २] भगवन् ! क्या त्रिप्रदेशिक स्कन्ध कम्पित होता है, यावत् परिणत होता है ?

[उ] गौतम ! (१) कदाचित् कम्पित होता है, (२) कदाचित् कम्पित नही होता, (३) कदाचित् एक देश से कम्पित होता है और एक देश से कम्पित नही होता, (४) कदाचित् एक देश से कम्पित होता है और बहुत देशो से कम्पित नही होता, (५) कदाचित् बहुत देशो से कम्पित होता है और एक देश से कम्पित नही होता।

[Q. 2] *Bhante* ! Does an aggregate of three ultimate particles vibrate (*ejan*) and so on up to get transformed accordingly ?

[Ans.] Gautam ! (1) Sometimes it vibrates (*ejan*) (2) Sometimes it does not vibrate (*ejan*) (3) Sometimes one of its sections (*desh*) vibrates (*ejan*) and the other section does not vibrate (*ejan*) (4) Sometimes one of its sections (*desh*) vibrates (*ejan*) and not many other sections (5) Sometimes many of its sections (*desh*) vibrate (*ejan*) and only one does not (here *desh* means *pradesh* or ultimate particle of matter)

[प्र. ३] चउप्पएसिए णं भंते ! खधे एयइ ?

[उ.] गोयमा ! सिय एयइ १, सिय नो एयइ २, सिय देसे एयइ णो देसे एयइ ३, सिय देसे एयइ णो देसा एयति ४, सिय देसा एयंइ नो देसे एयइ ५, सिय देसा एयंति नो देसा एयंति ६।

जहा चउप्पदेसिओ तहा पचपदेसिओ, तहा जाव अणतपदेसिओ।

[प्र ३] भगवन् ! क्या चतुष्प्रदेशिक स्कन्ध कम्पित होता है ?

[उ] गौतम ! (१) कदाचित् कम्पित होता है, (२) कदाचित् कम्पित नही होता, (३) कदाचित् उसका एकदेश कम्पित होता है, कदाचित् एकदेश कम्पित नही होता, (४) कदाचित् एकदेश कम्पित होता है और बहुत देश कम्पित नही होते, (५) कदाचित् बहुत देश कम्पित होते है और एक देश कम्पित नही होता, (६) कदाचित् बहुत देश कम्पित होते है और बहुत देश कम्पित नही होते।

जिस प्रकार चतुष्प्रदेशी स्कन्ध के विषय मे कहा गया है, उसी प्रकार पचप्रदेशी स्कन्ध से लेकर यावत् अनन्तप्रदेशी स्कन्ध तक (प्रत्येक स्कन्ध के लिए) कहना चाहिए।

[Q. 3] *Bhante* ! Does an aggregate of four ultimate particle vibrate (*ejan*) ?

[**Ans.**] Gautam ! (1) Sometimes it vibrates (*ejan*) (2) Sometimes it does not vibrate (*ejan*) (3) Sometimes one of its sections (*desh*) vibrates (*ejan*) and the other section does not vibrate (*ejan*) (4) Sometimes one of its sections (*desh*) vibrates (*ejan*) and not many other sections (5) Sometimes many of its sections (*desh*) vibrate (*ejan*) and only one does not (6) Sometimes many of its sections (*desh*) vibrate (*ejan*) and many do not

What has been said about aggregate of four ultimate particles is also applicable to all aggregates of five to infinite ultimate particles

विवेचन · पुद्गल की सबसे छोटी इकाई परमाणु है। दो परमाणुओ का योग द्विप्रदेशी स्कन्ध, यावत् तीन, चार आदि परमाणुओ के स्कन्ध से उतने ही प्रदेशी स्कन्ध बनते है। पुद्गलो मे कम्पनादि क्रियाएँ कदाचित् होती है, कदाचित् नही होती। इस कारण परमाणुपुद्गल मे कम्पन आदि विषयक दो भग, द्विप्रदेशिक स्कन्ध मे तीन भग, त्रिप्रदेशिक स्कन्ध मे, पाँच भग और चतुष्प्रदेशी स्कन्ध से लेकर अनन्तप्रदेशी स्कन्ध तक प्रत्येक स्कन्ध मे कम्पनादि के छह भग होते है।

Elaboration—The smallest single particle of matter is called *paramanu* or ultimate particle An aggregate of two ultimate particles is called *dvipradeshiya skandh* Aggregates of more ultimate particles are given the name of their respective numbers Matter sometimes undergoes activities like vibration and sometimes does not That is why there are two alternative situations with regard to action in a single *paramanu*, three in an aggregate of two, five in an aggregate of three and six in aggregates of four and more up to infinite

परमाणुपुद्गलो मे छेदन आदि **PIERCING ETC IN ULTIMATE PARTICLES**

३. [प्र १] परमाणुपोग्गले णं भंते ! असिधारं वा खुरधारं वा ओगाहेज्जा ?

[उ] हंता, ओगाहेज्जा।

[प्र. २] से णं भंते ! तत्थ छिज्जेज्ज वा भिज्जेज्ज वा ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, नो खलु तत्थ सत्थं कमति।

४. एवं जाव असंखेज्जपएसिओ।

३. [प्र १] भगवन् ! क्या परमाणुपुद्गल तलवार की धार या क्षुरधार (उस्तरे की धार) पर अवगाहन कर सकता है ?

[उ.] हॉ, अवगाहन कर सकता है।

[प्र. २] भगवन् ! उस धार पर अवगाहित होकर रहा हुआ परमाणुपुद्गल छिन्न या भिन्न हो जाता है ?

[उ] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नही है। परमाणुपुद्गल मे शस्त्र नही चल सकता।

४. इसी तरह (द्विप्रदेशी स्कन्ध से लेकर) यावत् असख्यप्रदेशी स्कन्ध तक समझ लेना चाहिए। (निष्कर्ष यह है कि एक परमाणु से असख्यप्रदेशी स्कन्ध तक शस्त्र से छिन्न भिन्न नही होता, क्योकि कोई भी शस्त्र इसमे प्रविष्ट नही हो सकता।)

3. [Q. 1] *Bhante* ! Can *paramanu-pudgal* (ultimate particle of matter) accommodate itself (*avagahana*) on the edge of a sword or a razor ?

[Ans.] Yes, it can accommodate

[Q. 2] *Bhante* ! Can the *paramanu-pudgal* (ultimate particle of matter) accommodated on that edge get cut into two (*chhedan*) or more pieces (*bhedan*) (by that edge) ?

[Ans.] Gautam ! That is not correct No weapon is effective on *paramanu-pudgal* (ultimate particle of matter)

(अथवा) जैसे कोई पुरुष अत्यन्त तपे हुए लोहे के तवे (या कडाह) पर पानी की बूँद डाले तो वह यावत् शीघ्र ही विनष्ट हो जाती है, इसी प्रकार, हे गौतम ! श्रमण-निर्ग्रन्थो के यथाबादर कर्म भी शीघ्र ही विध्वस्त हो जाते है और वे यावत् महानिर्जरा एव महापर्यवसान वाले होते है।

इसी कारण से ऐसा कहा जाता है कि जो महावेदना वाला होता है, वह महानिर्जरा वाला होता है, यावत् वही श्रेष्ठ है जो प्रशस्तनिर्जरा वाला है।


4. [Q.] *Bhante* ! Then why is it said that one with extensive pain (*mahavedana*) is also with extensive shedding of *karmas* (*mahanirjara*) and so on up to with extensive shedding of *karmas* superior ?

[Ans.] Gautam ! Suppose there are two pieces of cloth One of these is soaked in slime (*kardam*) and the other in the dirt of a wheel (*khanjan*) Gautam ! Which one of these two pieces of cloth is more difficult to wash and more difficult to make free of stains, which one of these two is easier to wash, easier to make free of stains and easier to make sparkling (and paint)—the one soaked in slime or the one soaked in the dirt of a wheel ?

(Gautam) *Bhante* ! Of these the one soaked in slime is more difficult to wash, more difficult to make free of stains and more difficult to make sparkling

(*Bhagavan*) Gautam ! In the same way the demeritorious *karmas* (*paap-karma*) of the infernal beings (*nairayik*) are firmly adhered (*gaadhikrit*), smoothly fixed (*chikkanikrit*), assimilated (*shlisht*, partially intransigent or *nidhatt*) and fully fused (*khilibhoot*, intransigent or *nikachit*) Therefore, in spite of suffering intense agony they are neither with extensive shedding nor with a noble end (*mahaparyavasaan*)

Or suppose a man is continuously hammering an anvil with great force producing loud sound Even then he is not able to destroy the gross matter particles of that anvil In the same way the demeritorious


तप्त तवे पर
कर्म मल

चित्र परिचय-५	Illustration No. 5

वेदना और निर्जरा

(१) **महावेदना–अल्पनिर्जरा**–कुछ जीव पराधीनता के कारण अपने कृतकर्मों के अनुसार नरक आदि गतियों मे महाभयकर वेदना भोगते है। परन्तु आत्म विशुद्धि कारक कम निर्जरा की दृष्टि से उन नारको को अल्प निर्जरा ही होती है।

उदाहरण- जैसे कीचड मे गहरा रगा अत्यधिक मलिन वस्त्र बहुत परिश्रम करके धोने पर भी बहुत कम साफ होता है। अथवा एरण आदि पर हथोडे की चोट मारने पर भी उसके लोह परमाणु अत्यधिक सघन होने से बहुत अल्प मात्रा मे बिखरते है। इसी प्रकार उन नारक जीवो के सघन, सश्लिष्ट कर्म बन्ध होने के कारण वेदना भोगते हुए विलाप क्रन्दन करने के कारण आत्मा की विशुद्धि बहुत ही कम होती है। उनका मात्र अकाम निर्जरा ही होती है।

–(शतक ६ उ १ सूत्र २ .)

(२) इसके विपरीत जो समभावी श्रमण निर्ग्रन्थ होते है उनको कदाचित घोर उपसर्ग परीषह उत्पन्न होने पर वे अत्यधिक समभाव के साथ उन्हे सहन करते है। इस कारण उनकी आत्मा मे सलग्न कर्म रूपी मलिनता दूर होने पर महावेदना के साथ उन्हे महान कर्म निर्जरा भी होती है।

(i) उदाहरण जैसे आग मे सूखा घास डालने पर वह तुरन्त भस्म हो जाता है। (ii) जलते तवे पर पानी की बूंदे गिरते ही वे जल जाती है तथा (iii) हल्दी आदि हल्के रगो से मलिन वस्त्र धोने पर शीघ्र स्वच्छ हो जाता है। इसी प्रकार उनकी आत्म विशुद्धि शीघ्र ही होती है।

(शतक ६ उ १ सू ३ ४)

PAIN AND SHEDDING

(1) Extensive pain and little shedding—Depending on the acquired karmas, some beings suffer extensive pain during their birth in hell and other lowly genuses But in terms of the shedding leading to spiritual purity those infernal beings have little shedding of karmas

Example – In spite of working hard, effort to wash a dirty cloth made black by slime fails to make it completely clean In spit of hammering hard the densely packed molecules of an iron anvil hardly disintegrate In the same way the densely fused karmic bondage of infernal beings undergoes very little shedding and they gain very little spiritual purity when they suffer the agonizing pain wailing and weeping They only have involuntary shedding of karmas

Shatak 6, lesson 1 Sutra 2 3

(2) As against this, when the equanimous ascetics are faced with great affliction they endure it with great equanimity As a consequence the acquired karmic dirt attached to their soul is removed and this great suffering is followed by extensive shedding

Example—(i) Dry hay is at once turned to ashes when put in fire (ii) A drop of water falling on a hot platen at once evaporates (iii) A cloth with light stains gets completely clean on washing In the same way equanimous ascetics attain purity very soon

– *Shatak 6 lesson 1 Sutra 3 4*

karmas of infernal beings are firmly adhered (*gaadhikrit*) and so on up to they are neither with extensive shedding nor with a noble end (*mahaparyavasaan*)

(Gautam Swami asked) *Bhante* ! Of these, is the one soaked in the dirt of a wheel easier to wash, easier to make free of stains and easier to make sparkling ?

(*Bhagavan* replied) Yes, Gautam ! In the same way the gross (*yathabaadar*) karmic particles acquired by ascetics are loosely adhered (*shithilikrit*, having low intensity of fruition), devoid of potency (*nishthitkrit*) and transformed (*viparinamit*, in terms of duration and quality) Therefore, they are destroyed easily and soon Whatever agony they suffer, ascetics are with extensive shedding of *karmas* (*mahanirjara*) and with a noble end (*mahaparyavasaan*)

(*Bhagavan* asked) Gautam ! If a person throws a bundle of hay (*trinahastak*) in blazing fire, is that bundle of hay not aflame at once and soon consumed by that fire ?

(Gautam replied) Yes, *Bhante* ! It is aflame at once and soon consumed by that fire

(Bhagavan said) Gautam ! In the same way the gross (*yathabaadar*) *karmas* of ascetics are soon destroyed and so on up to these ascetics are with extensive shedding of *karmas* (*mahanirjara*) and with a noble end (*mahaparyavasaan*)

Also, if some person pours a drop of water on a red-hot iron platen or pan it at once evaporates Gautam ! In the same way the gross *karmas* of ascetics are soon destroyed and so on up to these ascetics are with extensive shedding of *karmas* and with a noble end

That is why it is said that one with extensive pain (*mahavedana*) is also with extensive shedding of *karmas* (*mahanirjara*) and so on up to one with extensive shedding of *karmas* superior

विवेचन महावेदना और महानिर्जरा–कर्म की दो अवस्थाएँ होती है–गाढीकृत और शिथिलीकृत। गाढीकृत अवस्था मे अधिक कष्ट सहने पर भी निर्जरा अल्प होती है, जबकि शिथिलीकृत अवस्था मे अल्प कष्ट सहने पर भी निर्जरा अधिक होती है।

भगवान ने कीचड से रगे और खजन से रगे, वस्त्र के दृष्टान्त द्वारा बताया है जो महावेदना वाले होते है, वे सभी महानिर्जरा वाले नही होते। जैसे नारक महावेदना वाले होते है, परन्तु वे उसे समभाव से न सहकर रो–रोकर, विलाप करते हुए सहते है, जिससे वह महावेदना महानिर्जरा रूप नही होती, बल्कि अल्पतर,

अप्रशस्त, अकामनिर्जरा होकर रह जाती है। इसके विपरीत श्रमण-निर्ग्रन्थ बडे-बडे उपसर्गों व परीषहो का समभाव से सहन करने के कारण महानिर्जरा और वह भी प्रशस्तनिर्जरा कर लेते है।

श्रमण-निर्ग्रन्थो के कर्म शिथिल बन्धन वाले सुविशोध्य होते है, जिन्हे वे शीघ्र ही स्थितिघात और रसघात आदि के द्वारा विपरिणाम वाले कर देते है। अतएव वे शीघ्र विध्वस्त हो जाते है। इसके लिए तीन उदाहरण दिये गये है, खजन-अर्थात् सामान्य कीचड का दाग-धब्बा जैसे शीघ्र ही धुल जाता है, तथा जिस प्रकार से सूखे घास का पूला अग्नि मे डालते ही तथा तपे हुए तवे पर पानी की बूँद डालते ही विनष्ट हो जाते है, वैसे ही श्रमणो के कर्म शीघ्र नष्ट हो जाते है।

गाढ बधन से बँधे कर्मों के लिए भी दो उदाहरण दिये है, जैसे कर्दम (चिकने कर्दम का पक्का रग) से रगा वस्त्र मुश्किल से साफ होता है, तथा एरण को लोह के हथोडे से जोर-जोर से कूटने पर भी उसके स्थूल पुद्गल नष्ट नही होते इसी प्रकार गाढ, सचिक्कण बधे कर्म दुर्विशोध्य होते है।

Elaboration—Extensive pain and shedding—There are two states of bonded *karmas*—firmly adhered (*gaadhikrit*) and loosely adhered (*shithilikrit*, having low intensity of fruition) In the state of a firm bond shedding is little in spite of great suffering whereas in the state of a loose bond shedding is extensive in spite of little suffering

By giving the example of cloth with stains of slime and dirt *Bhagavan* has explained that all those suffering great pain are not necessarily with extensive shedding For example the infernal beings are with extensive pain, but they do not endure the pain with equanimity, instead they suffer that pain weeping and wailing As a consequence the shedding is not extensive but very little, ignoble and non-voluntary On the other hand ascetics endure great afflictions and torments with equanimity As a result their shedding is extensive and noble

The *karmic* bonds of *Shraman Nirgranths* (ascetics) are loose and easily removable The ascetics soon transform them through the process of curtailing duration and intensity of these *karmas* As a consequence they are destroyed quickly Three examples have been mentioned here in this regard—as the stain of common dirt (*khanjan*) is removed easily, as a bundle of hay is destroyed the moment it is thrown in fire; and as a drop of water evaporates when poured on a red hot platen, in the same way the *karmas* of ascetics are soon destroyed

Two examples have also been given for strong bonds of *karmas*—as a fast stain of slime is removed with great difficulty, and as an anvil hammered with great force does not disintegrate easily, in the same way the strongly bound *karmas* are destroyed with great difficulty

विशेष शब्दो की व्याख्या—गाढीकयाइ = जो कर्म डोरी से मजबूत बाँधी हुई सुइयो के ढेर के समान आत्म-प्रदेशो के साथ गाढ बँधे हुए है। **चिक्कणीकयाइ** = मिट्टी के चिकने बर्तन के समान सूक्ष्म-कर्मस्कन्धो के रस के साथ परस्परगाढ बन्ध वाले, दुर्भेद्य कर्मों को चिकने किये हुए कर्म कहते है। **सिलिट्ठीकयाइ** = रस्सी से दृढतापूर्वक बाँधकर आग मे तपाई हुई सुइयो का ढेर जैसे परस्पर चिपक जाता है, वे सुइयाँ एकमेक हो जाती है, उसी तरह जो कर्म परस्पर चिपक गये है, ऐसे निधत्त कर्म। **खिलीभूयाइ** = खिलीभूत कर्म, वे निकाचित कर्म होते है, जो बिना भोगे, किसी भी अन्य उपाय से क्षीण नही होते। *(वृत्ति पत्राक २५१)*

आचार्य उमास्वाति ने प्रशस्त अध्यवसायो को आधार मानकर निर्जरा की तरतमता बताते हुए कहा है, मिथ्यात्वी से सम्यग्दृष्टि को असख्य गुनी निर्जरा होती है। उससे श्रावक को, श्रावक सयत के क्रमश क्षीणमोह, जिन के असख्येय गुनी निर्जरा होती है।

TECHNICAL TERMS

Gaadhikayaim or *gaadhikrit* (firmly adhered)—the *karmas* that are tightly tied to soul space-points like a bunch of needles strongly tied with a thread *Chikkanikayaim* or *chikkanikrit* (smoothly fixed)—hard to penetrate *karmas* that are smoothly fixed due to their intensity just like an impervious glazed earthen pot *Silitthikayaim* or *shlisht-krit* (assimilated)—partially intransigent or *nidhatt karmas* like a bunch of needles heated in fire and partially fused *Khilibhuyaim* or *khilibhoot* (fully fused)—these are the intransigent or *nikachit karmas* that cannot be destroyed without fruition and suffering *(Vritti leaf 251)*

Assuming noble endeavour to be the basis of purification, Acharya Umasvati has given the progression of shedding of *karmas* According to him the shedding by a righteous layman is innumerable times more than that by an unrighteous person, that by a *Shravak* (layman observing the prescribed code of conduct) is innumerable times more than that by righteous layman, and so on up to the absolutely detached one (*Jina*)

करण की अपेक्षा साता—असाता—वेदन EXPERIENCE IN CONTEXT OF KARAN

५. [प्र.] कइविहे णं भंते ! करणे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! चउव्विहे करणे पण्णत्ते, तं जहा—मणकरणे, वइकरणे, कायकरणे, कम्मकरणे।

५. [प्र] भगवन् ! करण कितने प्रकार के है ?

[उ.] गौतम ! करण (जीव का वीर्य या प्रवृत्ति) चार प्रकार के है। यथा-मनकरण, वचनकरण, कायकरण और कर्मकरण।

विशेष . जिनसे क्रिया की जाये, वह करण है। प्रवृत्ति के हेतुभूत जीव की 'वीर्य' शक्ति को करण कहते है। वेदना का मुख्य कारण करण ही है।

5. [Q.] *Bhante* ! How many are the kinds of *karan* (instrument or means) ?

[Ans.] Gautam ! There are four kinds of *karan* (instrument or means of indulgence)—*man-karan* (mind-instrument), *vachan-karan* (speech-instrument), *kaayakaran* (body-instrument) and *karmakaran* (*karma*-instrument)

Note : That which is instrumental in action is called *karan* The potency of a being or soul that is the cause of its intent of indulgence is called *karan* The main cause of sufferance is this *karan*

६. [प्र] णेरइयाण भंते ! करणे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! चउव्विहे पण्णत्ते, त जहा—मणकरणे, वइकरणे, कायकरणे, कम्मकरणे। एवं पंचेदियाण सव्वेसि चउव्विहे करणे पण्णत्ते। एगिंदियाणं दुविहे—कायकरणे य कम्मकरणे य। विगलेदियाणं वइकरणे, कायकरणे, कम्मकरणे।

६. [प्र] भगवन् ! नैरयिक जीवो के कितने प्रकार के करण होते है ?

[उ] गौतम ! नैरयिक जीवो के चार प्रकार के करण होते है। यथा–मनकरण, वचनकरण, कायकरण और कर्मकरण। इसी प्रकार पचेन्द्रिय जीवो के ये चार प्रकार के करण होते है। एकेन्द्रिय जीवो के दो प्रकार के करण होते है–कायकरण और कर्मकरण। विकलेन्द्रिय जीवो के तीन प्रकार के करण होते है-वचनकरण, कायकरण और कर्मकरण।

6. [Q.] *Bhante* ! How many types of *karans* infernal beings have ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings have four types of *karan*—mind-instrument, speech-instrument, body-instrument and *karma*-instrument In the same way five-sensed beings also have the said four types of *karan* One-sensed beings have two types of *karan*—*kaayakaran* (body-instrument) and *karmakaran* (*karma*-instrument) Two to four-sensed beings (*vikalendriya jivas*) have three types of *karan*—*vachan-karan* (speech-instrument), body-instrument and *karma*-instrument

७. [प्र. १] नेरइयाणं भते ! किं करणओ वेदणं वेदेति ? अकरणओ वेदणं वेदेंति ?

[उ.] गोयमा ! नेरइयाणं करणओ वेदणं वेदेति, नो अकरणओ वेदणं वेदेति।

७. [प्र १] भगवन् ! नैरयिक जीव करण से असातावेदना वेदते है अथवा अकरण से असातावदेना वेदते है ?

[उ] गौतम ! नैरयिक जीव करण से असातावेदना वेदते है, अकरण से असातावेदना नही वेदते।

7. [Q. 1] *Bhante* ! Do infernal beings have unpleasant experience through *karan* (instrument) or do they have unpleasant experience through *akaran* (without instrument) ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings have unpleasant experience through instrument and they do not have unpleasant experience without instrument

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! नेरइयाणं चउव्विहे करणे पण्णत्ते, तं जहा—मणकरणे, वइकरणे, कायकरणे, कम्मकरणे। इच्चेएण चउव्विहेणं असुभेणं करणेणं नेरइया करणओ असाय वेदणं वेदेंति, नो अकरणओ, से तेणट्ठेणं०।

[प्र. २] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ] गौतम ! नैरयिक जीवो के चार प्रकार के करण होते है, जैसे कि मनकरण, वचनकरण, कायकरण और कर्मकरण। उनके ये चारो ही प्रकार के करण अशुभ होने से वे करण द्वारा असातावेदना वेदते है, अकरण द्वारा नही। इस कारण से ऐसा कहा गया है कि नैरयिक जीव करण से असातावेदना वेदते है, अकरण से नही।

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings have four types of *karan—man-karan* (mind-instrument), *vachan-karan* (speech-instrument), *kaayakaran* (body-instrument) and *karmakaran* (*karma*-instrument) With them all these four *karans* are ignoble, so they have unpleasant experience through these ignoble *karans* only and not through *akaran* That is why it is said that infernal beings have unpleasant experience through *karan* (instrument) and not through *akaran* (without instrument)

८. [प्र. १] असुरकुमारा णं किं करणओ, अकरणओ ?

[उ.] गोयम ! करणओ, नो अकरणओ।

८. [प्र १] असुरकुमार देव क्या करण से सातावेदना वेदते है, अथवा अकरण से ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमार करण से सातावेदना वेदते है, अकरण से नही।

8. [Q. 1] *Bhante* ! Do Asur Kumar gods have pleasant experience through *karan* or through *akaran* ?

[Ans.] Gautam ! Asur Kumar gods have pleasant experience through *karan* (instrument) and not through *akaran* (without instrument)

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते !

[उ.] गोयमा ! असुरकुमाराणं चउव्विहे करणे पण्णत्ते, तं जहा—मणकरणे, वइकरणे, कायकरणे, कम्मकरणे। इच्चेएणं सुभेणं करणेणं असुरकुमारा णं करणओ सायं वेदणं वेदेति, नो अकरणओ।

९. एवं जाव थणियकुमारा।

[प्र २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमारो के चार प्रकार के करण है। यथा--मनकरण, वचनकरण, कायकरण और कर्मकरण। असुरकुमारो के ये चारो करण शुभ होने से वे करण से सातावेदना वेदते है, किन्तु अकरण से नही।

९. इसी तरह (नागकुमार से लेकर) स्तनितकुमार तक कहना चाहिए।

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! Asur Kumar gods have four types of *karan*—mind-instrument, speech-instrument, body-instrument and *karma*-instrument With them all these four *karans* are noble, so they have pleasant experience through these and not through *akaran*

9. The same should be repeated for Stanit Kumar gods (starting from Naag Kumar gods)

१०. [प्र] पुढविकाइयाण एवामेव पुच्छा।

[उ.] नवर इच्चेएणं सुभासुभेण करणेणं पुढविकाइया करणओ वेमायाए वेदणं वेदेति, नो अकरणओ।

११. ओरालियसरीरा सव्वे सुभासुभेण वेमायाए। १२. देवा सुभेणं साय।

१०. [प्र] भगवन् ! क्या पृथ्वीकायिक जीव करण द्वारा वेदना वेदते है, या अकरण द्वारा।

[उ.] गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव करण द्वारा वेदना वेदते है, किन्तु अकरण द्वारा नही। विशेष यह है कि इनके ये करण शुभाशुभ होने से ये करण द्वारा विमात्रा से (विविध प्रकार से) वेदना वेदते है, किन्तु अकरण द्वारा नही। अर्थात्–पृथ्वीकायिक जीव शुभकरण होने से सातावेदना वेदते है और कदाचित् अशुभ करण होने से असातावेदना वेदते है।

११. औदारिक शरीर वाले सभी जीव अर्थात् पॉच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय, तिर्यचपचेन्द्रिय और मनुष्य, शुभाशुभ करण द्वारा विमात्रा से वेदना (कदाचित् सातावेदना और कदाचित् असातावेदना) वेदते है। १२. देव (चारो प्रकार के देव) शुभ करण द्वारा सातावेदना वेदते है।

10. [Q.] *Bhante* ! Do Earth-bodied beings have experience through *karan* (instrument) or through *akaran* (without instrument) ?

[Ans.] Gautam ! Earth-bodied beings have experience through instrument and not without instrument However, the difference in their case is that they have both noble and ignoble *karans* (instruments) resulting in diverse experiences through *karan* and not through *akaran* This means that earth-bodied beings have pleasant experience when the *karan* is noble and unpleasant experience when the *karan* is ignoble

11. All beings with *Audarik Sharira* or gross physical body (this includes five kinds of immobile beings, two to four sensed beings, five sensed animals and human beings) have diverse experiences (sometimes pleasant and sometimes unpleasant) through noble and ignoble *karans* 12. Gods of all the four kinds have pleasant experience through noble *karans*

जीवो मे वेदना और निर्जरा SUFFERING AND SHEDDING IN JIVAS

१३. [प्र १] जीवा णं भंते ! किं महावेयणा महानिज्जरा ? महावेयणा अप्पनिज्जरा ? अप्पवेयणा महानिज्जरा ? अप्पवेयणा अप्पनिज्जरा ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइया जीवा महावेयणा महानिज्जरा, अत्थेगइया जीवा महावेयणा अप्पनिज्जरा, अत्थेगइया जीवा अप्पवेयणा महानिज्जरा, अत्थेगइया जीवा अप्पवेयणा अप्पनिज्जरा।

१३. [प्र १] भगवन् ! (१) जीव, (क्या) महावेदना और महानिर्जरा वाले है, (२) महावेदना और अल्पनिर्जरा वाले है, (३) अल्पवेदना और महानिर्जरा वाले है, अथवा (४) अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले है ?

[उ] गौतम ! (१) कितने ही जीव महावेदना और महानिर्जरा वाले है, (२) कितने ही जीव महावेदना और अल्पनिर्जरा वाले है, (३) कई जीव अल्पवेदना और महानिर्जरा वाले है, तथा (४) कई जीव अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले है।

13. [Q. 1] *Bhante* ! (1) Are living beings (*jiva*) with extensive pain (*mahavedana*) and extensive shedding of *karmas* (*mahanirjara*), (2) with extensive pain and little shedding of *karmas* (*alpanirjara*), (3) with little pain (*alpavedana*) and extensive shedding of *karmas*, or (4) with little pain and little shedding of *karmas* ?

[Ans.] Gautam ! (1) Some living beings (*jiva*) are with extensive pain (*mahavedana*) and extensive shedding of *karmas* (*mahanirjara*), (2) some with extensive pain and little shedding of *karmas* (*alpanirjara*), (3) some with little pain and extensive shedding of *karmas* (*mahanirjara*), and (4) some with little pain (*alpavedana*) and little shedding of *karmas* (*alpanirjara*) ?

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते !

[उ.] गोयमा ! पडिमापडिवन्नए अणगारे महावेयणे महानिज्जरे। छट्ठ–सत्तमासु पुढवीसु नेरइया महावेदणा अप्पनिज्जरा। सेलेसिं पडिवन्नए अणगारे अप्पवेदणे महानिज्जरे। अणुत्तरोववाइया देवा अप्पवेदणा अप्पनिज्जरा।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति०।

[प्र २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है ?

[उ] गौतम ! प्रतिमा-प्रतिपन्न (प्रतिमाधारी) अनगार महावेदना और महानिर्जरा वाला होता है। छठी-सातवी नरक-पृथ्वियो के नैरयिक जीव महावेदना वाले, किन्तु अल्पनिर्जरा वाले होते है। शैलेशी अवस्था को प्राप्त अनगार अल्पवेदना और महानिर्जरा वाले होते है। तथा अनुत्तरौपपातिक देव अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले होते है।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है।

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it said to be so ?

[Ans.] Gautam ! An ascetic observing *pratimas* (special codes and resolutions) is with extensive pain (*mahavedana*) and extensive shedding of *karmas* (*mahanirjara*) Infernal beings of the sixth and seventh hells are with extensive pain and little shedding of *karmas* (*alpanirjara*) Ascetics having attained the *Shaileshi* (rock-like steady) state are with little pain (*alpavedana*) and extensive shedding of *karmas*, and divine beings of the *Anuttaropapatik* realm are with little pain and little shedding of *karmas*

"*Bhante* ! Indeed that is so Indeed that is so " With these words and so on up to ascetic Gautam resumed his activities

उपसंहार रूप CONCLUDING VERSE

१४. महावेयणे य वत्थे कद्दम-खंजणमए य अधिकरणी।
तणहत्थेऽयकवल्ले करण महावेदणा जीवा॥१॥

सेवं भंते ! सेव भते ! ति०।

॥ छट्ठ सयस्स पढमो उद्देसो समत्तो ॥

१४. महावेदन, कर्दम और खजन के रग से रगे हुए वस्त्र, अधिकरणी (एरण), घास का पूला (तृणहस्तक), लोहे का तवा या कडाह, करण और महावेदना वाले जीव, इतने विषयो का निरूपण इस प्रथम उद्देशक मे किया गया है।


हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है।


॥ छठा शतक प्रथम उद्देशक समाप्त ॥


14. Extensive pain (*mahavedan*), pieces of cloth stained with slime (*kardam*) and dirt (*khanjan*), anvil (*adhikarani* or *airun*), bundle of hay (*trinahastak*), iron platen or pan, instrument (*karan*) and living beings with extensive pain are the topics discussed in this first lesson

"*Bhante* ! Indeed that is so Indeed that is so " With these words and so on up to ascetic Gautam resumed his activities

● END OF THE FIRST LESSON OF THE SIXTH CHAPTER ●


महावेदना महानिर्जरा
समभावी श्रमण




अल्पवेदना महानिर्जरा
केवली समुद्घात



चित्र परिचय-६

Illustration No. 6

वेदना और निर्जरा की चौभंगी

१ **महावेदना–महानिर्जरा**–कुछ जीव जैसे प्रतिमाधारी अणगार, उन्हे अनेक प्रकार के घोरातिघोर उपसर्ग उत्पन्न होने पर वे पूर्ण समता व समाधि पूर्वक उसे सहन कर महावेदना महानिर्जरा करते है।

२ **महावेदना–अल्पनिर्जरा**–कुछ जीव जैसे छठी सातवी नरक के नैरयिक अनेक प्रकार की महावेदना तो भोगते है, परन्तु साथ मे आर्त रौद्र ध्यान रहने से उनकी आत्म शुद्धि नहीवत् रहती है। वे महावेदना अल्पनिर्जरा करते है।

३ **अल्पवेदना–महानिर्जरा**–कुछ आत्माएँ जैसे शैलेशी अवस्था प्राप्त अणगार (१४वे गुणस्थानवर्ती केवली) समुद्घात आदि करके कर्मो की महानिर्जरा करते है, परन्तु इस अवस्था मे उनको अल्पवेदना ही होती है।

४ **अल्प वेदना–अल्पनिर्जरा**– जैसे अनुत्तरोपपातिक देवो की वेदना भी अल्प होती है और कर्मनिर्जरा भी अल्प होती है।

शतक ६ उ. १ सूत्र १३

FOUR ALTERNATIVES OF PAIN AND SHEDDING

(1) Extensive pain and extensive shedding—An ascetic observing pratimas endures extensive pain (mahavedana) with equanimity and thereby has extensive shedding of karmas (mahanirjara).

(2) Extensive pain and little shedding—Infernal beings of the sixth and seventh hells suffer extensive pain but with grief and anger and thereby have little shedding of karmas (alpanirjara) and hardly any spiritual purity.

(3) Little pain and extensive shedding—Ascetics having attained the Shaileshi (rock-like steady) state (Kevali at 14th Gunasthan) are with little pain (alpavedana) and extensive shedding of karmas through Samudghat.

(4) Little pain and little shedding—Divine beings of the Anuttaropapatik realm are with little pain and little shedding of karmas.

– Shatak 6 lesson 1 Sutra 13

छठा शतक : द्वितीय उद्देशक
SIXTH SHATAK (Chapter Six) : SECOND LESSON

आहार AHAAR (INTAKE)

आहार के सम्बन्ध मे कथन STATEMENT ABOUT INTAKE

१. रायगिहं नगर जाव एवं वयासी—आहारुद्देसो जो पण्णवणाए सो सव्वो निरवसेसो नेयव्वो।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति।

॥ छट्ठे सए : बीओ उद्देसो समत्तो ॥

१. राजगृह नगर मे यावत् भगवान महावीर ने इस प्रकार फरमाया-यहाँ प्रज्ञापनासूत्र (२८वे आहारपद) के प्रथम उद्देशक के अनुसार ग्यारह प्रश्न और उनके उत्तर जान लेना चाहिए।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है'।

1. In Rajagriha city and so on up to Bhagavan Mahavir said thus—Here the eleven questions and answers from the first lesson of the 28th chapter titled *Ahaar-pad* of *Prajnapana Sutra* should be quoted verbatim

"*Bhante* ! Indeed that is so Indeed that is so " With these words and so on up to ascetic Gautam resumed his activities

विवेचन प्रज्ञापनासूत्र के २८वे आहारपद के प्रथम उद्देशक मे क्रमश उक्त ११ अधिकारो मे वर्णित विषय इस प्रकार है–

१ पृथ्वीकाय आदि जीव जो आहार करते है, क्या वह सचित्त है, अचित्त है या मिश्र है ?

२ नैरयिक आदि जीव आहारार्थी है या नही ?

३ किन जीवो को कितने-कितने काल से, कितनी–कितनी बार आहार की अभिलाषा उत्पन्न होती है ?

४ कौन–से जीव किस प्रकार के पुद्‌गलो का आहार करते है ?

५ आहार करने वाला अपने समग्र शरीर द्वारा आहार करता है, या अन्य प्रकार से ?

६ आहार के लिए ग्रहीत पुद्‌गलो के कितने भाग का आहार किया जाता है ? इत्यादि।

७ मुँह मे खाने के लिए रखे हुए सभी पुद्‌गल खाये जाते है या कितने ही गिर जाते हैं। इसका स्पष्टीकरण।

८ खायी हुई वस्तुएँ किस–किस रूप मे परिणत होती है ?

९ एकेन्द्रियादि जीवो के शरीरो को खाने वाले जीवो से सम्बन्धित वर्णन।

१० रोमाहार से सम्बन्धित विवेचन।

११ मन द्वारा तृप्त हो जाने वाले मनोभक्षी देवो से सम्बन्धित तथ्यो का निरूपण।

वही पर इन प्रश्नो का उत्तर भी दिया गया है, जैसा प्रथम प्रश्न के उत्तर मे कहा है, नैरयिक जीव सचित्ताहारी या मिश्रआहारी नही है। वे अचित्ताहारी है।

॥ छठा शतक द्वितीय उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—The topics detailed in the aforesaid eleven questions from the first lesson of the 28th chapter titled *Ahaar-pad* of *Prajnapana Sutra* are as follows—

1 Is the food intake by living beings including earth-bodied beings *sachitt* (infested with living organisms), *achitt* (free of living organisms), or mixed ?

2 Do the infernal beings have food intake or not ?

3 Which living beings have desire of food intake, how many times, and after what intervals ?

4 Which living beings have intake of what kinds of matter particles ?

5 Does a being have food intake through its whole body or otherwise ?

6 What portion of the acquired matter is consumed ? etc

7 Clarification of whether all the quantity of food placed in mouth is eaten or some of it falls down

8 What way the consumed matter is transformed ?

9 Description about living beings that consume other living beings including one-sensed beings

10 Elaboration of the process of intake through body-pores

11 Description of facts related to divine beings that consume through mind and get sated

All these questions are with answers For example the answer to the first question is—Infernal beings have intake of *achitt* (free of living organisms) things and not *sachitt* (infested with living organisms) or mixed things

● END OF THE SECOND LESSON OF THE SIXTH CHAPTER ●

छठा शतक : तृतीय उद्देशक
SIXTH SHATAK (Chapter Six) : THIRD LESSON

महास्रव MAHASRAVA (EXTENSIVE INFLUX)

संग्रहणी गाथाएँ **COLLATIVE VERSES**

१. बहुकम्म १ वत्थपोग्गल पयोगसा वीससा य २ साइए ३।
कम्मट्ठिति–त्थि ४–५ संजय ६ सम्मद्दिट्ठी ७ य सण्णी ८ य ॥१॥
भविए ९ दंसण १० पज्जत्त ११ भासय १२ परित्त १३ नाण १४ जोगे १५ य।
उवओगा–ऽऽहारग १६–१७ सुहुम १८ चरिम १९ बंधे य, अप्पबहुं २० ॥२॥

१. (१) बहुकर्म, (२) वस्त्र मे प्रयोग से और स्वाभाविक रूप से पुद्‌गल, (३) सादि (आदि सहित), (४) कर्मस्थिति, (५) स्त्री, (६) सयत, (७) सम्यग्दृष्टि, (८) सज्ञी, (९) भव्य, (१०) दर्शन, (११) पर्याप्त, (१२) भाषक, (१३) परित्त, (१४) ज्ञान, (१५) योग, (१६) उपयोग, (१७) आहारक, (१८) सूक्ष्म, (१९) चरम-बन्ध, और (२०) अल्पबहुत्त्व, (इन बीस विषयो का वर्णन इस उद्देशक मे किया गया है।

1. (1) *Bahukarma* (Many *Karmas*), (2) Synthetic and natural matter in cloth, (3) *Saadi* (With a Beginning), (4) *Karmasthiti* (Duration of *Karma*), (5) *Stree* (Women), (6) *Samyat* (Restrained), (7) *Samyagdrishti* (Righteous), (8) *Sanjni* (Sentient), (9) *Bhavya* (Worthy of Liberation), (10) *Darshan* (Perception), (11) *Paryapt* (Fully Developed), (12) *Bhashak* (Capable of Speech), (13) *Paritta* (Limited), (14) *Jnana* (Knowledge), (15) *Yoga* (Association), (16) *Upayog* (Involvement), (17) *Ahaarak* (Having Intake), (18) *Sukshma* (Minute), (19) *Charam* (Final) and (20) *Alpabahutva* (Minimum-maximum) These twenty topics have been discussed in this lesson

१ प्रथम द्वार महाकर्मा और अल्पकर्मा
FIRST PORT (DVAR) · WITH MORE KARMAS AND WITH LESS KARMAS

२. [प्र. १] से नूणं भंते ! महाकम्मस्स महाकिरियस्स महासवस्स महावेदणस्स सव्वओ पोग्गला बज्झंति, सव्वओ पोग्गला चिज्जंति, सव्वओ पोग्गला उवचिज्जंति, सया समियं च णं पोग्गला बज्झंति, सया समियं पोग्गला चिज्जंति, सया समियं पोग्गला उवचिज्जंति, सया समियं च णं तस्स आया दुरूवत्ताए दुवण्णत्ताए दुगंधत्ताए दुरसत्ताए दुफासत्ताए अणिट्ठत्ताए अकंतत्ताए अप्पियत्ताए असुभत्ताए अमणुण्णत्ताए अमणामत्ताए अणिच्छियत्ताए अभिज्झियत्ताए, अहत्ताए, नो उड्ढत्ताए, दुक्खत्ताए, नो सुहत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमइ ?

[उ.] हंता, गोयमा ! महाकम्मस्स तं चेव।

२. [प्र. १] भगवन् ! क्या महाकर्म वाले, महाक्रिया वाले, महाआस्रव वाले और महावेदना वाले जीव के सर्वत –(सभी प्रदेशो से और सभी प्रकार से) पुद्गलो का बन्ध होता है ? सर्वत पुद्गलो का चय होता है ? सर्वत पुद्गलो का उपचय होता है ? सदा सतत पुद्गलो का बन्ध होता है ? सदा सतत पुद्गलो का चय होता है ? सदा सतत पुद्गलो का उपचय होता है ? क्या सदा निरन्तर उसका आत्मा (सशरीर जीव) वीभत्सता मे दुर्वर्णता मे, दुर्गन्धता मे, दु रसता मे, दु स्पर्शता मे, **अनिष्टता**–(इच्छा से विपरीतरूप) मे, **अकान्तता**–(असुन्दरता), अप्रियता, अशुभता, अमनोज्ञता और अकमनीयता से अवाछनीयता मे, **अनभिध्यितता** (जिसे प्राप्त करने मे अरुचि हो) मे, अधमता मे, **अनूर्ध्वता** (नीचता) मे, दु खरूप मे–असुखरूप मे बार बार परिणत होता है ?

[उ] हॉ, गौतम ! महाकर्म वाले जीव के ऊपर कहे अनुसार ही आत्मा का परिणमन होता है।

2. [Q. 1] *Bhante* ! Do living beings with extensive *karmas* (*mahakarmaa*), extensive activity (*mahakriya*) and extensive influx (*mahashrava*) get bonded with matter particles through all space-points and every way (*sarvatah*) ? Do they assimilate (*chaya*) matter particles through all space-points and every way (*sarvatah*) ? Do they augment (*upachaya*) matter particles through all space-points and every way (*sarvatah*) ? Do they get bonded with matter particles always and continuously (*sada-satat*) ? Do they assimilate (*chaya*) matter particles always and continuously (*sada-satat*) ? Do they augment (*upachaya*) matter particles always and continuously (*sada-satat*) ? Does his soul (embodied soul) continue to transform time and again into grotesqueness (*vibhatsata*), repulsive colour (*durvarnata*), repulsive smell (*durgandhata*), repulsive taste (*duhrasata*), repulsive touch (*duhsparshata*), into something that is *anisht* (undesirable), *akaant* (not beautiful), *apriya* (not lovable), *ashubha* (ignoble), *amanojna* (not attractive), *akamaniya* (not adorable), *avaanchhaniya* (not covetable), abhorrence (*anabhidhyatata*), vileness (*adhamata*), abjectness (*anurdhvata*), and states of misery and unhappiness ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Living beings with extensive *karmas* (*mahakarmaa*) undergo transformation as you have said

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए वत्थस्स अहयस्स वा धोयस्स वा तंतुग्गयस्स वा आणुपुव्वीए परिभुज्जमाणस्स सव्वओ पोग्गला बज्झंति, सव्वओ पोग्गला चिज्जंति जाव परिणमंति, से तेणट्ठेणं०।

[प्र २] (भगवन् !) किस कारण से ऐसा कहा है ?

[उ.] गौतम ! जैसे कोई **अहत**-(बिना पहना हुआ), **धौत**-(पहनने के बाद धोया हुआ), और **तन्तुगत**-(ताजा बुनकर उतरा हुआ) वस्त्र हो, वह वस्त्र जब क्रमश उपयोग मे लिया जाता है, तो उसके पुद्गल सब ओर से बँधते है, सब ओर से चय होते है, यावत् कालान्तर मे वह वस्त्र अत्यन्त मैला और दुर्गन्धित रूप मे परिणत हो जाता है, इसी प्रकार महाकर्म वाला जीव उपर्युक्त रूप से यावत् असुखरूप मे बार-बार परिणत होता है।

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! When a new or washed or fresh-from-loom piece of cloth is used regularly, it acquires and assimilates matter particles from all directions and so on up to in due course that piece of cloth turns dirty and malodorous In the same way living beings with extensive *karmas* (*mahakarma*) undergo transformation and so on up to states of misery and unhappiness time and again

३. [प्र. १] से नूणं भंते ! अप्पकम्मस्स अप्पकिरियस्स अप्पासवस्स अप्पवेयणस्स सव्वओ पोग्गला भिज्जति, सव्वओ पोग्गला छिज्जंति, सव्वओ पोग्गला विद्धंसंति, सव्वओ पोग्गला परिविद्धंसंति, सया समियं पोग्गला भिज्जंति छिज्जंति विद्धंसंति परिविद्धंसंति, सया समियं च णं तस्स आया सुरूवत्ताए पसत्थं नेयव्वं जाव सुहत्ताए, नो दुक्खत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति ?

[उ] **हता, गोयमा ! जाव परिणमंति।**

३. [प्र १] भगवन् ! क्या अल्पकर्म वाले, अल्पक्रिया वाले, अल्पआस्रव वाले और अल्पवेदना वाले जीव के पुद्गलो का भेदन होता है। पूर्व सम्बन्ध विशेष को छोडकर अलग होता ? सर्वत पुद्गल छिन्न होते (टूटते) जाते है ? सर्वत पुद्गल विध्वस्त होते जाते है ? सर्वत पुद्गल समग्ररूप से ध्वस्त हो जाते है ? क्या सदा सतत पुद्गल भिन्न, छिन्न, विध्वस्त और परिविध्वस्त होते है ? क्या उस पुरुष की आत्मा (बाह्य आत्मा) सदा सतत सुरूपता मे यावत् सुखरूप मे और अदु खरूप मे बार-बार परिणत होता है ? (पूर्वसूत्र मे अप्रशस्त पदो का कथन किया है, किन्तु यहाँ सब प्रशस्त-पदो का जैसे- शुभ वर्ण, शुभ गन्ध आदि कथन करना चाहिए।)

[उ] हॉ, गौतम ! अल्पकर्म वाले जीव का आत्मा ऊपर कहे अनुसार ही यावत् परिणत होता है।

3. [Q. 1] *Bhante* ! Do living beings with little *karmas* (*alpakarma*), little activity (*alpakriya*), little influx (*alpashrava*) and little pain (*alpavedana*) get separated from matter particles through all space-points and every way (*sarvatah*) ? Do these matter particles break apart from all space-points and every way (*sarvatah*) ? Do they get destroyed through all space-points and every way (*sarvatah*) ? Do they get completely destroyed through all space-points and every way (*sarvatah*) ? Do they get separated, break apart, get destroyed and get completely destroyed

always and continuously (*sada-satat*) ? Does his soul (embodied soul) continue to transform time and again into perfection and so on up to. states of joy and happiness ? (in the preceding aphorism ignoble attributes have been mentioned but here noble attributes like good colour and good odour should be mentioned)

[Ans.] Yes, Gautam ! Living beings with little *karmas* (*alpakarma*) undergo transformation as you have said

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] **गोयमा ! से जहानामए वत्थस्स जल्लियस्स वा पंकियस्स वा मइल्लियस्स वा रइल्लियस्स वा आणुपुव्वीए परिकम्मिज्जमाणस्स सुद्धेण वारिणा धोव्वेमाणस्स सव्वओ पोग्गला भिज्जंति जाव परिणमंति, से तेणट्ठेणं०।**

[प्र. २] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! जैसे कोई **जल्लित** (शरीर के मल से-मैला), **पंकित** (कीचड से सना), मैलसहित अथवा धूल से भरा वस्त्र हो और उसे शुद्ध करने का क्रमश प्रयत्न किया जाये, उसे स्वच्छ पानी से धोया जाये तो उस पर लगे हुए मैले-अशुभ पुद्‌गल सब ओर से अलग होने लगते है, यावत् उसके पुद्‌गल शुभरूप मे परिणत हो जाते है, (इसी तरह अल्पकर्म वाले जीव के विषय मे भी पूर्वोक्त रूप से सब कथन करना चाहिए।) इसी कारण से, (अल्पकर्म वाले जीव के लिए कहा गया है कि वह यावत् बार-बार परिणत होता है।)

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! Suppose there is a dirty and stained piece of cloth covered with slime and dirt When successive efforts are made to cleanse it and wash it with clear water, the bad matter particles start getting separated from it from all directions and so on up to in due course its constituent particles turn good and clean (in the same way the aforesaid statement about beings with little *karmas* should be repeated) That is why it is said so (beings with little *karmas* continue to transform time and again into perfection)

विवेचन **महाकर्म तथा अल्पकर्म**–इन दोनो अवस्थाओ को ही वस्त्र के दृष्टान्त से समझाया गया है–(१) नया वस्त्र पहनने से धीमे-धीमे मलिन होता जाता है, वैसे ही महाआस्रव वाला आत्मा अशुभ प्रवृत्तियो द्वारा मलिन होता जाता है। (२) जैसे मलिन वस्त्र धोने पर उज्ज्वल हो जाता है, वैसे ही अल्प आस्रव वाला आत्मा तपश्चरण आदि के द्वारा कर्मनिर्जरा करता हुआ निर्मल होता रहता है।

महाकर्म वाले की आत्मा के साथ ही उसका शरीर, आभामण्डल आदि सभी अनिष्ट अदर्शनीय, अशोभनीय तथा मलिन होता जाता है तथा अल्पकर्म वाले का शरीर सुन्दर, शोभनीय, प्रभावशाली, कातिमान होता रहता

है। इन सूत्रो मे आधुनिक आध्यात्मिक चिकित्सा के सूत्र भी खोजे जा सकते है। कर्म, क्रिया, आस्रव तथा वेदना इन चारो का परस्पर सम्बन्ध है। कर्म का सचय विशाल होगा तो क्रिया आस्रव और वेदना भी विशाल होगी। कर्मों की अल्पता होने पर क्रिया, आस्रव और वेदना भी अल्प होगी।

महाकर्मा–जिसके कर्मों की स्थिति आदि लम्बी हो। जिसकी कायिकी आदि क्रियाएँ अधिक हो, वह **महाक्रिया** वाला। कर्मबन्ध के हेतुभूत मिथ्यात्वादि जिसके विशाल गाढ एव प्रचुर हो वह **महास्रव** वाला, तथा महापीडा वाले को **महावेदना** वाला कहा गया है। *(वृत्ति पत्राक २५३)*

Elaboration—Mahakarma and Alpakarma—Both these states have been explained with the help of the example of a piece of cloth (1) A new piece of cloth gets dirty gradually by wearing, in the same way a being with *mahashrava* (extensive influx) gets maligned with ignoble attitude (2) A dirty piece of cloth becomes clean on washing; in the same way a being with little influx sheds *karmas* with the help of austerities and other such purifying activities and gradually attains purity

Along with his soul the body, aura and other attributes of the being with extensive *karmas* become grotesque, repulsive, unattractive and dirty The body and aura of a being with little *karmas* gradually become beautiful, attractive, imposing and radiant These aphorism can also be explored for indicators of modern day spiritual healing *Karma*, action, inflow and experience are mutually connected factors If *karmas* are extensive, action, influx and experience of pain will also be extensive If *karmas* are minuscule, action, influx and experience of pain will also be little

One with ignoble qualities of *karmas*, like long duration, is called *mahakarmaa* One having intense activities, like those of the body, is called one with *mahakriya* One having intense and numerous sources of influx of *karmas*, like unrighteousness, is called one with *mahasrava* One having great sufferance of pain is called one with *mahavedana* *(Vritti leaf 253)*

२ द्वितीय द्वार · वस्त्र और जीव के पुद्गलोपचय

SECOND PORT ACQUISITION OF MATTER BY CLOTH AND SOUL

४. [प्र.] वत्थस्स णं भंते ! पोग्गलोवचए कि पयोगसा, वीससा ?

[उ.] गोयमा ! पयोगसा वि, वीससा वि।

४. [प्र.] भगवन् ! वस्त्र मे जो पुद्गलो का उपचय (सचय) होता है, वह क्या प्रयोग (प्रयत्न) से होता है, अथवा विश्रसा (स्वाभाविक) रूप से।

[उ.] गौतम ! वह प्रयोग से भी होता है, स्वाभाविक रूप से भी होता है।

4. [Q.] *Bhante* ! Are matter particles acquired (*upachaya*, here it includes the whole process of acquisition, assimilation and augmentation) by cloth through application (*prayog*) or naturally (*vishrasa*) ?

[Ans.] Gautam ! It happens both through application as well as naturally

५. [प्र १] जहा ण भते ! वत्थस्स णं पोग्गलोवचए पयोगसा वि, वीससा वि तहा णं जीवाणं कम्मोवचए किं पयोगसा, वीससा ?

[उ] गोयमा ! पयोगसा, नो वीससा।

५. [प्र १] भगवन् ! जिस प्रकार वस्त्र मे पुद्गलो का उपचय प्रयोग से और स्वाभाविक रूप से होता है, तो क्या उसी प्रकार जीवो के कर्मपुद्गलो का उपचय भी प्रयोग से और स्वभाव से होता है ?

[उ] गौतम ! जीवो के कर्मपुद्गलो का उपचय प्रयोग से होता है, किन्तु स्वाभाविक रूप से नही होता।

5. [Q. 1] *Bhante* ! Just as matter is acquired (*upachaya*) by cloth through application as well as naturally, are *karma* particles also acquired (*upachaya*) by living beings (souls) through application as well as naturally ?

[Ans.] Gautam ! *Karma* particles are acquired (*upachaya*) by living beings (souls) only through application and not naturally

[प्र. २] से केणट्ठेण ?

[उ.] गोयमा ! जीवाणं तिविहे पयोगे पण्णत्ते, तं जहा–मणप्पयोगे वइप्पयोगे कायप्पयोगे य। इच्चेएणं तिविहेण पयोगेणं जीवाणं कम्मोवचए पयोगसा, नो वीससा। एवं सव्वेसिं पंचेंदियाणं तिविहे पयोगे भाणियव्वे। पुढविक्काइयाणं एगविहेणं पयोगेणं, एवं जाव वणस्सइकाइयाणं। विगलिंदियाण दुविहे पयोगे पण्णत्ते, तं जहा–वइप्पयोगे य, कायप्पयोगे य। इच्चेएणं दुविहेण पयोगेणं कम्मोवचए पयोगसा, नो वीससा। से एएणट्ठेणं जाव–नो वीससा। एवं जस्स जो पयोगो जाव वेमाणियाणं।

[प्र. २] भगवन् ! किस अपेक्षा से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! जीवो के तीन प्रकार के प्रयोग कहे है–मन प्रयोग, वचनप्रयोग और कायप्रयोग। इन तीन प्रकार के प्रयोगो से जीवो के कर्मो का उपचय होता है। इस प्रकार समस्त पचेन्द्रिय जीवो के तीन प्रकार का प्रयोग कहना चाहिए। पृथ्वीकायिक से लेकर वनस्पतिकायिक (पचस्थावर) जीवो तक के एक प्रकार के (काय) प्रयोग से (कर्मपुद्गलोपचय होता है।) विकलेन्द्रिय जीवो के दो प्रकार से प्रयोग होते है, यथा–वचनप्रयोग और कायप्रयोग। अत उनके इन दो प्रयोगो से कर्म (पुद्गलो) का उपचय होता है। यो समस्त जीवो के कर्मोपचय प्रयोग से होता है, स्वाभाविक–रूप से नही। इसी कारण से कहा गया है कि यावत् स्वाभाविक रूप से नही होता। इस प्रकार जिस जीव का जो प्रयोग हो, वह कहना चाहिए। यावत् वैमानिक तक (यथायोग्य) प्रयोगो से कर्मोपचय का कथन करना चाहिए।

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! Living beings are said to have three types of application (*prayog*)—*manah-prayog* (mental application), *vachan-prayog* (vocal application) and *kaaya-prayog* (physical application) With these three types of applications living beings (souls) acquire *karmas* In the same way these three types of applications should be mentioned in context of all five-sensed beings. Earth-bodied to plant-bodied beings (the five immobile beings) do that (acquire *karma* particles) through one application (physical) Two to four-sensed beings (*vikalendriyas*) have only two applications—vocal and physical Thus they acquire *karmas* through these two applications This way all beings acquires *karmas* through application and not naturally That is why it is said and so on up to not naturally In the same way acquisition (*upachaya*) of *karmas* through applications specific to the type of being and so on up to *Vaimaniks* should be mentioned

विवेचन प्रस्तुत सूत्र मे कर्मबन्ध की प्रक्रिया बताई है। कर्मवर्गणा के पुद्गल पूरे लोक मे व्याप्त है और वे आत्म-प्रदेशो के साथ अनन्तावगाढ भी है, फिर भी जब तक आत्मा, मन, वचन तथा काययोग की प्रवृत्ति कर उन्हे ग्रहण नही करता, तब तक उनका बधन नही होता। ससार के समस्त जीवो के कर्मपुद्गलो का उपचय प्रयोग-स्वप्रयत्न से होता है, स्वाभाविकरूप (काल, स्वभाव, नियति आदि) से नही। अगर ऐसा नही माना जायेगा तो सिद्ध जीव योगरहित है, उनके भी कर्मपुद्गलो का उपचय होने लगेगा, परन्तु यह सम्भव नही।

Elaboration—This aphorism details the process of bonding of *karmas*. The *karmic* particles (*karma vargana*) are spread all over the universe (*Lok*) and they have unending interaction with soul space-points in infinite numbers However, as long as the soul does not acquire them by indulgence or actions through mental, vocal and physical instruments they do not get bonded All the beings in the world acquire *karma* particles through such application and not naturally (time, nature, fate etc) If this is not accepted, even *Siddhas* (the liberated souls) who are free of any association or application will also acquire *karma* particles, but that is not possible

३ तृतीय द्वार कर्मोपचय की सादि-सान्तता

THIRD PORT ACQUISITION OF KARMA WITH BEGINNING AND END

६. [प्र.] बत्थस्स णं भंते ! पोग्गलोवचए किं सादीए सपज्जवसिए ? सादीए अपज्जवसिए ? अणादीए सपज्जवसिए ? अणादीए अपज्जवसिए ?

[उ.] गोयमा ! वत्थस्स णं पोग्गलोवचए सादीए सपज्जवसिए, नो सादीए अपज्जवसिए नो अणादीए सपज्जवसिए, नो अणादीए अपज्जवसिए।

६. [प्र.] भगवन् ! वस्त्र मे पुद्गलो का जो उपचय होता है–(१) क्या वह सादि–सान्त है, (२) सादि–अनन्त है, (३) अनादि–सान्त है, अथवा (४) अनादि–अनन्त है ?

[उ.] गौतम ! वस्त्र मे पुद्गलो का जो उपचय होता है, वह सादि–सान्त होता है, किन्तु न तो वह सादि–अनन्त है, न अनादि–सान्त है और न अनादि–अनन्त होता है।

6. [Q.] *Bhante* ! Is the acquisition (*upachaya*) of matter particles by cloth—(1) with a beginning and with an end, (2) with a beginning and without an end, (3) without a beginning and with an end, or (4) without a beginning and without an end ?

[Ans.] Gautam ! The *upachaya* of matter particles by cloth—is with a beginning and with an end, and neither with a beginning and without an end, nor without a beginning and with an end, or without a beginning and without an end

७. [प्र. १] **जहा णं भंते ! वत्थस्स पोग्गलोवचए सादीए सपज्जवसिए, नो सादीए अपज्जवसिए, नो अणादीए सपज्जवसिए, नो अणादीए अपज्जवसिए तहा ण जीवाणं कम्मोवचए पुच्छा।**

[उ.] **गोयमा ! अत्थेगइयाण जीवाणं कम्मोवचए साईए सपज्जवसिए, अत्थेगइयाणं अणाईए सपज्जवसिए, अत्थेगइयाणं अणाईए अपज्जवसिए, नो चेव णं जीवाणं कम्मोवचए सादीए अपज्जवसिए।**

७. [प्र. १] हे भगवन् ! जिस प्रकार वस्त्र मे पुद्गलोपचय सादि–सान्त है, किन्तु सादि–अनन्त, अनादि–सान्त और अनादि–अनन्त नही है, क्या उसी प्रकार जीवो का कर्मोपचय भी सादि–सान्त है, सादि–अनन्त है, अनादि–सान्त है, अथवा अनादि–अनन्त है ?

[उ.] गौतम ! कितने ही जीवो का कर्मोपचय (१) सादि–सान्त है, (२) कितने ही जीवो का कर्मोपचय अनादि–सान्त है, और (३) कितने ही जीवो का कर्मोपचय अनादि–अनन्त है, किन्तु (४) जीवो का कर्मोपचय सादि–अनन्त नही है।

7. [Q. 1] *Bhante* ! The acquisition (*upachaya*) of matter particles by cloth is with a beginning and with an end, and neither with a beginning and without an end, nor without a beginning and with an end, or without a beginning and without an end, does the acquisition (*upachaya*) of *karmas* by living beings follow the same pattern ?

[Ans.] Gautam ! The acquisition (*upachaya*) of *karmas* (1) by some beings is with a beginning and with an end, (2) that by some beings is without a beginning and with an end, (3) that by some beings is without a beginning and without an end, (4) but for no being it is with a beginning and without an end

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! इरियावहियाबंधयस्स कम्मोवचए साईए सपज्जवसिए। भवसिद्धियस्स कम्मोवचए अणादीए सपज्जवसिए। अभवसिद्धियस्स कम्मोवचए अणाईए अपज्जवसिए। से तेणट्ठेणं।

[प्र. २] भगवन् ! यह किस कारण से कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! (१) ईर्यापथिक–बन्ध की अपेक्षा कर्मोपचय सादि–सान्त है, (२) भवसिद्धिक जीवो का कर्मोपचय अनादि–सान्त है, (३) अभवसिद्धिक जीवो का कर्मोपचय अनादि–अनन्त है। इसी कारण से, हे गौतम ! उपर्युक्त रूप से कहा गया है।

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! (1) In context of *Iryapathik-bandh* (bondage due to passionless association) acquisition (*upachaya*) of *karmas* is with a beginning and with an end, (2) Acquisition of *karmas* by beings destined to be liberated (*bhavasiddhik*) is without a beginning and with an end, (3) Acquisition of *karmas* by beings not destined to be liberated (*abhavasiddhik*) is without a beginning and without an end That is why, Gautam ! The aforesaid statement

विवेचन ईर्यापथिक बन्ध का स्वरूप ? कर्मबन्ध के मुख्य दो कारण है (१) क्रोधादि कषाय, और (२) योग = मन–वचन-काया की प्रवृत्ति। जिन जीवो का कषाय सर्वथा उपशान्त या क्षीण नही हुआ है, उनको जो कर्मबन्ध होता है, वह सब **साम्परायिक** (काषायिक) कहलाता है, और जिन जीवो का कषाय सर्वथा उपशान्त या क्षीण हो चुका है, उनकी हलन-चलन आदि सारी प्रवृत्तियाँ यौगिक (मन, वचन, कायायोग से जनित) होती है। कषायरहित योगजन्य कर्म को ही **ईर्यापथिक** कर्म कहते है। उपशान्तमोह, क्षीणमोह और सयोगीकेवली को ईर्यापथिक कर्मबन्ध होता है। यह कर्म इस अवस्था से पहले नही बँधता, इस अवस्था की अपेक्षा से इस कर्म की आदि है, अतएव इसका **सादित्व** है, किन्तु सिद्ध अयोगी (आत्मा की अक्रिय) अवस्था मे अथवा उपशमश्रेणी से गिरने पर इस कर्म का बन्ध नही होता, इस कर्म का अन्त हो जाता है, इस दृष्टि से इसका **सान्तत्व** है। भवसिद्धिक जीवो की अपेक्षा से कर्मोपचय **अनादि–सान्त** है। भव्यजीव को भव्यजीवो के सामूहिक दृष्टि से कर्मबन्ध की कोई आदि नही है–प्रवाहरूप से उनके कर्मोपचय अनादि है, किन्तु एक न एक दिन वे कर्मों का सर्वथा अन्त करके सिद्धि (मुक्ति) प्राप्त करेगे, इस अपेक्षा से उनका कर्मोपचय सान्त है।

अभवसिद्धिक अभव्य जीवो की अपेक्षा से कर्मोपचय अनादि–अनन्त है। जिनके कर्मों का कभी अन्त नही होगा, ऐसे अभव्य-जीवो के कर्मोपचय की प्रवाहरूप से न तो आदि है, और न अन्त है। चौथा भग शून्य है। *(वृत्ति पत्राक २५५)*

Elaboration—Karmic bondage—There are two basic causes of *karmic* bondage—(1) passions including anger and (2) association (*yoga*) or mental, vocal and physical indulgence The *karmic* bondage of beings whose passions have not been completely pacified or destroyed is called *saamparayik* or *kashayik* (caused by passions) All activities and movements of living beings whose passions have been completely pacified

or destroyed are caused exclusively by association (*yoga*) or mental, vocal and physical indulgence It is this *karmic* bondage caused by passionless actions that is called *Iryapathik-bandh* This bondage is acquired only by an ascetic with *upashant-moha* (pacified deluding *karma*), *ksheen-moha* (destroyed deluding *karma*) and *Sayogi Kevali* (omniscient with association or action) This *karma* is not bound prior to attaining these states Thus in context of this state this bondage has a beginning However, this bondage stops either when the *Sayogi Kevali* rises to the level of *Ayogi Kevali* (omniscient without association or action) or when he falls from that level of pacification In this context this state of bondage has an end In context of beings destined to liberation (*bhavasiddhik*) the acquisition (*upachaya*) of *karmas* is without a beginning and with an end In generic context or from collective standpoint there is no beginning of *karmic* bondage of the beings destined to liberation In other words in terms of continuity their acquisition of *karmas* is without a beginning But they are sure to attain liberation by ending all *karmas*, therefore their acquisition of *karmas* is with an end

In context of beings not destined to liberation (*abhavasiddhik*) the acquisition of *karmas* is without a beginning and without an end In terms of continuity the acquisition of *karmas* of beings not destined to liberation, there neither is a beginning nor an end The fourth alternative is nonexistent. *(Vritti leaf 255)*

वस्त्र एव जीवो की सादि–सान्तता BEGINNING AND END OF CLOTH AND BEINGS

८. [प्र.] वत्थे ण भंते ! किं सादीए सपज्जवसिए ? चतुभंगो।

[उ] गोयमा ! वत्थे सादीए सपज्जवसिए, अवसेसा तिण्णि वि पडिसेहेयव्वा।

८. [प्र.] भगवन् ! क्या वस्त्र सादि–सान्त है ? इत्यादि पूर्वोक्त रूप से चार भग करके प्रश्न करना चाहिए।

[उ] गौतम ! वस्त्र सादि–सान्त है, शेष तीन भगो का वस्त्र मे निषेध करना चाहिए।

8. [Q.] *Bhante* ! Is cloth with a beginning and with an end ? Put up all aforesaid four question in this context

[Ans.] Gautam ! Cloth is with a beginning and with an end Remaining three questions should be answered in negative

९. [प्र. १] जहा णं भंते ! वत्थे सादीए सपज्जवसिए० तहा णं जीवा किं सादीया सपज्जवसिया ? चतुभंगो, पुच्छा।

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइया सादीया सपज्जवसिया चत्तारि वि भाणियव्वा।

[उ] गौतम ! तमस्काय दो प्रकार की है—एक तो सख्येय विस्तृत और दूसरी असखेय विस्तृत। इनमे से जो सख्येय विस्तृत है, उसका विस्तार सख्येय हजार योजन है और घेरा असख्येय हजार योजन है। जो तमस्काय असख्येय विस्तृत है, उसका विष्कम्भ, असख्येय हजार योजन और परिक्षेप भी असख्येय हजार योजन है।

4. [Q.] *Bhante* ! What is the *vishkambh* (spread or area) and *parikshep* (circumference) of *Tamaskaaya* ?

[Ans.] Gautam ! *Tamaskaaya* is of two kinds—with limited expanse and with unlimited expanse One with limited expanse has a spread of countable thousand Yojans and a circumference of innumerable thousand Yojans One with unlimited expanse has a spread of innumerable thousand Yojans and a circumference of innumerable thousand Yojans

५. [प्र.] तमुक्काए णं भंते ! केमहालए पण्णत्ते ?

[उ] गोयमा ! अयं णं जंबुद्दीवे दीवे सव्व दीव—समुद्दाण सब्भंतराए जाव परिक्खेवेणं पण्णत्ते। देवे ण महिड्ढीए जाव 'इणामेव इणामेव' त्ति कट्टु केवलकप्पं जंबुद्दीवं दीवं तिर्हि अच्छरानिवाएर्हि तिसत्तखुत्तो अणुपरियट्टित्ताण हव्वमागच्छिज्जा। से णं देवे ताए उक्किट्ठाए तुरियाए जाव देवगईए वीईवयमाणे वीईवयमाणे जाव एकाहं वा दुयाह वा तियाह वा उक्कोसेणं छम्मासे वीईवएज्जा, अत्थेगइयं तमुक्काय वीईवएज्जा, अत्थेगइयं तमुक्कायं नो वीईवएज्जा। एमहालए णं गोयमा ! तमुक्काए पन्नत्ते।

५. [प्र.] भगवन् ! तमस्काय कितनी बडी है ?

[उ.] गौतम ! समस्त द्वीप–समुद्रो के बीचोबीच यह जम्बूद्वीप है। यावत् यह एक लाख योजन का लम्बा-चौडा है। इसकी परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन तीन कोस एक सौ अट्ठाईस धनुष और साढे तेरह अगुल से कुछ अधिक है। कोई महाऋद्धि यावत् महानुभाव वाला देव–'यह चला, यह चला', ऐसा करके तीन चुटकी बजाये, उतने समय मे सम्पूर्ण जम्बूद्वीप की इक्कीस बार परिक्रमा करके शीघ्र वापस आ जाये, इस प्रकार की उत्कृष्ट और त्वरायुक्त देव की गति से चलता हुआ देव यावत् एक दिन, दो दिन, तीन दिन चले, यावत् उत्कृष्ट छह महीने तक चले तब जाकर कुछ

तमस्काय का उल्लघन कर पाता है और कुछ तमस्काय का उल्लघन नही कर पाता। हे गौतम ! तमस्काय इतना बडा है।

5. [Q.] *Bhante* ! How large is *Tamaskaaya* ?

[Ans.] At the center of all continents and all oceans there is a continent named Jambudveep Its length and breadth is one hundred thousand Yojans Its circumference is slightly more than three hundred sixteen thousand two hundred twenty seven (3,16,227) Yojans, three Kos (a linear measure equal to 2 miles), twenty eight Dhanush (a linear measure equivalent to four cubits), and thirteen and a half Angul (a linear measurement equal to the width of a finger) Suppose a god with great opulence and so on up to great influence goes around this Jambudveep 21 times and returns within the time taken in uttering—'Here I go'—and snapping his finger thrice If such a god moves with such great and fast divine speed for one day, two days, three days and so on up to a maximum of six months then he is able to cross some portion of *Tamaskaaya* and fails to cross some portion of *Tamaskaaya* Gautam ! So large is *Tamaskaaya*

६. [प्र.] अत्थि ण भंते ! तमुकाए गेहा ति वा, गेहावणा ति वा ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे।

७. [प्र.] अत्थि णं भंते ! तमुक्काए गामा ति वा जाव सन्निवेसा ति वा ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे।

८. [प्र. १] अत्थि णं भंते ! तमुक्काए ओराला बलाहया ससेयंति, सम्मुच्छंति, वासं वासंति ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. २] तं भंते ! किं देवो पकरेति, असुरो पकरेति? णागो पकरेति?

[उ.] गोयमा ! देवो वि पकरेति, असुरो वि पकरेति, णागो वि पकरेति।

६. [प्र.] भगवन् ! तमस्काय मे गृह (घर) है, अथवा गृहापण (दुकाने) है।

[उ.] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नही है।

७. [प्र.] भगवन् ! तमस्काय मे ग्राम है यावत् अथवा सन्निवेश है ?

[उ.] गौतम ! ऐसा नही है।

८. [प्र. १] भगवन् ! क्या तमस्काय मे उदार (विशाल) मेघ सस्वेद को प्राप्त होते है, सम्मूर्च्छित मेघ का आकार लेते है और वर्षा बरसाते है ?

[उ] हाँ, गौतम ! ऐसा है।

[प्र. २] भगवन् ! क्या वह (मेघ सस्वेदन–सम्मूर्च्छन–वर्षण) देव करता है, असुर करता है या नाग करता है ?

[उ] हाँ, गौतम ! (ऐसा) देव भी करता है, असुर भी करता है और नाग भी करता है।

6. [Q.] *Bhante* ! Are there houses or shops (*grihapan*) in *Tamaskaaya*

[Ans.] Gautam ! It is not so

7. [Q.] *Bhante* ! Are there villages and so on up to. *sanniwesh* (temporary settlement) in *Tamaskaaya* ?

[Ans.] Gautam ! It is not so

8. [Q. 1] *Bhante* ! In *Tamaskaaya* do great clouds accumulate moisture, form into rain-clouds and cause shower ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is so

[Q. 2] *Bhante* ! Is it (aforesaid activities of clouds) done by a *Dev*, *Asur* or *Naag* (classes of divine beings) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is done by a *Dev*, *Asur* as well as a *Naag*

९. [प्र १] अत्थि णं भंते ! तमुक्काए बादरे थणियसद्दे, बायरे विज्जुए ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. २] तं भंते ! किं देवो पकरेति ३ ?

[उ] तिण्णि वि पकरेति।

९. [प्र. १] भगवन् ! तमस्काय मे क्या बादर स्तनित शब्द (स्थूल मेघगर्जन) है, क्या बादर विद्युत् है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! है।

[प्र २] भगवन् ! क्या उसे देव करता है, असुर करता है या नाग करता है ?

[उ] गौतम ! तीनो ही करते है।

9. [Q. 1] *Bhante* ! In *Tamaskaaya* is there loud thundering sound (of clouds) and gross (bright) lightening ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is so

[Q. 2] *Bhante* ! Is it produced by a *Dev*, *Asur* or *Naag* ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is done by all three

१०. [प्र.] अत्थि णं भंते ! तमुक्का बायरे पुढविकाए, बायरे अगणिकाए ?

[उ.] णो तिणट्ठे समट्ठे, णण्णत्थ विग्गहगतिसमावन्नएणं।

१०. [प्र] भगवन् ! क्या तमस्काय मे बादर पृथ्वीकाय है और बादर अग्निकाय है ?

[उ] गौतम ! ऐसा नही है। किन्तु वहाँ विग्रहगतिसमापन्न बादर पृथ्वी और बादर अग्नि हो सकती है।

10. [Q.] *Bhante* ! Does *Tamaskaaya* contain gross (*baadar*) earth-bodies (*prithvikaaya*) and gross fire-bodies (*tejaskaaya*) ?

[Ans.] Gautam ! That is not so However, it may contain gross earth-bodies and gross fire-bodies with oblique movement (*vigrahagati samapanna*)

११. [प्र.] अत्थि णं भते ! तमुक्काए चंदिम–सूरिय–गहगण–णक्खत्त–तारारूवा ?

[उ] णो तिणट्ठे समट्ठे, पलियस्सओ पुण अत्थि।

११. [प्र] भगवन् ! क्या तमस्काय मे चन्द्रमा, सूर्य, ग्रहगण, नक्षत्र और तारारूप है ?

[उ.] गौतम ! यह ऐसा नही है, किन्तु वे (चन्द्रादि) तमस्काय के परिपार्श्व मे है।

11. [Q.] *Bhante* ! Does *Tamaskaaya* have cosmic formations like moon, sun, planets, constellations and stars ?

[Ans.] Gautam ! It is not so However, such formations including moon are in its vicinity

१२. [प्र] अत्थि णं भते ! तमुक्काए चदाभा ति वा, सूराभा ति वा ?

[उ.] णो तिणट्ठे समट्ठे, कादूसणिया पुण सा।

१२. [प्र] भगवन् ! क्या तमस्काय मे चन्द्रमा की आभा (प्रभा) या सूर्य की आभा है ?

[उ] गौतम ! यह अर्थ ऐसा नही है, किन्तु तमस्काय मे (जो प्रभा है, वह) **कादूषणिका**–(चन्द्र–सूर्य की प्रभा को दूषित करने वाली) है।

12. [Q.] *Bhante* ! Does *Tamaskaaya* have glow like the moon or the sun ?

[Ans.] Gautam ! It is not so However, it has murkiness (the attribute that defiles or darkens the glow of the sun and the moon)

१३. [प्र.] तमुक्काए णं भंते ! केरिसए वण्णेणं पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! काले कालोभासे गंभीरलोमहरिसजणणे भीमे उत्तासणे परमकिण्हे वण्णेणं पण्णत्ते। देवे वि णं अत्थेगइए जे णं तप्पढमयाए पासित्ता णं खुभाएज्जा। अहे णं अभिसमागच्छेज्जा, ततो पच्छा सीहं सीहं तुरियं तुरियं खिप्पामेव वीईवएज्जा।

१३. [प्र.] भगवन् ! तमस्काय का वर्ण कैसा है ?

[उ.] गौतम ! तमस्काय वर्ण से काला, काली कान्ति वाला, गम्भीर (गहरा), रोमहर्षक (रोंगटे खडे करने वाला), भीम (भयकर), उत्त्रासजनक और परम कृष्ण है। कोई एक देव भी उस तमस्काय को देखते ही सर्वप्रथम तो घबरा जाता है। कदाचित् कोई देव उस तमस्काय मे प्रवेश करता है तो वह शीघ्रातिशीघ्र त्वरित गति से झटपट उसे पार कर जाता है।

13. **[Q.]** *Bhante* ! What is the appearance (colour) of *Tamaskaaya* ?

[Ans.] Gautam ! In appearance *Tamaskaaya* is black, with a black hue, dense, gruesome, hideous, terrifying and deep black At its first sight even a god is horrified If by chance a god enters it, he at once rushes out with great speed

१४. [प्र.] तमुक्कायस्स ण भंते ! कइ नामधेज्जा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! तेरस नामधेज्ज पण्णत्ता, तं जहा–तमे ति वा, तमुकाए ति वा, अंधकारे इ वा, महधकारे इ वा, लोगंधकारे इ वा, लोगतमिस्से इ वा, देवंधकारे ति वा, देवंतमिस्से ति वा, देवारण्णे ति वा, देववूहे ति वा, देवफलिहे ति वा, देवपडिक्खोभे ति वा, अरुणोदए ति वा समुद्दे।

१४. [प्र.] भगवन् ! तमस्काय के कितने नाम है ?

[उ.] गौतम ! तमस्काय के तेरह नाम है, यथा-(१) तम, (२) तमस्काय, (३) अन्धकार, (४) महान्धकार, (५) लोकान्धकार, (६) लोकतमिस्र, (७) देवान्धकार, (८) देवतमिस्र, (९) देवारण्य (देवो के लिए भी अरण्य जगल के समान भयावह), (१०) देवव्यूह (देवो के लिए भी चक्रव्यूह के समान दुर्भेद्य), (११) देवपरिध (गहरी खाई के समान गति मे बाधक), (१२) देवप्रतिक्षोभ (देवो के क्षोभ का विषय), (१३) अरुणोदक समुद्र।

14. **[Q.]** *Bhante* ! How many names *Tamaskaaya* has ?

[Ans.] Gautam ! *Tamaskaaya* has thirteen names—(1) *Tam*, (2) *Tamaskaaya*, (3) *Andhakaar*, (4) *Mahandhakaar*, (5) *Lokandhakaar*, (6) *Lokatamisra*, (7) *Devandhakaar*, (8) *Devatamisra*, (9) *Devaranya* (terrifying like a forest even for gods), (10) *Devavyuha* (like a labyrinth impassable even for gods), (11) *Devaparigh* (impassable like a gorge), (12) *Devapratikshobh* (matter of disappointment for gods) and (13) *Arunodak Samudra*

१५. [प्र.] तमुक्काए णं भंते ! किं पुढविपरिणामे, आउपरिणामे, जीवपरिणामे, पोग्गलपरिणामे ?

[उ.] गोयमा ! नो पुढविपरिणामे, आउपरिणामे वि, जीवपरिणामे वि, पोग्गलपरिणामे वि।

१५. [प्र] भगवन् ! क्या तमस्काय पृथ्वी का परिणाम है, जल का परिणाम है, जीव का परिणाम है अथवा पुद्गल का परिणाम है ?

[उ] गौतम ! तमस्काय पृथ्वी का परिणाम नही है, किन्तु जल का परिणाम है, जीव का परिणाम भी है और पुद्गल का परिणाम भी है।

15. [Q.] *Bhante* ! Is *Tamaskaaya* a derivative of earth, a derivative of water, a derivative of *jiva* (life force or soul) or a derivative of matter ?

[Ans.] Gautam ! *Tamaskaaya* is not a derivative of earth, but a derivative of water, a derivative of *jiva* (life force or soul) as well as a derivative of matter

१६. [प्र.] तमुक्काए णं भंते ! सव्वे पाणा भूता जीवा सत्ता पुढविकाइयत्ताए जाव तसकाइयत्ताए उववन्नपुव्वा ?

[उ.] हंता, गोयमा ! असइं, अदुवा अणतखुत्तो, णो चेव ण बादरपुढविकाइयत्ताए वा, बादरअगणिकाइयत्ताए वा।

१६. [प्र] भगवन् ! क्या तमस्काय मे सर्व प्राण, भूत, जीव और सत्त्व-पृथ्वीकायिक रूप मे यावत् त्रसकायिक रूप मे पहले उत्पन्न हो चुके है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (वे सभी प्राण, भूत, जीव और सत्त्व, तमस्काय मे) अनेक बार अथवा अनन्त बार पहले उत्पन्न हो चुके है, किन्तु बादर पृथ्वीकायिक रूप मे या बादर अग्निकायिक रूप मे उत्पन्न नही हुए है।

16. [Q.] *Bhante* ! Have all beings (*praan*), organisms (*bhoot*), souls (*jiva*), and entities (*sattva*) been born in *Tamaskaaya* earlier in the form of earth-bodied and so on up to mobile beings many times or infinite times ?

[Ans.] Yes, Gautam ! All these have been born many times or infinite times but never in the form of gross earth-bodies or gross fire-bodies

विवेचन **तमस्काय** का अर्थ-यह अन्धकारमय सघन पुद्गलो का समूह है। तमस्काय उदकरज स्कन्धरूप है। क्योकि जल अप्रकाशक होता है और तमस्काय भी अप्रकाशक है। दोनो (अप्काय और तमस्काय) का समान स्वभाव होने से तमस्काय अप्काय का ही परिणाम है। तमस्काय एकप्रदेश श्रेणीरूप है, इसका अर्थ है कि वह समभित्ति वाली अर्थात् नीचे से लेकर ऊपर तक एक समान भीत रूप श्रेणी है। एक आकाश-प्रदेश की श्रेणीरूप नही। तमस्काय का सस्थान मिट्टी के सकोरे के (मूल का) आकार-सा और ऊपर मुर्गे के पिजरे के जैसा है। वह दो प्रकार का है-सख्येय योजन विस्तृत और असख्येय योजन विस्तृत। पहला जलान्त (जल के ऊपर का स्तर) से प्रारम्भ होकर सख्येय योजन तक फैला हुआ है, दूसरा असख्येय योजन तक विस्तृत और असख्येय द्वीपो को घेरे हुए है। तमस्काय इतना विस्तृत है कि कोई देव ६ महीने तक अपनी उत्कृष्ट शीघ्र दिव्यगति से चले

तो भी वह सख्येय योजन विस्तृत तमस्काय तक पहुँचता है, असख्येय योजन तमस्काय तक पहुँचना बाकी रह जाता है।

तमस्काय मे घर, ग्राम, नगर आदि नही है, किन्त वहाँ बडे-बडे मेघ उठते है, उमडते है, गर्जते है, बरसते है। बिजली भी चमकती है। देव, असुर या नागकुमार ये सब कार्य करते है। विग्रहगतिसमापन्न बादर पृथ्वी या अग्नि को छोडकर तमस्काय मे न बादर पृथ्वीकाय है, न अग्निकाय। तमस्काय मे चन्द्र-सूर्यादि नही है, किन्तु उसके आसपास मे है, उनकी प्रभा तमस्काय मे पडती भी है, किन्तु तमस्काय के परिणाम से परिणत हो जाने के कारण नही जैसी है। तमस्काय काला भयकर काला और रोमहर्षक तथा त्रासजनक है। देवता भी उसे देखकर घबरा जाते है। यदि कोई देव साहस करके उसमे घुस भी जाये तो भी वह भय के मारे कायगति से अत्यन्त तेजी से और मनोगति से अतिशीघ्र बाहर निकल जाता है। तमस्काय पानी, जीव और पुद्गलो का परिणाम है, जलरूप होने के कारण वहाँ बादर वायु, वनस्पति और त्रस जीव उत्पन्न होते है। इनके अतिरिक्त अन्य जीवो का स्वस्थान न होने से उनकी उत्पत्ति तमस्काय मे सम्भव नही है।

कृष्ण विवर के साथ समानता—आधुनिक वैज्ञानिको ने बरमूदा-त्रिकोण (त्रिनिडाड समुद्र तट) के रहस्यमय क्षेत्र मे यात्रा करते हुए जल का एक अत्यन्त सघन काला भयानक पर्वताकार अधकार देखा। उसके निकट जाते ही राडार आदि ने काम करना बन्द कर दिया। जहाज की सब बत्तियाँ बुझ गई। इजन का स्टीम प्रेशर भी खत्म हो गया। वैज्ञानिको ने उस यात्रा का पूरा विवरण दिया है। जो साप्ताहिक हिन्दुस्तान ९ सितम्बर १९७९ मे 'बरमूदा-त्रिकोण नये पुराने कितने कोण' नाम से छपा है। वैज्ञानिको ने इसे कृष्ण विवर नाम दिया है। तमस्काय के उक्त वर्णन से कृष्ण विवर का वर्णन बहुत ही आश्चर्यजनक समानता रखता है। *(विशेष द्रष्टव्य भगवई भाष्य, भाग २ पृष्ठ २७७)*

Elaboration—*Tamaskaaya* means a dense cluster of dark matter particles (*pudgala*) It is formed of water-bodies because water-bodies do not emit light and *Tamaskaaya* too does not As they have same properties it can be inferred that *Tamaskaaya* is a derivative of water-bodies *Tamaskaaya* is a matrix of one space-point depth It has a uniform wall like structure from base to top and not a row of single space-points At the base it is of the shape of the base of a *mallak* (earthen pot of the shape of a conical tumbler) and at the top it is like cage of a cock (square shaped) *Tamaskaaya* is of two kinds—with limited expanse and with unlimited expanse The first starts at water surface and has a spread of countable thousand Yojans The second has a spread of innumerable thousand Yojans and envelopes innumerable continents The expanse of *Tamaskaaya* is so great that a god travelling with his maximum divine speed can cover only the *Tamaskaaya* with countable Yojan expanse and not that with innumerable Yojan expanse

There are no houses, villages or cities in *Tamaskaaya* but gigantic clouds are formed there producing thunder and rain There is lightening also These acts are performed by gods including *Dev*, *Asurs* and *Naag*

Kumars Except for gross earth-bodies and fire-bodies with oblique movement there are no other gross earth-bodies and fire-bodies in *Tamaskaaya* There are no suns, moons or other cosmic bodies within *Tamaskaaya* but there are in its vicinity Their light falls on *Tamaskaaya* but it is reduced to nothing due to its unique properties In appearance *Tamaskaaya* is oppressively black, gruesome and terrifying Even gods are horrified seeing it If by chance a god enters it, he at once rushes out with great speed and mental alacrity *Tamaskaaya* is a derivative of water, *jiva* (life force or soul) and matter Being a form of water it is conducive to origin of gross air-bodies, plant-bodies and mobile beings No other beings are born here because it is hostile to them

Similarity with areas of darkness—Modern scientists observed an intense dark and ominous mountain-like water body while travelling in the mysterious Bermuda triangle area (near Trinidad coast) When they approached this body radar and other instruments stopped functioning All the lights went off and the steam pressure in the engine was reduced to zero Scientists have described that voyage in details An article based on that and titled "*Bermuda Trikone Naye Purane Kitne Kone*" (Bermuda triangle Many angles new and old) was published in *Saptahik Hindustan* (a Hindi weekly) of 9th September 1979 The scientists named it as area of darkness (krishna vivar) The aforesaid description of *Tamaskaaya* has astonishing similarities with that description of area of darkness *(Bhagavai Bhashya, part 2, p 277)*

आठ कृष्णराजियाँ EIGHT KRISHNA-RAJIS

१७. [प्र.] कइ ण भंते ! कण्हराईओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] गोयमा ! अट्ठ कण्हराईओ पण्त्ताओ।

१७ [प्र] भगवन् ! कृष्णराजियाँ कितनी है ?

[उ] गौतम ! कृष्णराजियाँ आठ है।

17. [Q.] *Bhante* ! How many are the *krishna-rajis* (cluster of darkness or agglomerative entity of earth-derived darkness) ?

[Ans.] Gautam ! There are eight *krishna-rajis*

१८. [प्र.] कहि णं भंते ! एयाओ अट्ठ कण्हराईयो पण्णत्ताओ ?

[उ.] गोयमा ! उप्पिं सणंकुमार-माहिंदाणं कप्पाणं, हव्विं बंभलोगे कप्पे रिट्ठे विमाणपत्थडे, एत्थ णं अक्खाडग-समचउरंसठाणसंठियाओ अट्ठ कण्हराईओ पण्णत्ताओ, तं जहा-पुरत्थिमेणं दो, पच्चत्थिमेणं

दो, दाहिणेणं दो, उत्तरेणं दो। पुरत्थिमऽब्भंतरा कण्हराई दाहिणबाहिरं कण्हराइं पुट्ठा, दाहिणऽब्भतरा कण्हराई पच्चत्थिमबाहिरं कण्हराइं पुट्ठा, पच्चत्थिमऽब्भंतरा कण्हराई उत्तरबाहिरं कण्हराइं पुट्ठा, उत्तरऽब्भंतरा कण्हराई पुरत्थिमबाहिरं कण्हराइं पुट्ठा। दो पुरत्थिमपच्चत्थिमाओ बाहिराओ कण्हराईओ छलंसाओ, दो उत्तरदाहिणबाहिराओ कण्हराईओ तंसाओ, दो पुरत्थिमपच्चत्थिमाओ अब्भिंतराओ कण्हराईओ चउरंसाओ, दो उत्तरदाहिणाओ अब्भिंतराओ कण्हराईओ चउरंसाओ।

पुव्वावरा छलंसा, तंसा पुण दाहिणुत्तरा बज्झा।

अब्भंतर चउरंसा सव्वा वि य कण्हराईओ॥१॥

१८. [प्र.] भगवन् ! ये आठ कृष्णराजियाँ कहाँ है ?

[उ] गौतम ! ऊपर सनत्कुमार (तृतीय) और माहेन्द्र (चतुर्थ) कल्पो (देवलोको) पर और नीचे ब्रह्मलोक (पचम) देवलोक के अरिष्ट नामक विमान के (तृतीय) पाथडे से नीचे, (अर्थात्) इस स्थान मे, अखाडा (प्रेक्षास्थल) के आकार की समचतुरस्र (सम-चौरस) सस्थान-वाली आठ कृष्णराजियाँ है। यथा-पूर्व मे दो, पश्चिम मे दो, दक्षिण मे दो और उत्तर मे दो। पूर्वाभ्यन्तर अर्थात्-पूर्व दिशा की आभ्यन्तर कृष्णराजि दक्षिण दिशा की बाह्य कृष्णराजि से सटी हुई है। दक्षिण दिशा की आभ्यन्तर कृष्णराजि ने पश्चिम दिशा की बाह्य कृष्णराजि को स्पर्श किया हुआ है। पश्चिम दिशा की आभ्यन्तर कृष्णराजि ने उत्तर दिशा की बाह्य कृष्णराजि को स्पर्श किया हुआ है, और उत्तर दिशा की आभ्यन्तर कृष्णराजि पूर्व दिशा की बाह्य कृष्णराजि को स्पर्श की हुई है। पूर्व और पश्चिम दिशा की दो बाह्य कृष्णराजियाँ षडश (षट्कोण) है, उत्तर और दक्षिण की दो बाह्य कृष्णराजियाँ त्र्यस्र (त्रिकोण) है, पूर्व और पश्चिम की दो आभ्यन्तर कृष्णराजियाँ चतुरस्र (चतुष्कोण-चौकोन) है, इसी प्रकार उत्तर और दक्षिण की दो आभ्यन्तर कृष्णराजियाँ भी चतुष्कोण है।

[गाथार्थ-] "पूर्व और पश्चिम की कृष्णराजि षट्कोण है, तथा दक्षिण और उत्तर की बाह्य कृष्णराजि त्रिकोण है। शेष सभी आभ्यन्तर कृष्णराजियाँ चतुष्कोण है।" (स्पष्टता के लिए चित्र देखे)

18. [Q.] *Bhante* ! Where are these eight *krishna-rajis* ?

[Ans.] In the space above the Sanatkumar *kalp* (a divine dimension or the third heaven) and the Maahendra kalp (the fourth heaven) and below the celestial vehicle (*vimaan*) named Risht belonging to the Brahmalok *kalp* (the fifth heaven) there are eight *krishna-rajis* resembling the shape (cross section) of a square wrestling arena — two in the east, two in the west, two in the south and two in the north The inner *krishna-raji* of the east touches the outer *krishna-raji* of the south, the inner *krishna-raji* of the south touches the outer *krishna-raji* of the west, the inner *krishna-raji* of the west touches the outer *krishna-raji* of the north, and the inner *krishna-raji* of the north touches the outer *krishna-raji* of the east The two outer *krishna-rajis* of east and west are

hexagonal, the two outer *krishna-rajis* of north and south are triangular, the two inner *krishna-rajis* of east and west are square, and the two inner *krishna-rajis* of north and south are also square

Verse—The outer *krishna-rajis* of east and west are hexagonal and those of north and south are triangular All the inner *krishna-rajis* are square (see the illustration)

१९. [प्र] **कण्हराईओ णं भंते ! केवइय आयामेणं, केवइयं विक्खंभेणं, केवइयं परिक्खेवेणं पण्णत्ताओ ?**

[उ.] **गोयमा ! असखेज्जाइं जोयणसहस्साइ आयामेण, सखेज्जाइं जोयणसहस्साइं विक्खंभेण, असंखेज्जाइ जोयणसहस्साइ परिक्खेवेणं पण्णत्ताओ।**

१९. [प्र] भगवन् ! कृष्णराजियो का आयाम-(लम्बाई), विष्कम्भ-(विस्तार-चौडाई) और परिक्षेप-(घेरा = परिधि) कितना है ?

[उ] गौतम ! कृष्णराजियो का आयाम असख्यात हजार योजन है, विष्कम्भ सख्यात हजार योजन है और परिक्षेप असख्यात हजार योजन है।

19. [Q.] *Bhante* ! What is the length (*aayaam*), breadth or spread (*vishkambh*) and circumference (*parikshep*) of the *krishna-rajis* ?

[Ans.] The length (*aayaam*) of the *krishna-rajis* is innumerable thousand Yojans, the breadth or spread (*vishkambh*) is countable thousand Yojans and the circumference (*parikshep*) is innumerable thousand Yojans

२०. [प्र.] **कण्हराईओ णं भंते ! केमहालियाओ पण्णत्ताओ ?**

[उ] **गोयमा ! अय णं जबुद्दीवे दीवे जाव अद्धमासं वीतीवएज्जा। अत्थेगइयं कण्हराइं वीतीवएज्जा, अत्थेगइय कण्हराइं णो वीईवएज्जा। एमहालियाओ णं गोयमा ! कण्हराईओ पण्णत्ताओ।**

२०. [प्र.] भगवन् ! कृष्णराजियाँ कितनी बडी है ?

[उ.] गौतम ! तीन चुटकी बजाये, उतने समय मे इस सम्पूर्ण जम्बूद्वीप की इक्कीस बार परिक्रमा करके आ जाये-इतनी शीघ्र दिव्यगति से कोई देव लगातार एक दिन, दो दिन, यावत् अर्द्ध-मास (१५ दिन) तक चले, तब कही वह देव किसी कृष्णराजि को पार कर पाता है और किसी कृष्णराजि को पार नही कर पाता। गौतम ! कृष्णराजियाँ इतनी बडी है।

20. [Q.] *Bhante* ! How vast are the *krishna-rajis* ?

[Ans.] Gautam ! Suppose a god goes around this Jambudveep 21 times and returns within the time taken in snapping his finger thrice If such a god moves with such great and fast divine speed for one day, two

days, and so on up to a maximum of half a month (15 days) then he is able to cross some *krishna-raji* and unable to cross some *krishna-raji* Gautam ! So large are *krishna-rajis*.

२१. [प्र.] अत्थि णं भंते ! कण्हराईसु गेहा ति वा, गेहावणा इ वा ?

[उ.] नो इणट्ठे समट्ठे।

२२. [प्र.] अत्थि णं भंते ! कण्हराईसु गामा इ वा ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे।

२३. [प्र. १] अत्थि णं भंते ! कण्हराईसु ओराला बलाहया संसेयंति सम्मुच्छंति वासं वासंति ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. २] तं भंते ! किं देवो पकरेइ, असुरो पकरेइ, नागो पकरेइ ?

[उ.] गोयमा ! देवो पकरेइ, नो असुरो, नो नागो य।

२१. [प्र.] भगवन् ! क्या कृष्णराजियो मे गृह है अथवा गृहापण है ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नही है।

२२. [प्र.] भगवन् ! क्या कृष्णराजियो मे ग्राम आदि है ?

[उ.] यह अर्थ समर्थ नही है।

२३. [प्र. १] भगवन् ! क्या कृष्णराजियो मे उदार (विशाल) महामेघ सस्वेद को प्राप्त होते है, सम्मूर्च्छित होते है और वर्षा बरसाते है ?

[उ. १] हाँ, गौतम ! कृष्णराजियो मे ऐसा होता है।

[प्र. २] भगवन् ! क्या इन सबको देव करता है, असुर (कुमार) करता है अथवा नाग (कुमार) करता है ?

[उ. २] गौतम ! (वहाँ यह सब) देव ही करता है, किन्तु न असुर (कुमार) करता है और न नाग (कुमार) करता है।

21. [Q.] *Bhante* ! Are there houses or shops (*grihapan*) in *krishna-rajis*

[Ans.] Gautam ! It is not so

22. [Q.] *Bhante* ! Are there villages. and so on up to . *sannivesh* (temporary settlement) in *krishna-rajis* ?

[Ans.] Gautam ! It is not so

23. [Q. 1] *Bhante* ! In *krishna-rajis* do great clouds accumulate moisture, form into rain-clouds and cause shower ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is so

[Q. 2] *Bhante* ! Is it (aforesaid activities of clouds) done by a *Dev*, *Asur* or *Naag* (classes of divine beings) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is done by a *Dev* only and not by an *Asur* or a *Naag*

२४. [प्र] अत्थि णं भंते ! कण्हराईसु बादरे थणियसद्दे ?

[उ.] जहा ओराला (सु. २३) तहा।

२४. [प्र] भगवन् ! क्या कृष्णराजियो मे बादर स्तनित शब्द है ?

[उ] गौतम ! जिस प्रकार उदार मेघो के विषय मे कहा है, उसी प्रकार इनका भी कथन करना चाहिए। (अर्थात्-कृष्णराजियो मे बादर स्तनित शब्द है और उसे देव करता है, किन्तु असुरकुमार या नागकुमार नही करता।)

24. [Q. 1] *Bhante* ! In *krishna-rajis* is there loud thundering sound ?

[Ans.] What has been said about clouds should be repeated here (It is done by a *Dev* only and not by an *Asur* or a *Naag*)

२५. [प्र] अत्थि णं भंते ! कण्हराईसु बादरे आउकाए, बादरे अगणिकाए, बायरे वणस्सइकाए ?

[उ] णो इणट्ठे समट्ठे, णऽण्णत्थ विग्गहगतिसमावन्नएण।

२५. [प्र] भगवन् ! क्या कृष्णराजियो मे बादर अप्काय बादर अग्निकाय और बादर वनस्पतिकाय है ?

[उ] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नही है। यह निषेध विग्रहगतिसमापन्न जीवो के विषय मे नही है।

25. [Q.] *Bhante* ! Do *krishna-rajis* contain gross (*baadar*) earth-bodies and gross fire-bodies ?

[Ans.] Gautam ! That is not so. However, this negation is not for bodies with oblique movement (*vigrahagati samapanna*)

२६. [प्र.] अत्थि ण भंते ! कण्हराईसु चदिम-सूरिय० ४ ?

[उ.] णो इणट्ठेसयट्ठे।

२७. [प्र] अत्थि णं कण्हराईसु चंदाभा ति वा २?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे।

२६. [प्र] भगवन् ! क्या कृष्णराजियो मे चन्द्रमा, सूर्य, ग्रहगण, नक्षत्र और तारारूप है ?

[उ] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नही है।

२७ [प्र.] भगवन् ! क्या कृष्णराजियो मे चन्द्र की कान्ति या सूर्य की कान्ति (आभा) है ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नही है।

26. [Q.] Do *krishna-rajis* have formations like moon, sun, planets, constellations and stars ?

[Ans.] Gautam ! It is not so

27. [Q.] *Bhante* ! Do *krishna-rajis* have glow like the moon or the sun ?

[Ans.] Gautam ! It is not so

२८. [प्र.] कण्हराईओ णं भंते केरिसियाओ वण्णेणं पन्नत्ताओ ?

[उ.] गोयमा ! कालाओ जाव खिप्पामेव वीईवएज्जा।

२८ [प्र] भगवन् ! कृष्णराजियो का वर्ण कैसा है ?

[उ] गौतम ! कृष्णराजियो का वर्ण काला है, यह काली कान्ति वाली है, यावत् परम कृष्ण (एकदम काला) है। तमस्काय की तरह अतीव भयकर होने से इसे देखते ही देव क्षुब्ध हो जाता है, यावत् अगर कोई देव (साहस करके इनमे प्रविष्ट हो जाये, तो भी वह) शीघ्र गति से झटपट इसे पार कर जाता है।

28. [Q.] *Bhante* ! What is the appearance (colour) of *krishna-rajis* ?

[Ans.] Gautam ! In appearance *krishna-rajis* are black . and so on up to deep black They are as horrifying as *Tamaskaaya* and so on up to if a god enters these he rushes out with great speed

२९. [प्र.] कण्हराईणं भंते ! कति नामधेज्जा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! अट्ठ नामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा—कण्हराई इ वा, मेहराई इ वा, मघा इ वा, माघवती इ वा, वातफलिहे इ वा, वातपलिक्खोभे इ वा, देवफलिहा इ वा, देवपलिक्खोभा इ वा।

२९. [प्र] भगवन् कृष्णराजियो के कितने नाम है ?

[उ] गौतम ! कृष्णराजियो के आठ नाम है। यथा–(१) कृष्णराजि, (२) मेघराजि, (३) मघा, (४) माघवती, (५) वातपरिघा, (६) वातपरिक्षोभा, (७) देवपरिघा, और (८) देवपरिक्षोभा।

29. [Q.] *Bhante* ! How many names *krishna-rajis* have ?

[Ans.] Gautam ! *Krishna-rajis* have eight names—(1) *Krishna-raji*, (2) *Megh-raji*, (3) *Maghaa*, (4) *Maaghavati*, (5) *Vaat-parigha*, (6) *Vaat-parikshobh*, (7) *Devaparigha* and (8) *Devaparikshobh*

३०. [प्र.] कण्हराईओ णं भंते ! किं पुढविपरिणामाओ, आउपरिणामाओ, जीवपरिणामाओ, पुग्गलपरिणामाओ ?

[उ.] **गोयमा ! पुढविपरिणामाओ, नो आउपरिणामाओ, जीवपरिणामाओ वि, पुग्गलपरिणामाओ वि।**

३०. [प्र.] भगवन् ! क्या कृष्णराजियाँ पृथ्वी के परिणामरूप है, जल के परिणामरूप है, या जीव के परिणामरूप है, अथवा पुद्गलो के परिणामरूप है ?

[उ.] गौतम ! कृष्णराजियाँ पृथ्वी के परिणामरूप है, किन्तु जल के परिणामरूप नही है, वे जीव के परिणामरूप भी है और पुद्गलो के परिणामरूप भी है।

30. [Q.] *Bhante* ! Are *krishna-rajis* derivatives of earth, derivatives of water, derivatives of *jiva* (life force or soul) or derivatives of matter ?

[Ans.] Gautam ! *Krishna-rajis* are derivatives of earth and not derivatives of water, but are derivatives of *jiva* (life force or soul) as well as derivatives of matter

३१. [प्र.] कण्हराईसु ण भते ! सव्वे पाणा भूया जीवा सत्ता उववन्नपुव्वा ?

[उ.] हता, गोयमा ! असइं अदुवा अणंतखुत्तो, नो चेव णं बादरआउकाइयत्ताए, बादरअगणिकाइयत्ताइ, बादरवणस्सइकाइयत्ताए वा।

३१. [प्र.] भगवन् ! क्या कृष्णराजियो मे सभी प्राण, भूत, जीव और सत्त्व पहले उत्पन्न हो चुके है ?

[उ.] हॉ, गौतम ! सभी प्राण, भूत, जीव और सत्त्व कृष्णराजियो मे अनेक बार अथवा अनन्त बार उत्पन्न हो चुके है, किन्तु बादर अप्काय रूप से, बादर अग्निकाय रूप से और बादर वनस्पतिकाय रूप से उत्पन्न नही हुए है।

31. [Q.] *Bhante* ! Have all beings (*praan*), organisms (*bhoot*), souls (*jiva*), and entities (*sattva*) been born earlier in *krishna-rajis* ?

[Ans.] Yes, Gautam ! All these have been born many times or infinite times but never in the form of gross water-bodies, gross fire-bodies or gross plant-bodies

विवेचन **आठ नामो की व्याख्या—कृष्णराजि** = काले वर्ण की पृथ्वी और पुद्गलो के परिणामरूप होने से काले पुद्गलो की राजि = रेखा। **मेघराजि** = काले मेघ की रेखा के सदृश। **मघा** = छठी नरक के समान अन्धकार वाली। **माघवती** = सातवी नरक के समान गाढान्धकार वाली। **वातपरिघा** = आँधी के समान अन्धकार वाली और दुर्लंघ्य। **वातपरिक्षोभा** = आँधी के समान अन्धकार वाली और क्षोभजनक। **देवपरिघा** = देवो के लिए दुर्लंघ्य खाई के सदृश। **देवपरिक्षोभा** = देवो को क्षुब्ध करने वाली।

Elaboration—The eight names—Krishna-raji=row of black matter particles derived from black earth matter **Megh-raji** = resembling a row of black clouds **Maghaa** = dark like the sixth hell named Maghaa

Maaghavati = intensely dark like the seventh hell **Vaat-parigha** = dark and impassable like a storm **Vaat-parikshobh** = dark and tormenting like a storm. **Devaparigha** = like a gorge impassable even for gods **Devaparikshobh** = tormenting even for gods

३२. एयासिं णं अट्ठण्ह कण्हराईणं अट्ठसु ओवासंतरेसु अट्ठ लोगंतियविमाणा पण्णत्ता, तं जहा– अच्ची, अच्चिमाली, वइरोयणे, पभंकरे, चंदाभे, सूराभे, सुक्काभे, सुपतिट्ठाभे, मज्झे रिट्ठाभे।

३२. इन (पूर्वोक्त) आठ कृष्णराजियो के आठ अवकाशान्तरो मे आठ लोकान्तिक विमान है। यथा–(१) अर्चि, (२) अर्चिमाली, (३) वैरोचन, (४) प्रभकर, (५) चन्द्राभ, (६) सूर्याभ, (७) शुक्राभ, और (८) सुप्रतिष्ठाभ। इन सबके मध्य मे रिष्टाभ विमान है।

32. In the eight intervening (*avakashantar*) areas between the (aforesaid) eight *krishna-rajis* there are eight *Lokantik Vimaans* (celestial vehicles at the edge of the universe) — (1) Archi, (2) Archimali, (3) Vairochan, (4) Prabhankar, (5) Chandraabh, (6) Suryaabh, (7) Shukraabh and (8) Supratishtaabh At the center of all these is the Rishtaabh Vimaan

३३. [प्र.] कहि णं भंते ! अच्ची विमाणे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! उत्तरपुरत्थिमेणं।

३४. [प्र.] कहि णं भंते ! अच्चिमाली विमाणे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! पुरत्थिमेणं।

३५. [प्र.] एवं परिवाडीए नेयव्वं जाव कहि णं भंते ! रिट्ठे विमाणे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! बहुमज्झदेसभागे।

३३. [प्र.] भगवन् ! अर्चि विमान कहाँ है ?

[उ.] गौतम ! अर्चि विमान उत्तर और पूर्व के बीच मे है।

३४. [प्र.] भगवन् ! अर्चिमाली विमान कहाँ है ?

[उ.] गौतम ! अर्चिमाली विमान पूर्व मे है।

३५. [प्र.] इसी क्रम (परिपाटी) से सभी विमानो के विषय मे जानना चाहिए। यावत्–हे भगवन् ! रिष्ट विमान कहाँ बताया गया है ?

[उ.] गौतम ! रिष्ट विमान बहुमध्यभाग (सबके मध्य) मे है।

33. [Q.] Where is the Archi Vimaan ?

[Ans.] Archi Vimaan is in the north-east

34. [Q.] Where is the Archimali Vimaan ?

[Ans.] Archimali Vimaan is in the east

35. [Q.] In this order the directions of all the Vimaans should be known and so on up to *Bhante* ! Where is the Risht Vimaan ?

[Ans.] Gautam ! Rishtaabh Vimaan is at the center of all these

३६. एएसु णं अट्ठसु लोगंतियविमाणेसु अट्ठविहा लोगंतिया देवा परिवसंति, तं जहा–

सारस्सयमाइच्चा वण्ही वरुणा य गद्दतोया य।
तुसिया अव्वाबाहा अग्गिच्चा चेव रिट्ठा य॥१॥

३६. इन आठ लोकान्तिक विमानो मे अष्टविध (आठ जाति के) लोकान्तिक देव निवास करते है। जैसे–

(१) सारस्वत, (२) आदित्य, (३) वह्नि, (४) वरुण, (५) गर्दतोय, (६) तुषित, (७) आग्नेय, और (८) रिष्ट देव (बीच मे)।

36. In these eight *Lokantik Vimaans* reside eight classes of Lokantik Devs (gods of the edge of the universe)—

(1) Saarasvat, (2) Aditya, (3) Vahni, (4) Varun, (5) Gardatoya, (6) Tushit, (7) Aagneya and (8) Risht (at the center)

३७. [प्र.] कहि णं भंते ए सारस्सता देवा परिवसंति ?

[उ] गोयमा ! अच्चिम्मि विमाणे परिवसंति।

३८. [प्र] कहि णं भते ! आदिच्चा देवा परिवसति ?

[उ.] गोयमा ! अच्चिमालिम्मि विमाणे०।

३९. [प्र.] एव नेयव्व जहाणुपुव्वीए जाव कहि णं भते ! रिट्ठा देवा परिवसंति ?

[उ.] गोयमा ! रिट्ठम्मि विमाणे।

३७. [प्र.] भगवन् ! सारस्वत देव कहाँ रहते है ?

[उ] गौतम ! सारस्वत देव अर्चि विमान मे रहते है।

३८. [प्र] भगवन् ! आदित्य देव कहाँ रहते है ?

[उ] गौतम ! आदित्य देव अर्चिमाली विमान मे रहते है।

३९. [प्र.] इस प्रकार अनुक्रम से यावत् रिष्ट विमान तक जान लेना चाहिए कि भगवन् ! रिष्ट देव कहाँ रहते है ?

[उ.] गौतम ! रिष्ट देव रिष्ट विमान मे रहते है।

37. [Q.] *Bhante* ! Where do the Saarasvat Devs live ?

[Ans.] Gautam ! Saarasvat Devs live in the Archi Vimaan

38. [Q.] *Bhante* ! Where do the Aditya Devs live ?

[Ans.] Gautam ! Aditya Devs live in the Archimali Vimaan

39. [Q.] In this order the *vimaans* of all the (aforesaid) gods should be known. and so on up to *Bhante* ! Where do the Risht Devs live ?

[Ans.] Gautam ! Risht Devs live in the Risht Vimaan

४०. [प्र. १] सारस्सय–माइच्चाणं भंते ! देवाणं कइ देवा, कइ देवसया पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! सत्त देवा, सत्त देवसया परिवारो पण्णत्तो।

[२] वण्ही–वरुणाणं देवाणं चउद्दस देवा, चउद्दस देवसहस्सा परिवारो पण्णत्तो।

[३] गद्दतोय–तुसियाणं देवाणं सत्त देवा, सत्त देवसहस्सा परिवारो पण्णत्तो।

[४] अवसेसाण नव देवा, नव देवसया परिवारो पण्णत्ता।

पढमजुगलम्मि सत्त उ सयाणि बीयम्मि चोद्दस सहस्सा।
ततिए सत्त सहस्सा नव चेव सयाणि सेसेसु॥ ३॥

४०. [प्र १] भगवन् ! सारस्वत और आदित्य, इन दो देवो के कितने देव है और कितने सौ देवो का परिवार है ?

[उ.] गौतम ! सारस्वत और आदित्य, इन दो देवो के सात देव (स्वामी) है और इनके ७०० देवो का परिवार है।

[२] वह्नि और अरुण, इन दो देवो के १४ देव स्वामी और १४ हजार देवो का परिवार है।

[३] गर्दतोय और तुषित देवो के ७ देव स्वामी और ७ हजार देवो का परिवार है।

[४] शेष (अव्याबाध, आग्नेय और रिष्ट, इन) तीनो देवो के नौ देव स्वामी और ९०० देवो का परिवार है।

(गाथार्थ–) प्रथम युगल मे ७००, दूसरे युगल मे १४,००० देवो का परिवार, तीसरे युगल मे ७,००० देवो का परिवार और शेष तीन देवो के ९०० देवो का परिवार है।

40. [Q. 1] *Bhante* ! How many are the divine overlords and families of divine subjects among the gods of the two classes Saaraswat and Aditya ?

[Ans.] Gautam ! In the two classes Saaraswat and Aditya there are seven overlord gods and a family of 700 gods

[2] In the two classes Vahni and Varun there are fourteen overlord gods and a family of 14, 000 gods.

[3] In the two classes Gardatoya and Tushit there are seven overlord gods and a family of 7000 gods

[4] In the remaining three classes (Avyabadh, Agneya and Risht) there are nine overlord gods and a family of 900 gods

Verse—First pair has family of 700 gods, second pair has that of 14000 gods, third pair has that of 7000 gods, and the remaining three classes has family of 900 gods

४१. [प्र १] लोगतियविमाणा ण भंते ! किंपइट्ठिआ पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! वाउपइट्ठिया पण्णत्ता।

४१. [प्र. १] भगवन् ! लोकान्तिक विमान किसके आधार पर (स्थित) है ?

[उ] गौतम ! लोकान्तिक विमान वायुप्रतिष्ठित (वायु के आधार पर रहे हुए) है।

41. [Q. 1] *Bhante* ! On what rest *Lokantik Vimaans* ?

[Ans.] Gautam ! *Lokantik Vimaans* rest on air

[२] एवं नेयव्वं-'विमाणाणं पइट्ठाणं बाहल्लुच्चत्तमेव संठाणं', बंभलोयवत्तव्वया नेयव्वा जाव हंता गोयमा ! असइ अदुवा अणंतखुत्तो, नो चेव णं देवत्ताए।

[२] इस प्रकार-जिस तरह विमानो का प्रतिष्ठान, विमानो का बाहल्य, विमानो की ऊँचाई और विमानो के सस्थान आदि का वर्णन, जीवाभिगमसूत्र के देव-उद्देशक मे ब्रह्मलोक की वक्तव्यता मे कहा है, तदनुसार यहाँ भी कहना चाहिए, यावत्-हाँ, गौतम ! सभी प्राण, भूत, जीव और सत्त्व यहाँ अनेक बार और अनन्त बार पहले उत्पन्न हो चुके है, किन्तु लोकान्तिक विमानो मे देवरूप मे उत्पन्न नही हुए।

[2] In the same way the details about the situation (*pratishthaan*), dimensions, height and structure etc should be mentioned according to that about Brahmalok given in the chapter titled *Dev* in *Jivabhigam Sutra* and so on up to Gautam ! All beings (*praan*), organisms (*bhoot*), souls (*jiva*), and entities (*sattva*) have been born many times or infinite times but never in the form of divine beings in the *Lokantik Vimaans*

४२. [प्र.] लोगंतिगविमाणेसु लोगंतियदेवाणं भंते ! केवइयं कालं ठिती पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! अट्ठ सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

४२. [प्र.] भगवन् ! लोकान्तिक विमानो मे देवो की कितने काल की स्थिति है ?

[उ.] गौतम ! लोकान्तिक विमानो मे आठ सागरोपम की स्थिति है।

42. [Q.] *Bhante* ! What is the life-span of gods in *Lokantik Vimaans* ?

[Ans.] Gautam ! The life-span of gods in *Lokantik Vimaans* is eight *Sagaropam* (a metaphoric unit of time)

४३. [प्र.] लोगंतियविमाणेहिं णं भंते ! केवइयं अबाहाए लोगंते पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! असंखेज्जाइं जोयणसहस्साइं अबाहाए लोगंते पण्णत्ते।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति.।

॥ छट्ठ सए : पंचमो उद्देसओ समत्तो ॥

४३. [प्र.] भगवन् ! लोकान्तिक विमानो से लोकान्त कितना दूर है ?

[उ.] गौतम ! लोकान्तिक विमानो से असख्येय हजार योजन दूर लोकान्त है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है,' इस प्रकार कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरण करने लगे।

43. [Q.] *Bhante* ! How far is the edge of the universe from the *Lokantik Vimaans* ?

[Ans.] Gautam ! The edge of the universe is innumerable thousand Yojans away from the *Lokantik Vimaans*

"*Bhante* ! Indeed that is so Indeed that is so "With these words and so on up to ascetic Gautam resumed his activities

विवेचन सूत्र १ से १६ तक तमस्काय का वर्णन है, तथा १७ से ४३ तक कृष्णराजि का। दोनो मे कुछ समानताएँ है, कुछ भिन्नताएँ है।

समानता निम्न है–(१) दोनो का वर्ण काला, भयजनक परम कृष्ण है।

(२) दोनो मे ही रिक्त स्थान है, वहाँ घर है, न ही ग्राम आदि।

भिन्नताएँ–(१) दोनो का परिमाण तथा परिधि भिन्न-भिन्न है।

(२) तमस्काय मुख्य रूप से अप्कायिक (जल) है, जबकि कृष्णराजि मुख्यत पृथ्वीकायिक (पृथ्वी) है।

(३) तमस्काय मे बादर पृथ्वीकाय, बादर अग्निकाय नही है। कृष्णराजि मे बादर अप्काय, बादर अग्निकाय और बादर वनस्पतिकाय नही है।

लोकान्तिक देव ब्रह्मलोक नामक पचम देवलोक के पास लोक के किनारे पर रहते है, इसलिए इन्हे लोकान्तिक कहते है। अथवा ये ससार रूप लोक के अन्त (करने मे) करने मे निकट है, क्योकि ये सब स्वामी देव एकभवावतारी (एक भव के पश्चात् मोक्षगामी) होते है, इसलिए भी इन्हे लोकान्तिक कहते है।

इन विमानो का वर्ण लाल, पीला और श्वेत होता है, ये प्रकाशयुक्त, इष्ट वर्ण-गन्धयुक्त एव सर्वरत्नमय होते है। इन विमानो के निवासी देव समचतुरस्र सस्थान वाले, पद्मलेश्यायुक्त एव सम्यग्दृष्टि होते है। (जीवाभिगमसूत्र द्वितीय वैमानिक उद्देशक)

॥ छठा शतक · पंचम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—Aphorisms 1 to 16 contain information about *Tamaskaaya* and aphorisms 17 to 43 about *krishna-rajis*. These two have some similarities and some differences—

Similarities—(1) The appearance of both is black, terrifying pitch black (2) Both have only empty space where neither houses nor inhabited places exist

Differences—(1) The spread and circumferences of the two differ (2) *Tamaskaaya* is mainly *apkaayik* (water-bodied) and *krishna-rajis* are mainly *prithvi-kaayik* (earth-bodied) (3) *Tamaskaaya* does not contain gross earth-bodies and gross fire-bodies *Krishna-rajis* do not contain gross water-bodies, gross fire-bodies and gross plant-bodies

Lokantik gods live at the edge of the universe (*lokant*) near the fifth divine realm called Brahmalok, that is why they are called *Lokantik* Also, the overlords of these gods are destined to be liberated after just one rebirth Thus they are about to end the cycles of rebirth in the *Lok* That is another reason they are called *Lokantik*

The colour of these *vimaans* is red, yellow and white They are illuminated, have pleasant appearance and smell and are embellished with all kinds of gems The gods residing there have perfect body constitution (*sam-chaturasra samsthan*), *Padma leshya* (yellow soul-complexion) and are righteous (*Jivabhigam Sutra, chapter 2, Vaimanik*)

● END OF THE FIFTH LESSON OF THE SIXTH CHAPTER ●

छठा शतक : छठा उद्देशक
SIXTH SHATAK (Chapter Six) : SIXTH LESSON

भव्य BHAVYA (WORTHY OF LIBERATION)

पृथ्वियाँ और अनुत्तर विमान **HELLS AND ANUTTAR VIMAAN**

१. [प्र. १] कइ णं भंते ! पुढवीओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] गोयमा ! सत्त पुढवीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–रयणप्पभा जाव तमतमा।

१. [प्र १] भगवन् ! पृथ्वियाँ कितनी है ?

[उ] गौतम ! पृथ्वियाँ सात है। यथा–रत्नप्रभा यावत् [शर्कराप्रभा, वालुकाप्रभा, पकप्रभा, धूमप्रभा, तम प्रभा] तमस्तम प्रभा।

1. [Q. 1] *Bhante* ! How many hells (*prithvi*) are there ?

[Ans.] Gautam ! There are seven hells—Ratnaprabha and so on up to (Sharkaraprabha, Balukaprabha, Pankaprabha, Dhoom-prabha, Tamah-prabha and) Tamstamah-prabha

[२] रयणप्पभाईणं आवासा भाणियव्वा जाव अहेसत्तमाए। एवं जे जत्तिया आवासा ते भाणियव्वा जाव।

[२] रत्नप्रभा पृथ्वी से लेकर अध सप्तमी (तमस्तम प्रभा) पृथ्वी तक, जिस पृथ्वी के जितने आवास हो, उतने कहने चाहिए यावत्।

[2] From Ratnaprabha Prithvi to Adhah-saptami (Tamstamah-prabha) the number of abodes in each hell respectively should be mentioned

२. [प्र.] कइ णं भते ! अणुत्तरविमाणा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! पंच अणुत्तरविमाणा पण्णत्ता, तं जहा–विजए जाव सव्वट्ठसिद्धे।

२. [प्र.] भगवन् ! अनुत्तर विमान कितने है ?

[उ.] गौतम ! पाँच अनुत्तरविमान है। यथा–विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थसिद्ध विमान।

2. [Q.] *Bhante* ! How many Anuttar Vimaans are there ?

[Ans.] Gautam ! There are five Anuttar Vimaans (matchless celestial vehicles or divine realms)—Vijaya, Vaijayant, Jayant, Aparajit and Sarvarthasiddha Vimaan

३. [प्र.] जीवे णं भंते ! मारणंतियसमुग्घाएणं समोहए, समोहणित्ता जे भविए इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु अन्नयरंसि निरयावासंसि नेरइयत्ताए उववज्जित्तए से णं भंते ! तत्थगए चेव आहारेज्ज वा, परिणामेज्ज वा, सरीरं वा बंधेज्जा ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइए तत्थगए चेव आहारेज्ज वा, परिणामेज्ज वा, सरीरं वा बंधेज्जा, अत्थेगइए तओ पडिनियत्तित्ता, इहमागच्छइ, आगच्छित्ता दोच्चं पि मारणंतियसमुग्घाएणं समोहणइ, समोहणित्ता इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु अन्नयरंसि निरयावासंसि नेरइयत्ताए उववज्जित्तए तओ पच्छा आहारेज्ज वा परिणामेज्ज वा सरीरं वा बंधेज्जा। एवं जाव अहेसत्तमा पुढवी।

३. [प्र.] भगवन् ! जो जीव मारणान्तिक समुद्घात से समवहत हुआ (समुद्घात किया) है और समवहत होकर इस रत्नप्रभा पृथ्वी के तीस लाख नारकावासो मे से किसी एक नारकावास मे नैरयिक रूप मे उत्पन्न होने के योग्य है, भगवन् ! क्या वह वहाँ जाकर आहार करता है ? आहार को परिणमाता है ? और शरीर बॉधता है ?

[उ.] गौतम ! कोई जीव वहाँ जाकर ही आहार करता है, आहार को परिणमाता है या शरीर बाँधता है, और कोई जीव वहाँ जाकर वापस लौटता है, वापस लौटकर यहॉ आता है। यहॉ आकर वह फिर दूसरी बार मारणान्तिक समुद्घात द्वारा समवहत होता है। समवहत होकर इस रत्नप्रभापृथ्वी के तीस लाख नारकावासो मे से किसी एक नारकावास मे नैरयिक रूप से उत्पन्न होता है। इसके पश्चात् आहार ग्रहण करता है, परिणमाता है और शरीर बॉधता है। इसी प्रकार यावत् अध सप्तमी (तमस्तम प्रभा) पृथ्वी तक कहना चाहिए।

3. [Q.] *Bhante* ! When a soul (*jiva*) having undergone *maranantik samudghat* (bursting forth of some soul-space-points before the moment of death) is destined to be born as an infernal being in any one of the three million hell-abodes, on reaching there does this soul have food intake, does it transform that food and does it take a body ?

[Ans.] Gautam ! On reaching there, some soul (*jiva*) has food intake, it transforms that food and it takes a body, while some other soul goes there, returns and once again undergoes *maranantik samudghat* After this it is born as an infernal being in any one of the three million hell-abodes After that it has food intake, it transforms that food and it takes a body The same should be repeated for all hells up to Adhah-saptami (Tamstamah-prabha)

४. [प्र.] जीवे णं भंते ! मारणंतियसमुग्घाएणं समोहए, समोहणित्ता जे भविए चउसट्ठीए असुरकुमारावाससयसहस्सेसु अन्नयरंसि असुरकुमारावासंसि असुरकुमारत्ताए उववज्जित्तए।

[उ.] जहा नेरइया तहा भाणियव्वा जाव थणियकुमारा।

४. [प्र.] भगवन् ! जो जीव मारणान्तिक समुद्घात से समवहत हुआ है और समवहत होकर असुरकुमारो के चौसठ लाख आवासो मे से किसी एक आवास मे उत्पन्न होने के योग्य है, क्या वह जीव वहाँ जाकर ही आहार करता है ? उस आहार को परिणमाता है और शरीर बाँधता है ?

[उ.] गौतम ! जिस प्रकार नैरयिको के विषय मे कहा, उसी प्रकार असुरकुमारो के विषय मे, यावत् स्तनितकुमारो तक कहना चाहिए।

4. **[Q.]** *Bhante* ! When a soul (*jiva*) having undergone *maranantik samudghat* is destined to be born as a divine being in any one of the 6 4 million abodes of Asur Kumar gods, on reaching there does this soul have food intake, does it transform that food and does it take a body ?

[Ans.] Gautam ! What has been stated about infernal beings should be repeated for Asur Kumar gods and so on up to Stanit Kumar gods

५. [प्र. १] जीवे णं भंते ! मारणंतियसमुग्घाएणं समोहए, समोहणित्ता जे भविए असंखेज्जेसु पुढविकाइयावाससयसहस्सेसु अन्नयरंसि पुढविकाइयावासंसि पुढविकाइयत्ताए उववज्जित्तए से णं भंते ! मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं केवइयं गच्छेज्जा, केवइयं पाउणेज्जा ?

[उ.] गोयमा ! लोयंतं गच्छेज्जा, लोयंतं पाउणिज्जा।

५. [प्र. १] भगवन् ! जो जीव मारणान्तिक समुद्घात से समवहत हुआ है, और समवहत होकर असख्येय लाख पृथ्वीकायिक आवासो मे से किसी एक पृथ्वीकायिक आवास मे पृथ्वीकायिक रूप से उत्पन्न होने के योग्य है, भगवन् ! वह जीव मदर (मेरु) पर्वत से पूर्व मे कितनी दूर जाता है ? और कितनी दूरी को प्राप्त करता है ?

[उ.] हे गौतम ! वह लोकान्त तक जाता है और लोकान्त को प्राप्त करता है।

5. **[Q. 1]** *Bhante* ! When a soul (*jiva*) having undergone *maranantik samudghat* is destined to be born as a divine being in any one of the innumerable million abodes of earth-bodied beings, *Bhante* ! What distance to the east of Mandar (Meru) mountain does it cover and how far does it reach ?

[Ans.] Gautam ! It goes up to the edge of the universe (*Lokaant*) and reaches the edge of the universe

[प्र. २] से णं भंते ! तत्थगए चेव आहारेज्ज वा, परिणामेज्ज वा, सरीरं वा बंधेज्जा ?

[उ] गोयमा ! अत्थेगइए तत्थगएचेव आहारेज्ज वा, परिणामेज्ज वा, सरीरं वा बंधेज्ज, अत्थेगइए तओ पडिनियत्तइ, पडिनियत्तित्ता इहमागच्छइ, आगच्छित्ता दोच्चं पि मारणंतियसमुग्घाएणं समोहणइ, समोहणित्ता मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागमेत्तं वा संखेज्जइभागमेत्तं वा, वालग्गं वा, वालग्गपुहुत्तं वा एव लिक्ख जूयं जवं अंगुलं जाव जोयणकोडिं वा, जोयणकोडाकोडिं वा, संखेज्जेसु वा असंखेज्जेसु वा जोयणसहस्सेसु, लोगते वा एगपएसियं सेढिं मोत्तूण असंखेज्जेसु पुढविकाइयावाससहसहस्सेसु अन्नयरसि पुढविकाइयावासंसि पुढविकाइयत्ताए उववज्जेत्ता तओ पच्छा आहारेज्ज वा, परिणामेज्ज वा, सरीर वा बधेज्जा।

[३] जहा पुरत्थिमेणं मंदरस्स पव्वयस्स आलावगो भणिओ एवं दाहिणेणं, पच्चत्थिमेणं, उत्तरेणं, उड्ढे, अहे।

[प्र २] भगवन् ! क्या पृथ्वीकायिक जीव, वहाँ जाकर ही आहार करता है, आहार को परिणमाता है और शरीर बाँधता है ?

[उ] गौतम ! कोई जीव, वहाँ जाकर ही आहार करता है। उस आहार को परिणमाता है और शरीर बाँधता है, और कोई जीव वहाँ जाकर वापस लौटता है, वापस लौटकर यहाँ आता है, यहाँ आकर फिर दूसरी बार मारणान्तिक समुद्घात से समवहत होता है। समवहत होकर मेरु पर्वत के पूर्व मे अगुल के असख्येय भागमात्र, या सख्येय भागमात्र, या बालाग्र, अथवा बालाग्र पृथक्त्व (दो से नौ तक बालाग्र), इसी तरह लीख, जूँ, यव, अगुल यावत् कोटि योजन, कोटाकोटि योजन, सख्येय हजार योजन और असख्येय हजार योजन मे, अथवा एक प्रदेशात्मक श्रेणी को छोडकर लोकान्त मे पृथ्वीकाय के असख्य लाख आवासो मे से किसी आवास मे पृथ्वीकायिक रूप से उत्पन्न होता है और उसके पश्चात् आहार करता है, उस आहार को परिणमाता है और शरीर बाँधता है।

[३] जिस प्रकार मेरु पर्वत की पूर्व दिशा के विषय मे कथन किया गया है, उसी प्रकार से दक्षिण, पश्चिम, उत्तर, ऊर्ध्व और अधोदिशा के सम्बन्ध मे कहना चाहिए।

[Q. 2] *Bhante* ! On reaching there does this earth-bodied being have food intake, does it transform that food and does it take a body ?

[Ans.] Gautam ! On reaching there some soul (*jiva*) has food intake, it transforms that food and it takes a body While some other soul goes there, returns and once again undergoes *maranantik samudghat* After this it is born as an earth-bodied being in any one of the innumerable million abodes of earth-bodied beings to the east of Meru mountain located at a distance of innumerable fraction of an Angul, or countable fraction of an Angul, or Baalaagra (hair-tip), or Baalaagra *prithakatva* (two to nine Baalaagras), or Leekh, or Joon, or Yava, or Angul and so on up to billion Yojans, or billion-billion Yojans or at Lokaant except for

a single space-point row After that it has food intake, it transforms that food and it takes a body

[3] What has been stated for the area east of Meru mountain should be repeated for south, west, north, above and below of Meru mountain

६. जहा पुढविकाइया तहा एगिंदियाणं सव्वेसिं एक्केक्कस्स छ आलावगा भाणियव्वा।

६. जिस प्रकार पृथ्वीकायिक जीवो के विषय मे कहा है, उसी प्रकार से सभी एकेन्द्रिय जीवो के विषय मे कहना चाहिए। एक-एक के छह-छह आलापक कहने चाहिए।

6. What has been said about earth-bodied beings should be repeated for all one-sensed beings Six statements each

७. [प्र] जीवे णं भंते ! मारणंतियसमुग्घाएणं समोहइ, समोहणित्ता जे भविए असंखेज्जेसु बेइदियावाससयसहस्सेसु अन्नतरंसि बेइंदियावासंसि बेइंदियत्ताए उववज्जित्तए से णं भंते तत्थगते चेव० !

[उ] जहा नेरइया। एवं जाव अणुत्तरोववाइया।

७. [प्र] भगवन् ! जो जीव, मारणान्तिक समुद्घात से समवहत हुआ है और समवहत होकर द्वीन्द्रिय जीवो के असख्येय लाख आवासो मे से किसी एक आवास मे द्वीन्द्रिय रूप मे उत्पन्न होने वाला है, भगवन् ! क्या वह जीव वहाँ जाकर ही आहार करता है, उस आहार को परिणमाता है, और शरीर बाँधता है ?

[उ] गौतम ! जिस प्रकार नैरयिको के लिए कहा गया, उसी प्रकार द्वीन्द्रिय जीवो से लेकर अनुत्तरौपपातिक देवो तक सब जीवो के लिए कथन करना चाहिए।

7. [Q.] When a soul (*jiva*) having undergone *maranantik samudghat* is destined to be born as a two-sensed being in any one of the innumerable million abodes, on reaching there does this soul have food intake, does it transform that food and does it take a body ?

[Ans.] What has been said about infernal beings should be repeated for all beings starting from two-sensed beings and so on up to Anuttaropapatik gods

८. [प्र.] जीवे णं भंते ! मारणंतियसमुग्घाएणं समोहए, समोहणित्ता जे भविए एवं पंचसु अणुत्तरेसु महतिमहालएसु महाविमाणेसु अन्नयरंसि अनुत्तरविमाणंसि अणुत्तरोववाइयदेवत्ताए उववज्जित्तए, से णं भंते तत्थगए चेव !

[उ.] तं चेव जाव आहारेज्ज वा, परिणामेज्ज वा, सरीरं वा बंधेज्जा।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति।

॥ छट्ठे सए : छट्ठो उद्देसो समत्तो ॥

८. [प्र.] हे भगवन् ! जो जीव मारणान्तिक समुद्घात से समवहत हुआ है और समवहत होकर सबसे महान् महाविमानरूप पच अनुत्तरविमानो मे से किसी एक अनुत्तर विमान मे अनुत्तरौपपातिक देवरूप मे उत्पन्न होने वाला है, क्या वह जीव वहाँ जाकर ही आहार करता है, आहार को परिणमाता है और शरीर बाँधता है ?

[उ.] गौतम ! पहले कहा गया है, उसी प्रकार कहना चाहिए यावत् आहार करता है, उसे परिणमाता है और शरीर बाँधता है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् । यह इसी प्रकार है', ऐसा कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरण करते है।

8. **[Q.]** When a soul (*jiva*) having undergone *maranantik samudghat* is destined to be born as an Anuttaropapatik god in any one of the five great celestial vehicles called Anuttaropapatik Vimaans, on reaching there does this soul have food intake, does it transform that food and does it take a body ?

[Ans.] Gautam ! It is as stated before and so on up to it has food intake, it transforms that food and it takes a body

"Bhante ! Indeed that is so Indeed that is so "With these words and so on up to ascetic Gautam resumed his activities

विवेचन निष्कर्ष–एक जीवन मे मारणान्तिक समुद्घात (मरण के समय होने वाली आत्मा की उग्र क्रिया) का प्रयोग दो बार होता है-(१) कुछ जीव मारणातिक समुद्घात का प्रयोग करके अपने उत्पत्तिस्थान पर जन्म ले लेते है। जो जीव मारणान्तिक समुद्घात करके नरकावासादि मे अपने आगामी उत्पत्तिस्थान पर जाते है, उस काल मे उनमे से कोई एक जीव, जो समुद्घात-काल मे ही मरण प्राप्त हो जाता है, वह वहाँ मारणान्तिक समुद्घात करके पुन उत्पत्तिस्थान पर आता है, फिर आहारयोग्य पुद्गलो को ग्रहण करता है, तत्पश्चात् ग्रहण किये हुए उन पुद्गलो को पचाकर उनका खलरूप और रसरूप विभाग करता है। फिर पुद्गलो से शरीर की रचना करता है।

द्वीन्द्रिय आदि जीवो के आवासस्थान लोक के एक भाग मे है। एकेन्द्रिय के आवासस्थान सम्पूर्ण लोक मे है। इसलिए वे जीव लोकान्त तक उत्पन्न होते है। प्रत्येक जीव का आकाश के असख्य प्रदेशो मे अवगाहन होता है। इसलिए वह एक प्रदेशात्मक आकाश श्रेणी को छोडकर अनेक प्रदेशात्मक-असख्य प्रदेशात्मक आकाश श्रेणी मे उत्पन्न होता है। *(वृत्ति पत्राक २७३-२७४)*

